भोपाल
शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष–10
वर्ष : 12, अंक : 210
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 25
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा

# 3 नवंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ बढ़ाएगा तेज सर्दी

**दिन का पारा सामान्य से औसतन 8 डिग्री तक नीचे रहा**

**दो दिन पूर्वी और दक्षिण उत्तरी हिस्से भीगेंगे**



राजधानी की शाहपुरा झील का दृश्य, सुबह 7.45 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम का मिजाज ठंडा बना हुआ है। गुरुवार को भी अधिकांश जिलों में बादल, बौछारों और उत्तरी हवाओं के बीच दिन के तापमान में कमी आई। इससे सर्दी और बढ़ गई। शुक्रवार को अक्टूबर का अंतिम दिन है, जो ऐसे ही मौसम में बीतेगा। अब नवंबर का पहला सप्ताह भी बादल, बारिश और सर्द हवाओं के बीच बीतने वाला है। शुक्रवार से अगले एक सप्ताह तक केवल एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सुबह से शाम तक 12 जिलों में बौछारें

गुरुवार को सुबह से शाम तक सतना, रीवा, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर और उज्जैन में नर्मदापुरम संभाग, जबलपुर संभाग, सागर संभाग के कुल 12 से अधिक जिलों में बारिश, बूंदाबांदी का असर रहा। इटारसी में तेज बारिश रही। दतिया में सर्वाधिक 36, जबलपुर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## जबलपुर में प्रारंभ हुई संघ की तीन दिवसीय अभा कार्यकारी मंडल की बैठक

# मातृभूमि के अनुयायी और वंदे मातरम को शिरोधार्य करने वाले सभी हिंदू ही

**देश भर में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन होंगे**

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यहां गुरुवार से शुरु हुई तीन दिवसीय अभा कार्यकारी मंडल की बैठक में शताब्दी वर्ष में होने वाले गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, सद्भाव बैठक, प्रमुख जन संगोष्ठी की तैयारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही विजयादशमी उत्सवों की समीक्षा की गई। इसमें वर्तमान परिस्थिति पर बैठक के आगामी दिनों ▶▶ शेष पेज 6 पर




प्रथम चित्र में संघ प्रमुख डॉ. भागवत एवं होसबाले, दूसरे चित्र में अन्य पदाधिकारी

### कुल 407 कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे

इस बैठक में संघ के सभी 6 सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, मुकुंदा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार व अतुल लिमये सहित अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं सभी 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं निमंत्रित कार्यकर्ताओं सहित कुल 407 कार्यकर्ता शामिल हैं। बैठक में देश के विभिन्न भागों में आई प्राकृतिक आपदाओं में समाज के सहयोग से स्वयंसेवकों ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नवागत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की व्यापक योजना बनेगी

बैठक में शताब्दी वर्ष पर अब तक हुए सभी आयोजनों पर चिंतन किया गया। संघ से जुड़ने वाले नवागत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की व्यापक योजना पर भी बैठक में विचार किया जाएगा। बैठक में बार-बार उद्वेलित होते समाज को सद्भाव बैठकों के माध्यम से व्यक्ति की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोगी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। प्रमुख-प्रबुद्ध जन गोष्ठी की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से उनके सकारात्मक विचारों और अनुभव को साझा किया जाएगा। ताकि राष्ट्र निर्माण में हरेक की भूमिका निहित हो सके।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ट्रंप का बना आधार कार्ड, एफआईआर



**मुंबई।** पुलिस ने एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पवार पर ट्रंप के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनाने और उसका इस्तेमाल फर्जी वोटर रजिस्टर करने का आरोप है। पवार ने कहा कि वह सिर्फ यह दिखा रहे थे कि आधार कार्ड सिस्टम में कितनी कमियां हैं।

### मंत्री सीतारमण के विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का विमान गुरुवार को खराब मौसम की चपेट में आ गया। इसके बाद भूटान जाने वाले इस विमान की सिलीगुड़ी में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक विमान में सीतारमण और उनका प्रतिनिधिमंडल सवार थे। अब शुक्रवार को भूटान जाएंगी।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की तबीयत बिगड़ी, भर्ती



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को अचानक अस्वस्थ हो गए। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें तत्काल इंदौर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह विजयवर्गीय अपने परिवार और कुछ बेहद करीबी लोगों के साथ हॉस्पिटल पहुंचे। अस्वस्थ महसूस करने के बाद उन्हें तुरंत डॉक्टर को दिखाया गया।

## मैपकास्ट में सीएम डॉ. यादव ने ड्रोन पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन किया

# नई ड्रोन पॉलिसी से मॉनिटरिंग से कृषि-आपदा तक में मिलेगी मदद

**मैपकास्ट परिसर में ड्रोन टैक्सी का लाइव डेमो दिया गया**

◀ मुख्यमंत्री ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, स्टार्टअप और औद्योगिक संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर पहुंचकर ड्रोन तकनीक के शैक्षणिक औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की



बच्चों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद (मैपकास्ट) में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ड्रोन तकनीक कार्यशाला एवं एक्सपो 2025 की शुरूआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र की सहायता से प्रदेश में विकास के हर संभव प्रयास जारी हैं। प्रदेश सरकार ने अपनी नई ड्रोन पॉलिसी भी तैयार की है।

हमें दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। ड्रोन, विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है। ड्रोन कृषि कार्यों में आज अन्नदाता की मदद कर रहा है। इससे खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आसान हुआ है। ड्रोन तकनीक से देश के दुश्मनों का खात्मा भी हो रहा है। हमारे वैज्ञानिक वाइस कमांड कंट्रोल की सहायता से ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो 2025 को किया संबोधित**

**कहा-दुनिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारतीय ड्रोन तकनीक की ताकत देखी**



ड्रोन के संबंध में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### 4 हजार से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन

मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो-2025 आयोजित किया गया है। इसमें ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण के लिए प्रदेशभर के 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उन्हें स्वरोजगार एवं तकनीक आधारित जानकारी दी जाएगी। विज्ञान एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मध्यप्रदेश के विकास के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है।



### ड्रोन टैक्सी ने भरी उड़ान, लाइव डेमो दिया

कार्यक्रम के दौरान मैपकास्ट परिसर में ड्रोन टैक्सी का लाइव डेमो दिया गया। इस दौरान ड्रोन टैक्सी ने करीब छह मीटर तक ऊपर उड़ान भर कर तकनीकी क्षमता का परिचय दिया। इस ड्रोन टैक्सी से करीब 25 किलोग्राम ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मानचित्र तैयार करने में उपयोगी

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के निदेशक कैलाश राव ने कहा कि आज ड्रोन तकनीक उज्जैन सहित प्रदेश के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों के मानचित्र तैयार करने में यह तकनीक उपयोगी सिद्ध हुई है। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा संजय दुबे ने कहा कि ड्रोन अब केवल रक्षा या निगरानी का साधन नहीं रहे बल्कि कृषि, भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, परिवहन, उद्योग एवं मीडिया जैसे अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रहे हैं। भारत सरकार की ड्रोन नीति 2021 तथा मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप राज्य स्तर पर भी ड्रोन तकनीक को नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसरों के रूप में विकसित किया जा रहा है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

## सीएम ने जारी की 303 करोड़ की राशि

# बच्चे खूब पढ़ें... आगे बढ़ें अच्छी शिक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबोधित करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए पहले मां सरस्वती को प्रसन्न करना पड़ता है, अर्थात विद्यार्थियों के लिए मन लगाकर पढ़ाई में मेहनत करना जरूरी है। बच्चे खूब पढ़ें, आगे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### विद्यार्थियों को सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय होना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था में नई पहल की जा रही है। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। देश में सबसे अच्छे शासकीय विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं। गत माह ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 8 लाख 50 हजार विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति की गई। प्रदेश के निजी ▶▶ शेष पेज 6 पर

## शिक्षकों की ई-अटेंडेंस पर सुनवाई

# दो हलफनामे पेश, सरकार ने नकारा नेटवर्क का इशू

**7 नवंबर को होगी अगली सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



जबलपुर हाईकोर्ट


मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में गुरुवार को शिक्षकों की ई-अटेंडेंस को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और शिक्षकों की ओर से हलफनामे (एफिडेविट) दाखिल किए गए।

जहां शिक्षकों ने 'हमारे शिक्षक' एप में तकनीकी खामियां, नेटवर्क समस्या और सर्वर की दिक्कतें बताईं, वहीं सरकार ने अपने जवाब में नेटवर्क से जुड़ी सभी शिकायतों को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने दोनों पक्षों के जवाब रिकॉर्ड में लेते हुए अगली सुनवाई 7 नवंबर को ▶▶ शेष पेज 6 पर

## एक गंभीर, दूसरे की मौत हुई

### काठगोदाम के जंगल में दो भाइयों ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कंधे पर ले गए

■ माता-पिता ने भी किया था सुसाइड

मध्यप्रदेश से नैनीताल के काठगोदाम आकर दो सगे भाइयों ने कीटनाशक पदार्थ सल्फास खाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। बड़े भाई 22 वर्षीय शिवेश मिश्रा की गुरुवार सुबह डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में मृत्यु हो गई। छोटा भाई 20 वर्षीय बृजेश मिश्रा की हालत गंभीर है। दोनों भाई ▶▶ शेष पेज 6 पर

## रेलवे के निर्माणाधीन ब्रिज से हादसा

### चलती गाड़ियों पर गिर पड़ी क्रेन, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर



क्रेन पलटी

■ मुआवजे पर चक्काजाम खत्म

धार जिले के पीथमपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर पिलर चढ़ा रही क्रेन पलट गई और सर्विस रोड से गुजर रहे दो पिकअप वाहनों पर गिर गई। दोनों वाहन चकनाचूर हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 4 लोग घायल ▶▶ शेष पेज 6 पर

## 13 की उम्र में विवाह, 15 साल में मां

### 23 साल के लड़के से ब्याहा माता-पिता समेत 5 को जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



आरोपी पति

■ नाबालिग के प्रसव से पुलिस को पता चला

एक नाबालिग लड़की की शादी और फिर उसके मां बनने का मामला सामने आया है। जैसे ही प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस जांच में पता चला कि साल 2023 में मंगेला गांव में रहने वाले 23 साल के युवक से 13 साल की बच्ची की ▶▶ शेष पेज 6 पर

## यूएस में नया नियम लागू हुआ

### वर्क वीजा नवीनीकरण लंबित तो नहीं कर पाएंगे काम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




एच 1 बी वीजा

■ भारतीय पेशेवरों पर होगा असर

अमेरिका में पहले से काम कर रहे विदेशी नागरिकों का वर्क वीजा नवीकरण को यदि तय समय से पहले मंजूरी नहीं मिली तो उन्हें अब अमेरिका में काम जारी रखने का मौका नहीं मिलेगा। ट्रंप प्रशासन ने वर्क वीजा नवीनीकरण की शर्तों में बदलाव किया है, जो गुरुवार से लागू हो गया। नए नियमों का ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पुलिस ने उससे बातचीत की कोशिश की थी लेकिन बात नहीं बनी

# ऑडिशन के लिए आए 17 बच्चों को बंधक बनाने वाला शख्स पुलिस एनकाउंटर में ढेर

**पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर घुसी और सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के पवई स्थित आरए स्टूडियो में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले आरोपी रोहित आर्य की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई।

इससे पहले गुरुवार को रोहित ने ऑडिशन के लिए आए बच्चों को बंधक बना लिया था। पुलिस ने उससे बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी। फिर पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर घुसी और सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया। शुरुआत में मुंबई पुलिस के हवाले से यह जानकारी सामने आई थी कि आरोपी को ▶▶ शेष पेज 6 पर



पहले चित्र में स्टूडियो दूसरे में आरोपी

### क्या करता था रोहित आर्य?

रोहित पुणे का रहने वाला व्यक्ति था। वो एक ठेकेदार बताया था। निर्माण कार्य और सरकारी प्रोजेक्ट्स से जुड़ा काम करता था। उसे एक सरकारी स्कूल के काम का टेंडर मिला था, लेकिन उसका दावा था कि किए गए काम के करीब दो करोड़ रुपए का भुगतान अब तक नहीं मिला। इस बकाया राशि को लेकर वह लंबे समय से परेशान था और कई बार प्रदर्शन भी कर चुका था। इसके बावजूद जब उसकी बात नहीं सुनी गई। कहा जा रहा है कि उसने इसी कारण बच्चों को बंधक बनाया था।

## जेमिमा-हरमनप्रीत की साझेदारी, ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया

# भारत की नारी शक्ति ने रोका ऑस्ट्रेलिया का 'विजय रथ', फाइनल में पहुंची टीम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऑस्ट्रेलिया की टीम इस टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने एलीस हीली की टीम का विजयी अभियान रोक दिया।

भारत ने जेमिमा रॉड्रिग्ज और हरमनप्रीत कौर की शानदार साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने जैसे ही जीत का चौका लगाया मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज भावुक हो गईं और अपने आंसू नहीं रोक सकीं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे।



### 127 रन बनाकर नाबाद रहीं जेमिमा

हरमनप्रीत भले ही आउट हो गईं, लेकिन जेमिमा अंत तक टिकी रहीं और उन्होंने टीम को जीत दिलाई। जेमिमा 134 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 127 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत के लिए हरमनप्रीत और जेमिमा के अलावा ऋचा घोष ने 26 और दीप्ति शर्मा ने 24 रनों का योगदान दिया, जबकि अमनजोत कौर आठ गेंदों पर दो चौकों की मदद से 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी



## आंवला वृक्ष के तले कपूर व घी का दीपक जलाकर की पूजा

# महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा कर धूमधाम से मनाई आंवला नवमीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कार्तिक मास की नवमी पर गुरुवार को आंवला नवमी मनाई गई। आंवला नवमी के चलते महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा की। कार्तिक स्नान कर महिलाओं ने आंवले के तने की कपूर और घी का दीपक जलाकर पूजा की। आंवला नवमी की कहानी सुनी। पेड़ की 11, 21, 51 व 108 परिक्रमा कर पति और पुत्र की लंबी उम्र की कामना की। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन स्नान, पूजन, तर्पण, दान का विशेष विधान है। महिलाओं ने पूजन, तर्पण, दान करके अक्षत फल की प्राप्ति की कामना की।



आंवले के वृक्ष की परिक्रमा करतीं श्रद्धालु।



वृक्ष को रक्षासूत्र बांधती महिला श्रद्धालु।

### क्या कहते हैं ग्रंथ

*गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा और इसके नीचे बैठकर भोजन करने की प्रथा की शुरुआत करने वाली माता लक्ष्मी मानी जाती हैं। एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी भ्रमण करने आईं।*

### दादाजी धाम में में मनी नवमी

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड में आंवला नवमी मनाई गई। इस मौके पर महिलाएं ने व्रत रखकर परिवार की सुख समृद्धि और अच्छी सेहत की कामना की साथ ही आंवले के वृक्ष पर कच्चा धागा बांधकर पूजा-अर्चना की गई।

### क्या है आंवला नवमी

कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवला (अक्षय) नवमी कहते हैं। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने की भारतीय संस्कृति का पर्व है। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने से रोगों का नाश होता है।



नवमीं पर पूजा करतीं महिलाएं।

**कार्तिक मास आंवला नवमीं के मौके पर आयोजन**

## परशुराम मंदिर पर अन्नकूट एवं महाआरती का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

कार्तिक मास आंवला नवमी के पावन पर्व पर चाणक्यपुरी स्थित श्री परशुराम मंदिर पर अन्नकूट और महाआरती का आयोजन किया गया है। अभा युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अर्पित पुजारी ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार, ब्राह्मणों के आराध्य भगवान परशुराम का मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा, विशाल, अद्भुत और भव्य मंदिर चाणक्यपुरी, नानाखेड़ा उज्जैन में स्थित है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आंवला नवमी पर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज और श्री परशुराम पारमार्थिक सेवा न्यास के तत्वावधान में भगवान परशुराम का भव्य अभिषेक पूजन कर शाम 7 बजे अन्नकूट महाभोग लगाकर महाआरती की जाएगी। युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सहित विजय पुजारी, रूपेश मेहता, राकेश जोशी (राका गुरु) श्रीवर्धन शास्त्री, आशीष अग्निहोत्री, राजेश बैरागी, गोविंद पुजारी, सुरेश शर्मा, आशीष ठक्कर, किशन पांडे, राम शर्मा, गोविंद व्यास नेजनता से महाआरती में सम्मिलित होकर पुण्य धर्म लाभ लेने की अपील की है।

**6 नंबर की ओर बनाने पर हो रहा विचार**

## 76 स्टेशनों पर पैसेंजर होल्डिंग एरिया की सौगात देगा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे स्टेशन पर त्योहारों से पहले पैसेंजर होल्डिंग एरिया बनेगा। रेल मंत्रालय ने 76 स्टेशनों पर ऐसी सुविधाएँ देने की योजना बनाई है, जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे जोन के भोपाल स्टेशन को शामिल किया गया। प्रयोग के रूप में रेलवे की ओर से त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली स्टेशन पर यह व्यवस्था की थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार भोपाल स्टेशन पर जगह की तलाश की जा रही है। छह नंबर की ओर होल्डिंग एरिया बनाने पर विचार किया जा रहा है। जहां पर में यात्रियों को बैठने, पानी, और मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे भीड़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और रोजगार भी बढ़ेगा। यह सभी स्टेशन 2026 तक तैयार हो जाएंगे।

### भीड़ को नियंत्रित करने में होगी आसानी

पैसेंजर होल्डिंग एरिया बनने से यात्रियों को आरामदायक प्रतीक्षा स्थल मिलेगा। साथ ही, स्टेशन प्रबंधन पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। इससे भीड़ नियंत्रण आसान होगा, ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार आएगा और सुरक्षा कर्मियों का दबाव कम होगा।

**माड्यूलर डिजाइन में किया जाएगा विकसित**

भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे द्वारा देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय नई दिल्ली स्टेशन पर इस सुविधा की सफलता को देखते हुए लिया गया है।

### अत्याधुनिक स्क्रीन पर मिलेगी सुविधा की जानकारी

*इन क्षेत्रों में यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, पंखे, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और ट्रेन की रीयल-टाइम जानकारी वाली स्क्रीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।*

## एम्सः वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर जागरुकता पोस्टर लगाकर स्ट्रोक से बचने के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल में वर्ल्ड स्ट्रोक डे के अवसर पर एक्यूट स्ट्रोक मैनेजमेंट विषय पर पोस्टग्रेजुएट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर ने स्ट्रोक उपचार के 'गोल्डन ऑवर्स' की अहमियत को बताते हुए कहा कि स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों की शीघ्र पहचान, तुरंत अस्पताल पहुंचाना और इलाज शुरू करना मरीज के जीवन को बचाने और विकलांगता को कम करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। डीन डॉ. रजनीश जोशी ने बताया कि स्ट्रोक प्रबंधन में समन्वित एवं प्रोटोकॉल-आधारित दृष्टिकोण अपनाने से मरीजों के परिणाम बेहतर होते हैं।

**पवित्रता के साथ मंदिरों की परंपरा बनाए रखने का प्रयास**

## श्री महाकाल विद्वत परिषद एवं काशी विद्वत परिषद की शीघ्र होगी अहम संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाकालेश्वर विद्वत परिषद् के प्रमुख आचार्य पं आशीष अग्निहोत्री ने सनातन धर्म एवं सनातन धर्म के मंदिरों की परम्परा पवित्रता सदैव बनी रहे साथ ही देश में एक तिथि एक त्यौहार के संकल्प को सफल एवं सिद्ध करने के लिए शीघ्र ही काशी (वाराणसी) में दोनों विद्वत परिषद की बैठक आहूत की जाएगी।

जिसमें धर्म संबंधित विषयों पर चर्चा होगी साथ ही देश में अंदर सनातन धर्म का संचालन ओर मार्ग दर्शन के लिए चारों पीठ के शंकराचार्यों से भी चर्चा की जाएंगी जिसके कारण देश में सनातन धर्म के व्रत त्यौहार मुहूर्त तिथियों को लेकर जो असमंजस हो रहा है उसे रोका जा सके। काशी विद्वत परिषद् और उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद की बैठक में सनातन वैदिक परंपरागत ओर शास्त्रीय प्रमाण के आधार पर सम्पूर्ण विश्व में प्रत्येक त्यौहार, व्रत ओर तिथि को लेकर एक मत हो ओर कोई भी जनमानस तिथि व्रत त्योहार को लेकर धर्म संकट में ना रहे, इस पर गहन अध्ययन चिंतन किया जाएगा। काशी विद्वत परिषद् और उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद् की बैठक में जो निर्णय प्रस्तावित होगा।

### » सभी शंकराचार्यों के समक्ष प्रस्तुत होंगे निर्णय

उस निर्णय को हमारे चारों पीठ के शंकराचार्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। विद्वत परिषद् ओर शंकराचार्यों द्वारा जो अंतिम निर्णय प्रस्तावित होगा। वह निर्णय संपूर्ण भारत के विद्वानों और ज्योतिषाचार्यो द्वारा जितने भी पंचांग, कैलेंडर प्रकाशित किए जाते है उनके मध्यस्थ रखा जाएगा। एक मत से हमारे पंचाग प्रकाशित हो समाज दिग्भ्रमित ना हो यही काशी विद्वत ओर उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद् अवधारणा है। विद्वत परिषद् सम्पूर्ण सनातन के विद्वानों की सर्वसम्मति चाहती है। सर्वसम्मती की अवमानना करने पर काशी ओर उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद् से शास्त्रार्थ करना होगा।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पुस्तक लेखन पर दो दिवसीय वर्कशॉप

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पुस्तक लेखन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज और कल किया जाएगा। विशेष कर्तव्स्थ अधिकारी धीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ पलाश रेजीडेंसी, टीटी नगर में 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा करेंगे। इसमें 19 विषय के अध्यक्ष, केंद्रीय अध्ययन मंडल एवं एक-एक सदस्य/ प्राध्यापक, भारतीय ज्ञान परंपरा के पुस्तक लेखक, विषय विशेषज्ञ सहित 150 अधिकारी शामिल होंगे।

**स्थापना दिवस की तैयारियों पर हुई चर्चा, बोले विधायक शर्मा...**

# घर-घर पहुंचे विक्रमादित्य का गौरवशाली इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सम्राट विक्रमादित्य के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना चाहते हैं। ताकि सम्राट विक्रमादित्य जैसे हमारे गौरव पुरुष के आदर्श जन-जन तक पहुंचें।

यह बात गुरुवार को युवा सदन में विधायक रामेश्वर शर्मा में मप्र स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य मंचन के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित कर्मश्री की बैठक को संबोधित करते हुए कही। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि इस बार मप्र स्थापना दिवस हमारे लिए केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपने इतिहास, संस्कृति और नायकों पर गर्व करने का अवसर है।



कर्मश्री की बैठक में स्थापना दिवस की तैयारियों पर बोलते हुए विधायक शर्मा।

### गुरु तेग बहादुर का त्याग भारतीय इतिहास में अमर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बैठक में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान भारतीय संस्कृति और धर्म की रक्षा का अप्रतिम उदाहरण है। गुरु तेग बहादुर ने धर्म, मानवता और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

### धूमधाम से होगा तुलसी विवाह

शर्मा ने बताया कि देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर युवा सदन कार्यालय मालवीय नगर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी तुलसी विवाह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा।

### सरदार पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी

बैठक में रामेश्वर ने बताया कि 31 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सरकार पूरे देश में रन फार यूनिटी का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम में हुजूर विधानसभा के कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए ताकि राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचे।

### मनाएंगे भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

बैठक में विधायक ने कहा कि हुजूर विधानसभा में भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मां भारती के लिए बिरसा मुंडा जी का बलिदान और उनका संघर्ष हमारी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। जनजातीय समाज के उत्थान और स्वतंत्रता के लिए उनका योगदान सदा स्मरणीय रहेगा।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

5 ठेकेदार के साथ तीन युवकों ने की मारपीट...



14 सीएम ने खेल स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा...





# नगर निगम में अपर आयुक्तों की भरमार, प्रतिनियुक्ति प्रथा बंद की जाए, मूल विभाग में भेजे जाएं अफसर, पार्षदों ने किया विरोध

पहली बार परिषद की बैठक में शामिल हुईं आयुक्त, बोलीं-नियमानुसार करेंगे कार्रवाई

टेंडर प्रक्रिया को लेकर नाराज हुए पार्षद, परिषद अध्यक्ष ने कहा- सरल हों नियम

महापौर बोलीं- गलत अधिकारियों को नहीं छोड़ेंगे, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

## बांदीखेड़ी को दो एमएलडी पानी देने का प्रस्ताव पास, विपक्ष ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी परिसर में गुरुवार को नगर निगम परिषद की बैठक में एजेंडे में शामिल एक मात्र प्रस्ताव बांदीखेड़ी को दो एमएलडी पानी देने का बहुमत के आधार पर मामूली नोंकझोंक के बीच पास हो गया। वहीं प्रतिनियुक्ति पर लंबे समय से जमे अपर आयुक्त दैवेंद्र सिंह चौहान और सहायक आयुक्त एकता अग्रवाल को वापस मूल विभाग में भेजे जाने को लेकर दोनों पक्ष के पार्षदों ने जोरदार हंगामा किया। कांग्रेस के पार्षद मो अजीज ने प्रतिनियुक्ति पर जमे अधिकारियों का मामला उठाया तो भाजपा पार्षदों ने भी समर्थन किया। भाजपा पार्षद सुरेंद्र वाडीका, कांग्रेस पार्षद मो सरवर ने एक-सुर में कहा कि प्रतिनियुक्ति प्रथा खत्म की जाए। इस पर आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा कि नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। प्रश्नकाल के दौरान पार्षदों के लगाए गए छह सवालों पर मेयर-इन-कौंसिल के सदस्यों ने जवाब किए। जिसमें उठे कोटेशन और टेंडर के मामले लेकर अधिकांश पार्षदों ने एक साथ मामला उठाया। जिस पर परिषद अध्यक्ष ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

बैठक की कार्रवाई सुबह करीब 11.45 पर शुरू हुई। दोपहर 12 बजे प्रशनकाल शुरू हुआ। शाम करीब पांच बजे महापौर मालती राय के संबोधन के बाद परिषद की बैठक अनिश्चितकालीन के लिए समाप्त कर दी गई। परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बैठक शुरू करने की पुष्टि करने की बात कही उसके तुरंत बाद ही नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने हमीदिया अस्पताल, कॉलेज व स्कूल का नाम बदलने के सवाल पर बोलना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ शब्दों का प्रस्ताव तीन पेज का बना दिया गया। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने सफाई कर्मियों को बोनस देने, कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों सहित सड़क, बिजली, पानी, सीवेज के टेंडर नहीं होने का मामला उठाया। महापौर मालती राय ने सड़कों की गुणवत्ता को लेकर कहा कि गलत अधिकारियों को नहीं छोड़ेंगे, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। सब सहयोग करेंगे तो हम कार्रवाई जरूर करेंगे। इसके बाद बैठक समाप्त हुई।

### पीईबी से निगम में भर्ती का विरोध



भोपाल। नगर निगम की आईएसबीटी परिसर में ननि परिषद की बैठक।

बैठक में देवेंद्र भार्गव ने कहा कि निगम परिषद को अधिकारी परिषद बना दें। मामले के समर्थन में रविंद्र यति ने कहा कि एमआईसी के अनुमोदन के बिना भर्ती की जा रही है। इस पर परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि एमआईसी कह रही है कि भर्ती रोकी जाए, यह गंभीर मामला है। नीतिगत मामले परिषद में प्रस्तुत किए जाएं उन्हें बायपास न किया जाए।

### टेंडर और कोटेशन पर सामने आई पार्षदों की नाराजगी

त्योहारों, जुलूस और चल-समारोह के दौरान मामूली कामों के लिए कोटेशन को टेंडर प्रक्रिया से करने की बात अफसर करते हैं। हर काम टेंडर में लेना ठीक नहीं। इसके कारण मामूली काम नहीं हो पाते। इस पर पार्षदों की नाराजगी सामने आई।

### इन सवालों के जवाब भी एमआईसी ने दिए

पार्षद ममता मनोज विश्वकर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर में कराए गए विकास कार्यों का नाम, स्थान, राशि, सहित वार्ड वार जानकारी का सवाल पूछा। इस पर एमआईसी आरके सिंह बघेल ने जवाब दिया तो कई सत्ता पक्ष के पार्षदों ने हंगामा करते हुए कहा कि उन्हें राशि न मिला न सामान। पार्षद मो रियाज ने जोन-17 में 2015-16 से लेकर वर्तमान दिनांक तक विभिन्न मदों द्वारा किए गए सभी कार्यों, ठेकेदारों, फर्म टेंडर, कार्य अनुबंध का सवाल पूछा। इस पर एमआईसी अशोक वाणी ने जवाब दिया।

### 2.45 पर आयुक्त जाने लगीं तो पार्षदों ने रुकने का आग्रह किया

निगम आयुक्त संस्कृति जैन को कहीं जरूरी काम से जाना था, लिहाजा वे 2.45 बजे जाने के उठीं तो पार्षदों ने उनसे रुकने का आग्रह किया। इस पर परिषद अध्यक्ष ने जानकारी दी कि उन्हें बेहद जरूरी सरकारी काम से जाना है। हालांकि वे परिषद में मौजूद सदस्यों के अनुरोध पर थोडी देर रुकीं। फिर चली गईं। बैठक के अंत में महापौर मालती राय ने कहा कि आयुक्त कहीं काम से चली गईं हैं हालांकि उन्हें बैठक में होना चाहिए था।



भोपाल। ननि परिषद की बैठक का एक दृश्य।

### समग्र आईडी से नाम काटने और पेंशन रुकने का मामला उठा

पार्षद नसीम गफूर के सभी 85 वार्डों में समग्र परिवार आईडी से काटे गए नामों के कारण पेंशन रुकने और बुजुर्ग महिलाओं की परेशानी बढ़ने के सवाल पर एमआईसी छाया ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा कि राजधानी में 39 लाख समग्र आईडी हैं और 11 लाख विलोपित हुई हैं। इस पर आयुक्त ने कहा कि समग्र पूरे राज्य में चल रही है। इसके लिए लोगों को जागरुक किया जाए वे ईकेवाईसी करवाएं। स्वयं भी यह कार्य किया जा सकता है।

विस्थापन पर बोलीं

### हर बात का विरोध करना ठीक नहीं: महापौर



भोपाल। ननि बैठक को संबोधन करती हुईं महापौर।

महापौर ने कहा कि हर बात का विरोध करना ठीक नहीं है। श्यामला हिल्स स्थित आदिवासी बस्ती के विस्थापन को लेकर उन्होंने कहा कि अभी केवल सर्वे हो रहा है। उन्हें विस्थापित करेंगे और पक्की छत देंगे, लेकिन वहां रहने वाले परिवार जब सर्वे करने टीम जाती है तो ताला लगाकर चले जाते हैं। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वन भूमि पर निगम कैसे प्रोजेक्ट ला सकता है तो महापौर ने कहा कि वन भूमि पर सरकार प्रोजेक्ट ला सकती है।

लाल बसों का उठाया मुद्दा

### 195 ई-बसों का संचालन दिसंबर तक हो जाएगा शुरू



भोपाल। ननि बैठक में सवाल पूछते पार्षद चौहान।

पार्षद योगेन्द्र चौहान के बीसीएलएल द्वारा किस रूट पर कितनी बसें चल रही हैं के सवाल के जवाब में एमआईसी मनोज राठौर ने बताया कि वर्तमान में 60 बसें चल रही हैं। पहले 368 चलती थीं। इस पर योगेंद्र चौहान बोले यह शर्म की बात है। राठौर ने बताया कि दिसंबर तक 195 बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### आयुक्त ने दिया अपना परिचय, सभी सदस्यों ने किया अभिवादन

प्रतिनियुक्ति पर जमे अधिकारियों और ईकेवाईसी के मुद्दे पर जवाब देने पहले निगम आयुक्त ने खुद अपना परिचय दिया। सभी सदस्यों ने उनका अभिवादन किया।



भोपाल। नगर निगम की आईएसबीटी परिसर में ननि परिषद की बैठक।

### उद्यान शाखा में खरीदी, टेंडर और सप्लायर के सवाल पर हंगामा

पार्षद शीरीन खान द्वारा उद्यान शाखा द्वारा की गई खरीदी, टेंडर, सप्लाई एजेंसी की जानकारी मांगने पर जब एमआईसी अशोक वाणी ने जवाब देना शुरू किया तो हंगामा शुरू हो गया।

### बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

परिषद में बैठक खत्म होने की घोषणा और अधिकांश मीडिया के लोगों के चले जाने के बाद कांग्रेस के पार्षदों ने टैक्स वसूली, खराब रोड, शहर को धूलमुक्त करने आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अलग-अलग नारों की तख्तियां लेकर उन्होंने नारेबाजी की।

सितंबर 2022 को हुई थी घटना

## 20 दिन के नवजात जुड़वा बच्चों की हत्या करने वाली मां को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

20 दिन के अपने ही नवजात जुड़वा बच्चों की हत्या कर उनके शवों को खाली प्लाट की झाड़ियों में फेंकने वाली आरोपी महिला सपना धाकड़ निवासी कोलार रोड भोपाल को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने भादंसं की धारा-201 और 302 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 3000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वंदना परतेने पैरवी की थी।



हत्या की आरोपी सपना धाकड़ का फाइल फोटो।

अभियोजन के अनुसार शवों को खाली प्लाट की झाड़ियों में फेंकने वाली आरोपी महिला सपना धाकड़ ने 23 सितंबर 2022 को टीटी नगर थाना में अपने नवजात जुड़वा बच्चों के अपहरण की शिकायत की थी। उसने पुलिस को बताया था कि 5 सितंबर 2022 को जेपी अस्पताल भोपाल में उसे दो जुड़वा बेटे हुए थे। 23 सितंबर 2022 को अपने घर कोलार कालोनी से अपने 20 दिन के दो जुड़वा बच्चों को अपने साथ लेकर अपनी सास तथा पति को बिना बताये अपने मायके ग्राम सुहाय तहसील बैरसिया के लिए निकली थी। पैदल-पैदल कोलार तिराहे से रंगमहल चैराहा तक दोनों बच्चों को लेकर आई थी। रंगमहल चैराहा पर हॉस्पिटल की बाऊंड्री वाल के पास फुटपाथ पर दोनों बच्चों को एक ठेले के पास लिटा कर रोड क्रास कर सामने बाथरूम करने गई थी। वापस आकर देखा तो दोनों बच्चे वहां नहीं थे। दोनों बच्चे लाल रंग के कम्बल में लपेटे हुये हैं तथा पिंक कलर की कपड़े पहने है एक बच्चे की गर्भनाल लगी हुई है। बच्चों का किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच के दौरान कोलार तिराहा, रंगमहल चौराहे और हबीबगंज थाने के पास लगे सीसीटीव्ही कैमरो के फुटेज देखे तो सपना धाकड़ घर से बच्चों सहित जाते हुए दिखी, परन्तु हबीबगंज थाना चौराहा स्थित अरेरा पेट्रोल पंप के सीसीटीव्ही कैमरों मे बच्चों सहित नही दिखी। सिटी बस के कैमरे देखने पर सिटी बस में बिना बच्चों के प्रवेश करती हुई दिखाई दी। इस पर पुलिस ने सपना धाकड़ से लगातार विस्तृत पूछताछ की तो सपना धाकड़ ने सच्चाई बताते हुए अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपिया सपना धाकड़ की निशानदेही पर दोनों नवजात शिशुओं के शव रविशंकर नगर हबीबगंज भोपाल स्थित खाली प्लाट की झाडियों से दिनांक 27 सितंबर को 2022 को बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार कर सपना धाकड़ के खिलाफ भादंसं की धारा-201 और 302 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एम्स गेट नंबर तीन के पास कार खड़ी कर छत पर बीयर की बोतल रखकर पी रहे थे रेजीडेंट

## नशे में पुलिसकर्मी से गालीगलौज व धमकी देने वाले एम्स के दो रेजीडेंट पर मामला दर्ज

पुलिस ने दर्ज किया शासकीय कार्य में बाधा और गालीगलौज की धारा

एम्स ने एक डॉक्टर को बर्खास्त जबकि दूसरे को सस्पेंड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया स्थित एम्स गेट नंबर-तीन शौचालय के पास कार खड़ी कर बीयर पार्टी करने वाले दो रेजीडेंट पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा और गालीगलौज की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। उक्त शिकायत रात्रि ड्यूटी में तैनात कांस्टेबल अजय गुर्जर की शिकायत पर दर्ज की गई। धाराएं जमानती होने के कारण रेजीडेंट को नोटिस भेजा जाएगा। इधर, एम्स में एक डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया है, जबकि दूसरे को सस्पेंड किया है। दो अन्य रेजीडेंट को चेतावनी दी गई है। एम्स प्रबंधन ने रेजीडेंट की इस हरकत के बाद कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कांस्टेबल अजय गुर्जर ने शिकायत करते हुए बताया कि 26 अक्टूबर को उसकी नाइट ड्यूटी थी। ड्यूटी 26 अक्टूबर की रात दस बजे से 27 अक्टूबर की सुबह दस बजे तक थी। वह इलाके में भ्रमण कर रहा था। इस बीच एम्स गेट नंबर तीन के पास पहुंचा था। उसे सफेद रंग की बलेनो कार खड़ी नजर आई। कार की छत पर बीयर की बोतल और डिस्पोजल रखी हुई थी, जबकि कार के पास खड़े होकर एक युवक बीयर पी रहा था। अजय गुर्जर ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस दौरान डायल 112 में तैनात पायलेट सौरभ उनका वीडियो बनाने लगा।

### कार से उतरकर की गाली-गलौज



एम्स के डॉक्टर्स का बहसबाजी करने का फाइल फोटो।

अजय गुर्जर ने बताया कि उन्होंने बीयर पी रहे युवक और उसके साथियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह एम्स परिसर के हॉस्टल में रहते हैं और एम्स में रेजीडेंट है। इसी बीच कार से उतरकर एक युवक बाहर आया और अजय गुर्जर को गालियां देने लगा। अजय ने गाली देने से मना किया तो वह कहने लगा मैं 2016 से भोपाल में हूं और मुझे भोपाल के दस थानों के अधिकारी पहचानते हैं। उसने वीडियो बना रहे सौरभ के हाथ से मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया।

### पुलिस फोर्स पहुंचा और काबू में किया

*बीयर पी रहे रेजीडेंट जब कांस्टेबल अजय पर हावी होने लगे। अजय ने थाने से नाइट ड्यूटी अधिकारी, चार्ली में तैनात पुलिसकर्मियों सहित बल बुलाया। तब जाकर रेजीडेंट काबू में आए। घटना देर रात की होने के कारण उन्हें एम्स की सिक्यौरिटी के हवाले कर दिया गया था। बाद में पुलिस ने रेजीडेंट साहिल गुप्ता और प्रकल्प गुप्ता के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित गालीगलौज की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली।*

दिल्ली सायबर ने ट्रेस की पोर्नोग्राफी

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर आठ थानों में आईटी एक्ट की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना सहित राजधानी के आठ अलग-अलग थानों की पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर आईटी एक्ट और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। दरअसल, मामला चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़ा हुआ है। सोशल प्लेटफार्म पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ट्रेस करने के बाद दिल्ली सायबर की टीम ने ड्रॉफ्ट बनाकर स्टेट सायबर को भेजा था। स्टैट सायबर ने आईपी एड्रेस के अनुसार संबंधित थानों को सीडी बनाकर ड्राफ्ट भेजा है। सभी थानों में दर्ज हुए प्रकरणों में बच्चों से जुड़े अश्लील वीडियो शामिल है। दरअसल, यह सभी प्रकरण वर्ष 2021 के हैं।

- सोशल प्लेटफार्म पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी एक गंभीर अपराध है

बिलखिरिया थाने में दर्ज हुई एफआईआर में किसी अज्ञात आरोपी द्वारा सोशल प्लेटफार्म पर एक वीडियो अपलोड किया गया था। वीडियो में दो मासूम बच्चे जिनकी उम्र करीब पांच से छह साल के आसपास की होगी वह देखे गए। उनके अश्लील वीडियो को बिलिखरिया इलाके से अपलोड किया गया था। पुलिस ने आईपी एड्रेस देखने के बाद बिलखिरिया पुलिस को ड्राफ्ट बनाकर भेजा और एफआईआर करने का कहा। इस पर बिलखिरिया पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सोशल प्लेटफार्म पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी एक गंभीर अपराध है।

इसे प्रसारित करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया में कुछ अड़चने हो रही थी। बाद में जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। राजधानी में आठ थानों में अयोध्या नगर, मंगलवारा, कोहेफिजा, टीटी नगर, मिसरोद और पिपलानी थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर और भी थानों में दर्ज की जा सकती है। फिलहाल इन थाना क्षेत्रों में मिले आईपी एड्रेस को देखते हुए पुलिस ने एक्सन लिया है।

स्वच्छता और चिकित्सकों की समय पर उपलब्धता के दिए निर्देश

## जेपी अस्पताल में समय पर आएं डॉक्टर: डिप्टी सीएम शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल जयप्रकाश जिला चिकित्सालय (जेपी अस्पताल) भोपाल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार की प्रक्रिया और चिकित्सकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के सभी प्रमुख विभागों के चिकित्सकों से वन-टू-वन चर्चा कर सेवाओं की गुणवत्ता का फीडबैक लिया और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।

जेपी का निरीक्षण कर चिकित्सकों से की वन-टू वन चर्चा

मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

### सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश



भोपाल। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

शुक्ल ने टेलीमेडिसिन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा उनके नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर ही उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय जैन, आरएमओ डॉ. प्रेमेंद्र शर्मा सहित सभी विभागों के चिकित्सक उपस्थित रहे।

### उपकरण की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

*उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अस्पताल के नवनिर्मित भवन में चिकित्सा सेवाएं शीघ्र प्रारंभ की जाएं, ताकि मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित भवन का शीघ्र उपयोग प्रारंभ किया जाए और आवश्यक संसाधन एवं उपकरण की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शुक्ल ने अस्पताल में संचालित प्रसूति सेवाओं, बच्चों के उपचार के लिए पीआईसीयू एवं एसएनसीयू, जनरल सर्जरी, ईएनटी, आर्थोपेडिक सर्जरी आदि की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।*

### ब्लड बैंक में होल ब्लड की सुविधा उपलब्ध

अस्पताल प्रबंधन ने उप मुख्यमंत्री को आउटसोर्स व्यवस्था के माध्यम से संचालित निशुल्क पैथोलॉजी, सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं की जानकारी दी। बताया गया कि वर्तमान में अस्पताल के ब्लड बैंक में होल ब्लड की सुविधा उपलब्ध है और इसके विस्तार के लिए कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट की स्थापना की जा रही है, जिससे मरीजों को रक्त के सभी आवश्यक घटक (ब्लड कॉम्पोनेंट्स) अस्पताल से ही उपलब्ध हो सकेंगे।



## खबर संक्षेप

### तीन पीआरओ के तबादले दाहिमा पीएचक्यू पदस्थ

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पदस्थ जनसंपर्क विभाग के तीन पीआरओ के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में आयुक्त दीपक सक्सेना ने आदेश जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ पीआरओ आशीष शर्मा को निर्वाचन आयोग में पदस्थ किया गया है। शर्मा की जगह पर पुलिस मुख्यालय में पीआरओ की नई भूमिका में राजेश दाहिमा नजर आएंगे। जनसंपर् कसंचालानायल में समाचार और फोटो फिल्म की जिम्मेदारी संभाल रहे राजेश बैन मंत्रालय में प्रेस प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### पेंशनरों ने जुलाई 25 से मांगा 3 प्रतिशत डीआर

**भोपाल।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने प्रदेश के मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव वित्त को पत्र लिखकर जुलाई 25 से 3 प्रतिशत डीआर की मांग की है। सक्सेना ने कहा है कि वर्ष 2000 में पुनर्गठित राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार एवं झारखंड ने पेंशनरों का महंगाई राहत बढ़कर 58 प्रतिशत कर दिया है। सक्सेना ने कहा कि शीघ्र आदेश जारी कर पेंशनरों के प्रति सरकार अपनी संवेदना प्रकट करें। संगठन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी ने कहा कि सरकार को महंगाई से त्रस्त प्रदेश के पेंशनरों को लंबित महंगाई राहत के आदेश शीघ्र जारी करना होगा, इसके लिए 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस सबसे अच्छा दिन होगा।

### आईएएस नंदकुमारम बने डीआईसी एमडी

**भोपाल।** अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट कमेटी मिनिस्ट्री ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी के प्रस्ताव पर प्रेसिडेंट एंड सीईओ नेशनल ई गवर्नेंस डिवीजन नंद कुमार को मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर डिजिटल इंडिया कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है। एमपी के 2008 बैच के नंदकुमारम को यह चार्ज छह माह के लिए सौंपा गया है।

### आज पहली व्हाइट टॉपिंग फोरलेन का भूमिपूजन

**भोपाल।** कोलार में मंदाकनी चौराहा से अग्रसेन चौराहा गिरधर परिसर तक लगभग तीन किलोमीटर लंबी व्हाइट टॉपिंग तकनीक से पहली फोर लेन सड़क का निर्माण 11 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। शुक्रवार शाम पांच बजे जेके अस्पताल के सामने लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

### 1 से निकायों में फेस बेस उपस्थिति अनिवार्य

**भोपाल।** प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों में केन्द्रीयकृत फेस आधारित उपस्थिति फेस बेस अटेंडेंस प्रणाली सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। यह व्यवस्था एक नवम्बर से सभी नगरीय निकायों में अनिवार्य रूप से प्रभावशील हो जाएगी। आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह पहल कर्मचारियों की उपस्थिति प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रदेशभर में 29 मेलों का आयोजन करेगा स्वदेशी जागरण मंच भोपाल में 6 नवंबर से होगी शुरुआत, 16 तक चलेगा कार्यक्रम

### स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से एमवीएम साइंस कॉलेज में किया जाएगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से स्वदेशी मेले का आयोजन भोपाल के एमवीएम साइंस कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। भोपाल शहर में स्वदेशी मेला 6 नवंबर से शुरू होगा और 16 नवंबर तक चलेगा। इस मेले में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 हजार लोग पहुंचेंगे।

मेले में स्थानीय एवं अन्य कलाकारों द्वारा जनजातीय नृत्य, राजस्थानी नृत्य, नाटक आदि कलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश में भोपाल, गुना, बैतूल सहित अलग-अलग जिलों में 29 मेले आयोजित किए जाएंगे। राजधानी में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी स्वदेशी जागरण मंच के मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा द्वारा दी गई।

**खास बातें**

- कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे
- स्वदेशी मेले में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 हजार लोग पहुंचेंगे



प्रेसवार्ता में स्वदेशी मेले की जानकारी देते पदाधिकारी

### सभी के अंदर स्वदेशी भाव जागृत करने का कार्य करेगा यह मेला: सीमा

मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि आज हम हर घर को स्वदेशी और हर युवा को उद्यमी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच के इस मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न भाषाई समुदाय के लोग और स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। सभी के अंदर स्वदेशी भाव जागृत करने का कार्य यह मेला करेगा।

### स्थानीय उत्पादकों को मंच प्रदान करना है: साकेत

स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सीईओ साकेत राठौर ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच इस बार मध्यप्रदेश में 29 मेलों का आयोजन करेगा। आज देश में स्वदेशी विमर्श को स्थापित करने की आवश्यकता है, जिसे मेला आमजन तक पहुंचाता है। इसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों को मंच प्रदान करना है। स्वदेशी का भाव स्व का भाव है। मुख्यरूप से मेले में स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पाद आते हैं।

### स्वावलंबन व उद्योगिता के लिए मिलेगी प्रेरणा

*विश्वकर्मा ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा देशभर में इस प्रकार के 600 मेलों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मेले का उद्देश्य स्वदेशी को स्थापित करना और स्वदेशी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसके द्वारा युवाओं को स्वावलंबन व उद्योगिता के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य भी पूरा होता है। नई पीढ़ी के बच्चों को स्वदेशी उत्पादन की जानकारी देने के लिए स्कूल-कॉलेजों में संपर्क किया जा रहा है। स्वदेशी से ही देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा।*

### प्रेसवार्ता में यह रहे मौजूद

*प्रेसवार्ता में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सीईओ साकेत सिंह राठौर, स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक सुधीर दांते, मध्य भारत प्रांत मेला प्रमुख अरविंद विश्वरूप, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, संपर्क प्रमुख मध्य भारत प्रांत प्रणव पारे, मेला सहसंयोजक रमन तिवारी मौजूद रहे।*

### मंत्री शाह के जन्मदिन पर घोषणा करेंगे सीएम डॉ. यादव

## सीएम ने नर्मदा में छोड़े छह मगरमच्छ, डॉ. मोहन बोले- जहां इन्हें छोड़ा, वहां सेंचुरी घोषित कर रहे



नर्मदा नदी में मगरमच्छ को छोड़ते सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खंडवा के नर्मदानगर में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े। इनमें चार मादा और दो नर मगरमच्छ हैं।

इस दौरान मीडिया ने सीएम से पूछा कि क्या मगरमच्छों से आमजन को खतरा नहीं होगा। इस पर उन्होंने कहा कि जहां मगरमच्छ छोड़े, वहां सेंचुरी घोषित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर ओंकारेश्वर अभयारण्य की घोषणा करने की बात कही है। पास ही खड़े मंत्री विजय शाह की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि इनके जन्मदिन के दिन सेंचुरी की घोषणा करेंगे। 1 नवंबर को मंत्री विजय शाह का जन्मदिन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुण्य सलिला मां नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को मां नर्मदा में बसाने के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। मगरमच्छों के आवास के लिए मां नर्मदा जी की धारा अत्यंत अनुकूल है। बता दें कि मछुआरा संगठनों ने इस फैसले का विरोध किया है और इसे आजीविका के लिए बड़ा खतरा बताया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि नर्मदा में छोड़े गए 6 मगरमच्छ भोपाल से नर्मदानगर लाए गए थे। यह सभी मगरमच्छ अन्य नदी और तालाब से रेस्क्यू किए गए हैं, जिन्हें इंदिरा सागर डैम के बैक वाटर में छोड़ा गया है। साकल घाट पर पिंजरे से निकलने के एक घंटे तक मगरमच्छ पानी में नहीं उतरे। वनकर्मी ने उन्हें आगे बढ़ाया गया और पानी में छोड़ा गया।

### टीकमगढ़ के युवाओं ने व्यक्त किया डॉ. यादव का आभार

## पहली बार की पीपीपी मोड पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की पहल:सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने भारत में पहली बार पीपीपी मोड पर (सार्वजनिक-निजी सहभागिता) चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की पहल की है। धार, पन्ना, कटनी और बैतूल में पीपीपी मोड पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। द्वितीय चरण में 9 जिलों क्रमशः टीकमगढ़, भिंड, मुरैना, खरगोन, अशोकनगर, गुना, बालाघाट, सीधी और शाजापुर में चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की कार्रवाई जारी है। डॉ. यादव टीकमगढ़ में चिकित्सा सुविधा के विस्तार के लिए उनका आभार मानने सीएम हाउस आए युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ की क्षमता बढ़ाते हुए 300 बिस्तर से 500 बिस्तर में उन्नयन तथा इनके संचालन के लिए 160 नवीन पदों के नियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। गत वर्ष टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय में 16 करोड़ रूपए की लागत से अतिरिक्त 100 बिस्तरीय नवीन भवन का निर्माण किया गया है। टीकमगढ़ अस्पताल में अब अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### पासपोर्ट कार्यालय की राजभाषा पत्रिका 'क्षितिज' का विमोचन



सीएम हाउस में पत्रिका का विमोचन करते सीएम

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल की राजभाषा पत्रिका 'क्षितिज' के सातवें संस्करण का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सीएम हाउस में किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्रिका के प्रकाशन के लिए पासपोर्ट कार्यालय के सभी कार्मिको को धन्यवाद दिया। पत्रिका के पिछले संस्करण को विदेश मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत करने पर अपनी शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितान्शु चौरसिया ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास में सीएम से सौजन्य भेंट की। इस दौरान सीएम ने मध्यप्रदेश की जनता को पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल द्वारा प्रदान की जा रही नागरिक सेवाओं की भी सराहना की। इस मौके पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय डॉ. आकांक्षा चौरसिया, रेम्या चौधरी वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा वरुण चौधरी, निजी सचिव, पासपोर्ट अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से भेंट कर डिप्टी सीएम शुक्ल ने व्यक्त किया आभार

## रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवा का शुभारंभ, दी शुभकामनाएं

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सतत प्रयासों का परिणाम



सीएम को पुष्पगुच्छ भेट करते उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य भेंट कर रीवा एयरपोर्ट से प्रारंभ होने वाली रीवा-दिल्ली एवं रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश के सर्वांगीण विकास के इस ऐतिहासिक कदम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास सहित प्रदेश में हर क्षेत्र में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं।

### सड़क, एयर कनेक्टिविटी स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार

*शुक्ल ने कहा कि सड़क, एयर कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में क्षेत्रीय संपर्क सेवाओं का तेज गति से विस्तार हो रहा है, जिससे प्रदेश के विभिन्न अंचलों को नई गतिशीलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि रीवा-दिल्ली एवं रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के प्रारंभ से विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को राजधानी दिल्ली एवं वाणिज्यिक नगरी इंदौर से सीधा हवाई संपर्क प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक, आर्थिक एवं पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी।*

### राज्यपाल, सीएम, विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

## नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आगामी 16वीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र (दिसंबर 2025) की अवधि बढ़ाने की मांग की है।



फाइल फोटो

इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सत्र की समयावधि इतनी सीमित न रखी जाए कि जनहित के मुद्दों पर समुचित चर्चा ही न हो सके। सिंघार ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि विधानसभा सत्र की अधिसूचना के अनुसार यह सत्र 1 दिसंबर से 5 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें केवल चार बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि यह अवधि प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए पर्याप्त नहीं है। प्रदेश इस समय कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। किसानों की समस्याएं, बढ़ती बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की स्थिति जैसे प्रश्न खड़े कर रहे हैं। इन विषयों पर गहराई से चर्चा के लिए पर्याप्त समय आवश्यक है, ताकि सरकार अपने जवाब दे सके और विपक्ष जनता की आवाज प्रभावी ढंग से उठा सके।


### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपावली मिलन समारोह में बोले

## कांग्रेस अंग्रेजों द्वारा बनाया गया संगठन, जिसे परिवार चला रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को उज्जैन जिले के महिदपुर में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह में मीसाबंदियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कोई कार्यकर्ता किसी भी पद पर रहे, हमेशा उसके मन में कार्यकर्ता भाव रहना चाहिए। कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं है, यह अंग्रेजों द्वारा बनाया गया संगठन है, जिसे एक परिवार चला रहा है। भारतीय



फाइल फोटो

जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है। हमारी पार्टी ने अपने विचारों व उसूलों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता संगठन की मजबूती और जनता की सेवा के लिए अपना जीवन पार्टी के लिए समर्पित कर रहे हैं। कांग्रेस एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है।

### 15 सितंबर तक मांगा था कार्यों का ब्यौरा

## एक माह बाद भी अफसर डब्ल्यूआरडी मंत्री को नहीं दे रहे लोकार्पण व भूमिपूजन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी महकमों में अफसर किस तरह काम कर रहे है इसकी बानगी जलसंसाधन विभाग में देखी जा सकती है।

विभाग के मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेशभर के अफसरों से ऐसे कामों की जानकारी पंद्रह सितंबर तक मांगी थी, जिनका लोकार्पण या भूमिपूजन किया जाना है, लेकिन डेढ़ माह में भी यह जानकारी उन्हें नहीं मिल पाई। अब ईएनसी ने सभी मुख्य अभियंताओं



फाइल फोटो

से तल्ख लहजे में एक दिन के भीतर सारी जानकारी देने को कहा है। जलसंसाधन मंत्री की ओर से दस सितंबर को ईएनसी को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी थी कि प्रदेशभर में कहां-कहां निर्माण कार्य पूरे हो चुके है और उनका लोकार्पण या भूमिपूजन किया जा सकता है।

### सिलावट नाराज, एक दिन में मांगी जानकारी

*एक माह बीत जाने के बाद केवल ग्वालियर, दतिया और सिवनी के मुख्य अभियंताओं ने ही उपूर्ण हो चुके ऐसे कार्यों की जानकारी विभाग को दी जिनका लोकार्पण या भूमिपूजन किया जा सकता है। जानकारी न मिलने पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की तो ईएनसी ने शेष सभी मुख्य अभियंताओं से एक एक के भीतर मांगी गई जानकारी तय फार्मेट पर अनिवार्य रूप से देने को कहा है और इसे ई मेल पर भी भेजने को कहा गया है।*

## प्रदेश में भावांतर योजना के लिए हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई भावांतर योजना-2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी में मदद के लिए भावांतर हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ की गई है। हेल्पलाइन का दूरभाष नंबर 0755-2704555 है।

योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए किसान, व्यापारी संगठनों, मंडी बोर्ड / मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है। यह हेल्पलाइन 30 अक्टूबर 2025 से निरंतर योजना अवधि तक कार्यरत रहेगी। हेल्पलाइन प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक निरंतर कार्य करेगी। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए कोई भी किसान, व्यापारी अथवा संबंधित व्यक्ति हेल्पलाइन से संपर्क कर सकता है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किसानों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे भावांतर योजना का अधिक से अधिक लाभ लें तथा आवश्यक जानकारी के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करें।

11वीं पुण्यतिथि

श्री रामनाथ कपूर
संस्थापक RKDF ग्रुप
17.09.1926 - 31.10.2014



महान विचार कभी नहीं मरते; वे सदैव जीवित रहते हैं
और पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते हैं।
इन विचारों का अनुसरण करके अनगिनत युवाओं को
जीवन की राह, सही दिशा और प्रेरणा मिलती है।

श्रद्धानवत्
श्रीमती जनक कपूर (पत्नी)
डॉ. सुनील कपूर (पुत्र), डॉ. साधना कपूर (पुत्रवधु),
श्री सिद्धार्थ कपूर (पौत्र), डॉ. श्रुति कपूर (पौत्री), श्रीमती रूचि कपूर (पौत्रवधु),
बेबी. शनाया कपूर (प्रपौत्री), बेबी. समायरा कपूर (प्रपौत्री)
श्रीमती रोमी खन्ना (पुत्री), जनरल बी.एल. खन्ना (दामाद)
श्रीमती अनु मगन (पुत्री), श्री भूपेन्द्र मगन (दामाद) श्री रमेश धवन (ब्रदर-इन-लॉ)
एवं समस्त आर.के.डी.एफ. परिवार

# ठेकेदार के साथ तीन युवकों ने की मारपीट, कहा- तेज गाड़ी चलाता है, नेतागीरी करता है

**ठेकेदार की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज भाजपा नेताओं ने थाने में किया हंगामा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित जेके अस्पताल के पास हाकर्स कॉर्नर में तीन युवकों ने मिलकर ठेकेदार से मारपीट कर दी। दरअसल, ठेकेदार हॉकर्स कॉर्नर के पास से अपनी कार लेकर निकल रहे थे, तभी उन्हें एक युवक ने गाली देकर रोका था। इसके बाद अपने साथियों को बुलाया और ठेकेदार के साथ मारपीट कर दी। आरोपी का कहना था कि तू तेज कार चला रहा है और आजकल ज्यादा नेतागिरी कर रहा है।

पुलिस के अनुसार राज शर्मा (39) समृद्धि अपार्टमेंट, गोकुल नगर, राजहर्ष कॉलोनी में रहते हैं और ठेकेदारी करते है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात वह अपनी आल्टो कार से जेके अस्पताल के पास हाकर्स कॉर्नर होते हुए घर जा रहे थे। रात करीब एक बजे के आसपास उन्हें एक युवक ने गाली दी। उन्होंने कार रोकी और उस युवक के पास पहुंचे। राज शर्मा ने पूछा कि गाली क्यों दे रहा है। इस पर युवक कहने लगा कि तू तेज कार चला रहा है और आजकल बहुत नेतागीरी कर रहा है। इसी बीच सफेद रंग की कार आकर रुकी। उक्त कार में आए युवकों ने आरोपी युवक के साथ मिलकर राज शर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होती देख राज के परिचित पद्मेश भार्गव और योगेश पहुंचे। उन्होंने बीच बचाव किया।


एफआईआर दर्ज नहीं करने पर स्थानीय भाजपा नेता के साथ प्रदर्शन करते फरियादी।

### दुकान का बोर्ड तोड़ रहे युवकों को दी समझाइश तो की गाली-गलौज

इसी थाना क्षेत्र में दुकान का बोर्ड तोड़ने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गालीगलौज और तोड़फोड़ की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि अशोक यादव (33) ललिता नगर, कोलार में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि ललिता नगर चौराहा पर उनकी व्रज नमकीन नाम से दुकान है। बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे उन्हें पड़ोसी ने मोबाइल पर सूचना दी कि तुम्हारी दुकान का तीन लड़के बोर्ड तोड़ रहे हैं। वह मौके पर पहुंचे तो अशीष मीणा और टिंकू मीणा बोर्ड में तोड़फोड़ कर रहे थे। उन्हें समझाइश दी तो भड़क गए और गालीगलौज करने लगे। आशीष मीणा पास ही गोकुल डेयरी नाम से दुकान का संचालन करता है।

### थाने में दर्ज नहीं कर रहे थे एफआईआर

राज शर्मा ने बताया कि रात में वह शिकायत करने थाने नहीं पहुंचे थे। गुरुवार को थाने पहुंचे तो पुलिस उनकी शिकायत पर एफआईआर नहीं कर रही थी। यह बात स्थानीय भाजपा नेताओं को पता चली तो वह थाने पहुंचे। करीब तीन घंटे थाने के बाहर बैठकर प्रदर्शन किया, तब जाकर एफआईआर दर्ज की। राज शर्मा का आरोप है कि मारपीट में उनकी कान की बाली और सोने की चेन कहीं गिर गई है।

## भाजपा नेता और आरटीओ की तीखी बहस, चालान कटने पर हुआ विवाद, बंसल ने लगाया 2000 रुपए प्रति डंपर की वसूली का आरोप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के खंडवा में गुरुवार को एक बार फिर सियासी घमासान देखने को मिला। आरटीओ विभाग और भाजपा नेताओं के बीच जबरदस्त बहसबाजी हुई, जब आरटीओ ने भाजपा नेता राकेश बंसल के ओवरलोड डंपर पर कार्रवाई की। मामला इतना बढ़ गया कि भाजपा नेताओं ने पंधाना रोड पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जानकारी के अनुसार, खंडवा आरटीओ दीपक माझी ने गुरुवार सुबह भाजपा नेता राकेश बंसल के स्वामित्व वाले डंपर पर ओवरलोडिंग की कार्रवाई करते हुए चालान बना दिया। इसी कार्रवाई से नाराज बंसल ने आरटीओ पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए। बंसल का कहना है कि आरटीओ विभाग शहर में चलने वाले सभी डंपर चालकों से हर माह 2000 प्रति डंपर की वसूली कर रहा है। उनके पास 40 डंपर हैं, और विभाग द्वारा उनसे 80,000 प्रतिमाह की मांग की जा रही थी। जब उन्होंने यह रकम देने से इंकार किया, तो लगातार उनके वाहनों को निशाना बनाकर चालान किए जा रहे हैं।

### एफआईआर कराने की धमकी दी

इस कार्रवाई के विरोध में भाजपा नेता मुकेश तनवे अपने समर्थकों के साथ पंधाना रोड स्थित धर्मकांटे के पास सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन में भाजपा महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, राकेश बंसल सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान आरटीओ दीपक माझी और भाजपा नेताओं के बीच जमकर बहस हुई। माहौल कई बार तनावपूर्ण हो गया। इस दौरान आरटीओ ने भाजपा नेताओं को एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी, जिसके जवाब में भाजपा नेताओं ने भी आरटीओ के खिलाफ एफआईआर कराने की धमकी दे डाली।

## खबर संक्षेप



### राजेंद्र गुड्डू साहू के जन्मदिन पर पटवा ने दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 9 के पार्षद पति राजेंद्र गुड्डू साहू का गुरुवार को जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने बधाई दी। पटवा ने राजेंद्र गुड्डू साहू से कहा कि आप सबका साथ देने वाले हैं। इस अवसर पर वचन लोधी, आरती यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन, पदम चौहान, रवि शंकर राय, सना आमीर ममनून, पूजा लोधी, पार्षद सुनील सेरिया, नितिन सेन आदि ने बधाई दी।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजन आज

**मंडीदीप।** देश के लौह पुरुष और एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज की मंडीदीप इकाई शुक्रवार को भव्य समारोह का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम समाज के सदस्यों को राष्ट्रनायक के आदर्शों से प्रेरित करने और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को मजबूत करने का मंच बनेगा। यह आयोजन शुक्रवार सुबह 11 बजे सरदार पटेल परिसर वार्ड 13 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सतलापुर मंडीदीप किया जाएगा। इसमें कुर्मी क्षत्रिय समाज के हजारों लोग एकत्रित होंगे।

### चेक बाउंस के दोषी को एक वर्ष का कारावास

**भोपाल।** जिला न्यायालय ने 9,25,000 रुपए के चेक बाउंस मामले के आरोपी शैलेंद्र सेन पुत्र अनिल सेन (29) निवासी फ्लैट नंबर 92/51 जेपी हास्पिटल के पास तुलसी नगर भोपाल मप्र को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 14 लाख 65 हजार रुपए की प्रतिकर राशि अदा किए जाने के आदेश पारित किए हैं। यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुंजन शर्मा ने परिवादी अनिल यादव निवासी कृष्णापुरी कॉलोनी नीलबड़ भोपाल की ओर से प्रस्तुत किए गए परिवाद पत्र की सुनवाई के बाद दिए हैं।

### 12 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया सचिव

**भोपाल।** मप्र के शहडोल जिले में ग्रापं पोंगरि के सचिव को लोकायुक्त ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। शहडोल जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर के पोंगरि गांव के सचिव मंगलेवश्वर मिश्रा को लोकायुक्त रीवा की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। पंचायत सचिव मंगलेश्वर मिश्रा गांव के ही उप सरपंच और ठेकेदार अमृत लाल यादव से 25 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे। उप सरपंच अमृत लाल यादव के मुताबिक उसने गांव में नल जल योजना के तहत पाइप और पंप का काम कराया था, जिसका बिल पास करने के एवज में सचिव मंगलेश्वर मिश्रा उससे 25 हजार रुपए मांगे थे।


**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |


### गौतम नगर थाना स्थित रंभा नगर में हुई वारदात

# खिड़की के पास बैठे प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली, कंधे से आरपार हुई, आरोपी अरेस्ट

**चार दिन पहले घर के पास बैठने से मना करने से नाराज था आरोपी, कहा- गाली-गलौज और दाढ़ी पकड़ने के अपमान का लिया बदला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर स्थित रंभा नगर में बुधवार रात निगरानी बदमाश ने घर में खिड़की के पास बैठे प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी। गोली कंधे को चीरती हुई आरपार हो गई। वारदात को अंजाम देने के ठीक तीन घंटे बाद आरोपी काजीकैंप नाले के पास बुलट मैकेनिक और उसके साथी को रोका और मारपीट करते हुए कट्टा अड़ा दिया। कट्टा अड़ाने के बाद आरोपी ने एक हजार रुपए की अड़ीबाजी की थी। लगातार दो सनसनीखेज वारदात होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और आरोपी को देर रात काजी कैंप इलाके से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार रंभा नगर थाना गौतम नगर निवासी साजिद खान (48) प्रॉपर्टी का काम करते हैं। आरोपी सलमान नशा उर्फ डेंजर (30) इलाके का निगरानी बदमाश है। उसका घर साजिद खान के घर से दो गली छोड़कर रंभा नगर में ही है। इन दिनों सलमान नशा ईंटखेड़ी में रह रहा है, लेकिन उसका रंभा नगर में आना-जाना लगा रहता है। कुछ दिन से सलमान का साजिद खान के घर के बाहर उठना-बैठना हो गया। वह मोहल्ले के बच्चों को कट्टे की नोंक पर धमकाता रहता था। यह बात साजिद खान को पता चली। चार-पांच दिन पहले साजिद खान और उनके बेटे ने सलमान को फटकार लगाते हुए अपने घर के सामने के पास गली में खड़े न रहने की हिदायत दी। इस दौरान बहस हुई और उन्होंने सलमान की दाढ़ी पकड़कर उससे गाली-गलौज कर दी। इसके बाद से ही सलमान नशा अपने अपमान का बदला लेने की फिराक में था।

### खिड़की के बाहर से मारी गोली


सलमान नशा, आरोपी

आरोपी सलमान नशा उर्फ डेंजर अपने अपमान का बदला लेने के लिए तीन-चार दिन से साजिद खान और उसके बेटे की तलाश कर रहा था। पिता-पुत्र उसे दिखाई नहीं दे रहे थे। बुधवार रात करीब सवा 9 बजे सलमान रंभा नगर पहुंचा। इस बीच उसे साजिद खान अपने कमरे में खिड़की के पास बैठे दिख गए। उसी समय सलमान डेंजर ने खिड़की के बाहर खड़े होकर 315 बोर के देशी कट्टे से साजिद पर फायर कर दिया। गंभीर हालत में परिजन ने उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है।

### तीन घंटे बाद दूसरी वारदात

साजिद खान को गोली मारने के करीब तीन घंटे बाद आरोपी सलमान नशा उर्फ डेंजर ने रंभा नगर में रहने वाले बुलेट मौकेनिक शादाब मियां (25) को निशाना बनाकर एक हजार रुपए वसूल लिए। बुधवार रात साढ़े 12 बजे शादाब अपने दोस्त फैसल के साथ अपने घर की ओर पैदल आ रहे थे। उसी दौरान रास्ते में बदमाश सलमान नशा मिल गया और शादाब व फैसल के साथ मारपीट कर दी। उसने कमर से देशी कट्टी निकाल कर शादाब के पेट अड़ा दिया और अड़ाबाजी करते हुए पैसों की मांग की। मारे डर के शादाब ने अपनी जेब में रखे एक हजार रुपए सलमान डेंजर को दे दिए। पुलिस ने इस मामले में अड़ीबाजी व मारपीट का प्रकरण दर्ज किया था।

### पत्नी और परिजन ने किया घर से बेदखल

आरोपी सलमान नशा उर्फ डेंजर आदतन है। उसकी हरकतों को देखते हुए पत्नी बच्चों ने उसे घर से बेदखल कर दिया था। साथ ही माता पिता भी उसे घर नहीं आने देते हैं। वह कभी शाहजहांनाबाद तो कभी किसी भी रैन बसेरा में रहकर समय निकाल रहा था। घटना के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमें उसकी तलाश लग गईं। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात मुखबिर की सूचना पर आरोपी सलमान नशा उर्फ डेंजर को काजी कैंप गली नंबर एक से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से देशी कट्टा व कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, अड़ीबाजी, हवाई फायर, अवैध कट्टा रखने, चोरी व गांजा रखने जैसे करीब 10 अपराध दर्ज हैं।

### सप्त गो-मंदिर का विधायक सबनानी ने किया उद्घाटन

## मध्य प्रदेश में पहला ऐसा सप्त गो-मंदिर, जिसमें अलग-अलग प्रजातियों की गाय के होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को संत आशाराम आश्रम गो-शाला में सप्त गो-मंदिर का उद्घाटन विद्यायक भगवानदास सबनानी ने किया। इस मौके पर हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्र शेखर तिवारी, सेवा निवृत्त संयुक्त कलेक्टर राम तिवारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सर्व प्रथम विद्यायक सबनानी द्वारा मंदिर का विधि विधान से द्वार-पूजन किया इसके बाद सप्त गो-मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन, गो-ग्रास, आरती व प्रदक्षिणा की। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने सामुहिक रूप से पूजन में भाग लिया।

इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थी भी उपस्थित थे। नालंदा विद्यालय, ऋषि वैली, हिंदी मीडियम गुरुकुल एवं इंग्लिश मीडियम गुरुकुल के बच्चों ने गो-ज्ञान प्रितयोगिता में भाग लिया। जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समिति सदस्य ओम प्रकाश कृपलानी, जयकिशन चंदानी, ठाकुरदास पंजवानी, रितेश राजदेव, मोहन लाल गुप्ता, अरविंद यादव, राजू ग़ज़वानी, राम लखन गुप्ता, अशोक मालवीय सहित युवा सेवा संघ की टीम उपस्थित रही। मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि आश्रम में स्थापित यह सप्त गो-मंदिर मध्य प्रदेश का पहला ऐसा गो-मंदिर है, जिसमें शुद्ध भारतीय नस्ल की सात अलग-अलग प्रजातियों की गायों को रखा गया है, जिनका नित्य प्रतिदिन पूजन परिक्रमा व दर्शन सैंकड़ लोग करेंगे। जन मानस में गो-माता के प्रति प्रेम व सद्भाव बढ़ाने का यह बहुत बड़ा केंद्र बनेगा।


सप्त गो-मंदिर में विधायक भगवानदास सबनानी गोमात की पूजा करते हुए।

## नप सीएमओ रहंगडाले के कार्यों से स्थानीय लोग प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर परिषद में सीएमओ किरन रहंगडाले की कार्यप्रणाली से नगर में खूब चर्चा हो रही है। नगर परिषद के कर्मचारियों को अनुशासन एवं समय पर आने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि आम जनता के काम समय सीमा में किए जाएं। भ्रष्टाचार, कमीशन बाजी सब बंद करो और जनता का काम करो।

सीएमओ किरण रंहगडाले ने कहा कि भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा की मनसा अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता एवं नगर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए हम सब मिलकर कार्य करें। नगर में विकास के कार्य योजना को लागू करने के लिए समस्त नगर परिषद के कर्मचारियों को रोज़ समझाइश देती हैं। सीएमओ किरण रंहगडाले की कार्य प्रणाली और नगर के विकास एवं स्वच्छता के कार्य शीघ्र करने पर नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पार्षद दीपू परमार, पार्षद भारती नरेश सेठी, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, प्रीति अनूप चौधरी, शंकर लाल इरपाचे आदि ने प्रशंसा की।

## शहर में धूमधाम से कल होगा तुलसी-सालिगराम का भव्य विवाह समारोह

### शाम 4 बजे निकलेगी शोभायात्रा

**मंडीदीप।** शहर में कार्तिक मास की देवोत्थानी एकादशी के पावन अवसर पर तुलसी-सालिगराम विवाह समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन शनिवार को राधा कृष्ण सेवा समिति द्वारा वार्ड 1 स्थित सरकार भवन, महावीर नगर में संपन्न होगा। आयोजन की शुरुआत शाम 4 बजे मुख्य बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से शोभायात्रा के साथ होगी, जो भक्तों की भारी भीड़ के बीच सरकार भवन पहुंचेगी। यहां तुलसी और सालिगराम का पारंपरिक विधि-विधान से विवाह संपन्न किया जाएगा।

इस धार्मिक उत्सव में सहयोगी संस्थाओं के रूप में श्री हिन्दू उत्सव समिति, राम जानकी मंदिर समिति दुर्गा चौक, खेड़ापति मंदिर समिति मंडीदीप तथा श्री राधा कृष्ण युवा समिति मंडीदीप अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।


तहसील कार्यालय में बैठक लेते एसडीएम चंद्रशेखर।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**औबेदुल्लागंज।** एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने तहसील कार्यालय में राजनीतिक दलों की साथ बैठक की, जिसमें वास्तविक मतदाता ही सूची में हो इसका पुर्ननिरीक्षण कार्य की जानकारी दी, जिसमें मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम कटवाने के लिए शासकीय बीएलए के साथ समन्वय मिलाकर मतदाता सूची को पुनः निरीक्षण के लिए कहा गया।

बैठक में तहसीलदार निलेश सरवटे, ब्लॉक अधिकारी और भाजपा के दीपू परमार, माधव यादव, कांग्रेस के हरजीत सिंह मंगू, पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, दीपेश मीणा, बहुजन समाज पार्टी के कुंवर सिंह नागर आदि शामिल थे।

**कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया**

## ग्राम हर्रई में लगाई ग्राम चौपाल, 175 आवेदनों में से 113 का मौके पर ही किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले और उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की पहल पर प्रशासनिक अधिकारी गुरुवार को ग्राम हर्रई में पहुंच कर चौपाल लगाई। चौपाल में 175 आवेदनों में से 113 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। 24 आयुष्मान कार्ड, सात खाद्यान्न पात्रता पर्ची, 41 जाति प्रमाण-पत्र तथा 30 आधार कार्ड भी बनाए गए।

औबेदुल्लागंज जनपद के ग्राम हर्रई में आयोजित की गई ग्राम चौपाल लगाई गई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर उनका निराकरण किया। वहीं कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने चौपाल और शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, डेयरी एवं पशुपालन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अनेक विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

ग्राम चौपाल में पहुंची हर्रई निवासी अनीता बाई ने खाद्यान्न पात्रता पर्ची बनवाने के लिए आवेदन दिया, कुछ घंटों बाद ही उनका खाद्यान्न पात्रता बन गया, जिससे वे बेहद खुश हुईं। उन्हें कलेक्टर द्वारा खाद्यान्न पात्रता पर्ची प्रदान की गई। अनीता बाई ने कहा कि अब उन्हें भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान से हर महीने राशन मिलने लगेगा। वहीं हर्षित का आयुष्मान कार्ड बन जाने से वे भी खुश हुईं। ग्रामीणों को आचार्य विद्यासागर गोसंवर्धन योजना की जानकारी दी, जिससे वे स्वयं की डेयरी का व्यवसाय शुरू करेंगे। कांताबाई ने बताया कि हमें सरकारी योजना की जानकारी मिली है, इसके साथ ही आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की गई। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, जनपद सीईओ निखिलेश कटारे सहित जनपद के पदाधिकारी मौजूद रहे।



ग्रामीण को डेयरी खोलने स्वीकृति पत्र देते हुए।


चौपाल में स्टॉलों का निरीक्षण करते कलेक्टर।

### हादसे में सिर, चेहरे और सीने में गंभीर चोटें आई, चल रहा इलाज

# एमसीयू की तीसरी मंजिल से मास्टर इन मॉस कम्युनिकेशन के प्रथम सेमेस्टर का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में गिरा, गंभीर

**सोशल मीडिया पर एनसीईआरटी ज्ञान नाम से चलाता है पेज, 5 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में गुरुवार सुबह मास्टर इन मास कम्युनिकेशन के प्रथम सेमेस्टर का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। हादसे में उसके सिर, चेहरे और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज चल रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची रातीबड़ पुलिस हादसे को लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में जानकारी मिली है कि हादसा सुबह करीब 11 बजे का है। दिव्यांश क्लास से बाहर निकला और बालकनी की तरफ गया। उसी समय क्लास में बैठे बच्चों को अचानक नीचे गिरने की तेज आवाज सुनाई दी।

चीख पुकार की आवाज सुनकर क्लास में बैठे छात्र और स्टाफ बाहर की तरफ दौड़े। इस दौरान दिव्यांश नीचे फर्श पर पड़ा नजर आया। तत्काल छात्रों ने दिव्यांश को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाहपुरा स्थित बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीचे गिरने से छात्र को सिर और सीने में गहरी चोटें आई हैं और स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।

### दोस्तों ने बताया दौड़ते हुए गया


दिव्यांश, मृतक

पुलिस ने उसके क्लास के छात्रों के बयान दर्ज किए है। थाना प्रभारी रास बिहारी ने बताया कि छात्रों के बयान में पता चला कि क्लास छूटने के बाद वह भी दोस्तों के साथ बाहर निकला था। सभी मजाक-मस्ती करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तभी दिव्यांश ने दौड़ लगा दी। असंतुलित होकर वह अचानक नीचे गिर गया। दिव्यांश चौकसे सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय है। वह एनसीईआरटी ज्ञान नाम से शिक्षा का अकाउंट चलाता है, जिसके 5 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। छात्र और शिक्षक दोनों ही उसकी मेहनत और ज्ञानवर्धक सामग्री की सराहना करते हैं। रातीबड़ थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला हादसे से जुड़ा नजर आ रहा है। घटनास्थल पर किसी तरह के आत्महत्या के संकेत नहीं मिले हैं। साथी छात्रों ने भी बताया कि दिव्यांश खुशमिजाज और पढ़ाई में अच्छा छात्र है। करीब एक साल से वह एक अखबार के डिजिटल प्लेटफार्म पर सेवाएं दे रहा है।

## अष्टानिका पर्व : दूसरे दिन पर्व का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

डॉ. मीना जैन ने गुरुवार को दूसरे दिन प्रवचन में कहा जैन धर्म में अष्टानिका पर्व वर्ष में तीन बार कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ मास के अंतिम 8 दिनों में मनाए जाते हैं। इन अंतिम 8 दिनों में पूजन, विधान का विशेष महत्व है। जैन परंपरा में ऐसी मान्यता है कि इन दिनों में सौधर्म इंद्र अपने सभी देवों के साथ मिलकर नंदीश्वर दीप में जाकर पूजन अर्चन आदि करके पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।

इस 52 जिन भवन होते हैं, जिनमें प्रत्येक भवन में 108 प्रतिमाएं 500 धनुष तन की अबगहना की होती है। यें जिनमंदिर शाश्वत हैं, जिन्हें न किसी ने बनाया है और न ही छय होते हैं। हम श्रावक नंदीश्वर दीप की पूजन विधान और सिद्ध चक्र विधान आदि करके अपनी भक्ति को प्रकट करते हैं। अपने आप को सौधर्म आदि इंद्र मानकर और मंडल पर सिद्ध चक्र की प्रतिकृति नंदीश्वर दीप की प्रतिकृति मंडल बनाकर पूजन अर्चन करके अपने आप को धन्य मानते हैं।



## पेज एक का शेष...

### मातृभूमि के अनुयायी....

में चर्चा होगी। गृह संपर्क अभियान के क्रियान्वयन की व्यापक रूपरेखा तय करने के कई प्रस्ताव आए, जिन पर बैठक में निर्णय लिया जाएगा। संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक गुरुवार को जबलपुर के कचनार सिटी में प्रारंभ हो गई। शुभारंभ संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया। बैठक में हिंदू सम्मेलनों के आयोजन से संबंधित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा उपरांत एक लाख से अधिक सम्मेलन करना प्रस्तावित हुआ। हिंदू की विस्तृत व्याख्या की गई, जिसमें माना गया कि कर्म, निवास या वर्ण के आधार पर नहीं बल्कि मातृभूमि के सभी अनुयायियों और वंदे मातरम को शिरोधार्य करने वाले सभी हिंदू है। अतः हिंदू सम्मेलनों को संकुचित मानसिक परिधि से बाहर लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक के प्रारंभ में पिछले दिनों में समाज जीवन की दिवंगत हस्तियों व देश के अन्य भागों में प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कुल 407 कार्यकर्ता ...

द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भी जानकारी दी गई। बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और वंदेमातरम रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी किए जाएंगे तथा होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा भी होगी

### 3 नवंबर से ...

और दो नवंबर को कुछ राहत रहेगी। 3 नवंबर से बारिश फिर बढ़ेगी, जो तीन से चार दिन प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में जारी रहेगी। अभी प्रदेश के तीन तरफ सिस्टम होने के साथ 3 नवंबर को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, अगले तीन से चार दिन में सर्दी और बढ़ जाएगी। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को कुछ जिलों में तेज से मध्यम बारिश होगी। इनमें प्रमुख रूप से सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, मंडला, बालाघाट, मैहर आदि जिलों में तेज बारिश होगी। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा। गुरुवार को प्रदेशभर में दिन के पारे में औसतन एक डिग्री तक और कमी आई। दिन का पारा सामान्य से औसतन 8 डिग्री तक नीचे रहा। नौगांव, टीकमगढ़, दतिया, गुना, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन आदि जिलों में पारा 9 से 11 डिग्री तक कम रहा है। भोपाल में सीजन का सबसे कम दिन का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 24 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7.6 डिग्री कम है।

### सुबह से शाम ...

33, गुना 16, मलाजखंड में 29 मिमी बारिश हुई। शेष आधा दर्जन जिलों में बूंदावांदी रही।

### नई डोन पॉलिसी से...

ड्रोन को ज्यादा आधुनिक बना रहे हैं। दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय ड्रोन तकनीक की ताकत देखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से भारत ने दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी और वर्कशॉप की शुरूआत और अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, स्टार्टअप और औद्योगिक संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर पहुंचकर ड्रोन तकनीक के शैक्षणिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में ड्रोन प्रदर्शनी एवं हैंड्स ऑन वर्कशॉप आयोजित की गई। साथ ही राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विशेषज्ञों के प्रेरक व्याख्यान, ड्रोन उड़ान के लाइव डेमो एवं टेक्निकल शोकेस, इनोवेशन चैलेंज एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

### ड्रोन टैक्सी ने भरी...

तक वजन हवा में कहीं पर भी पहुंचाया जा सकता है। ऐसे में छोटे कृषि उपकरण सहित अन्य सामान्य भी इससे आसानी से भेजे जा सकते हैं।

### बच्चे खूब पढ़ें...

बढ़ें, इसके लिए सरकार हर समय विद्यार्थियों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों को त्वरित रूप से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राशि अंतरण के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में जारी की। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले वर्चुअली जुड़े।

### विद्यार्थियों को सार्वजनिक ....

विद्यालयों में 20 प्रतिशत सीटों पर जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय, 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज तैयार हो रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 और 9वीं के 4 किमी दूर रहने वाले 1 करोड़ विद्यार्थियों को निःशुक्ल साइकिलें वितरित की हैं। बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 5 लाख विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए गए हैं। विद्यार्थियों को नीट, क्लेट, जेईई सहित सभी प्रकार की कोचिंग भी निःशुल्क प्रदान करने के लिए योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय होना चाहिए।

### दो हलफनामे पेश, सरकार...

तय की है। जबलपुर के शिक्षक मुकेश सिंह बरकड़े सहित राज्य के विभिन्न जिलों के 27 शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस प्रणाली के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एप से उपस्थिति दर्ज न कर पाने पर विभागीय अधिकारी शिक्षकों को परेशान कर रहे हैं। कुछ मामलों में वेतन रोकने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी भी दी गई है। राज्य सरकार की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि 'हमारे शिक्षक' एप सुचारू रूप से काम कर रहा है और प्रदेश के करीब 73% शिक्षक नियमित रूप से इसका उपयोग कर रहे हैं। सरकार ने नेटवर्क समस्या और तकनीकी खामियों को नकारते हुए कहा कि शेष शिक्षक भी एप के प्रयोग के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे हैं।

### काठगोदाम के जंगल...

चार दिन पहले मध्यप्रदेश से बिना बताए हल्द्वानी पहुंचे थे। करीब छह माह पहले मध्यप्रदेश में इनके पिता मनोज मिश्रा, मां ममता मिश्रा ने भी जहर खाकर आत्महत्या की थी। दोनों भाइयों ने किस कारण जहर खाया है पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार रीवा ग्राम मणिकवार निवासी शिवेश व बृजेश मिश्रा बुधवार की दोपहर काठगोदाम के भद्यूनी जंगल में पानी की टंकी के पास पहुंचे। बीच जंगल से घिरी पानी की टंकी के पास बैठकर दोनों ने सल्फास खा लिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि मृतक के परिजन को घटना की सूचना दे दी है। वह लोग मध्यप्रदेश से हल्द्वानी के लिए रवाना हो गए हैं। दोनों सगे भाई गांव में अपनी 80 वर्षीय दादी के साथ रहते थे।

**CHANGE OF NAME**

I, JAGDISH BAGHEL S/O BHAGVANALAL R/O BER KHEDA, SABALGARH, MORENA, MADHYA PRADESH-476229 have changed the name of my minor son UMESH BAGHEL aged 17 years and he shall hereafter be known as OMESH BAGHEL.

**MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON, DISTRICT-SURAJPUR**

**E-Procurement Tender Notice**

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in,
UDD Portal: https://uad.cg.gov.in

NO:1287/NIT/BHATGAON/S/2025-26 BHATGAON Dated-29/10/2025

**Online bids are invited for the following works of Items up to:**

Start Date and Time 29/10/2025 (Start date & time of Bid preparation) at 17:31 PM on wards.

| NO. | SYSTEM TENDER NO | Name of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 178249 | Construction of mini stadium at ward no. 05 | Rs. 190.40 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 29-10-2025 17:31 PM and Bid Due Date & Time 14-11-2025 Before 17.30 PM onwards.

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Bhatgaon**
**District-Surajpur (C.G.)**

### चलती गाड़ियों पर....

हैं। हादसा गुरुवार करीब 8:30 बजे सागौर इलाके में हुआ। दोपहर करीब 2:30 बजे परमार समाज के लोगों ने महू नीमच राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे करीब 8 किमी तक वाहनों की कतार लगी रही। मृतकों के परिजन मुआवजे और नौकरी की मांग कर रहे थे। एसडीएम राहुल गुप्ता और परिजन के बीच चर्चा के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद शाम चार बजे धरना-प्रदर्शन खत्म हो गया। इस दौरान मृतक के परिजन को 12 लाख रुपए की सहायता राशि देने पर सहमति बनी है। इसके बाद परिजन शव लेकर रवाना हो गए। मौके पर 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। क्षेत्र में तनाव के चलते आंसू गैस के गोले छोड़ने वाली गन और नगर पालिका के पानी के टैंकर भी बुलाए गए हैं। पीथमपुर में करीब 500 मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज का काम तीन साल से चल रहा है। क्रेन के नीचे लोहे की प्लेट नहीं लगाने के कारण वजन उठाते ही क्रेन का एक हिस्सा सड़क में धंसने लगा। जैसे ही, बैलेंस बिगड़ा क्रेन पलटी खा गई। रेलवे के पीआरओ खेमराज मीणा का कहना है कि हमने दो महीने पहले स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखकर इस रोड को बंद कराने के लिए कहा था। उसके बाद भी आवागमन जारी था।

### 23 साल के ....

शादी उसके माता-पिता और परिजनों ने मिलकर कराई थी। अब 15 साल की उम्र में वह गर्भवती होकर बच्चे को जन्म दे चुकी है। फिलहाल लड़की और उसका बच्चा मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। कटंगी थाना पुलिस ने बाल विवाह कराने के आरोप में बच्ची के मां-पिता समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, चार दिन पहले 15 साल की बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि मझौली क्षेत्र की 13 साल की बच्ची की शादी 10 जुलाई 2023 को 23 साल के युवक राजेश से नाहन देवी मंदिर में कराई गई थी।

### वर्क वीजा नवीकरण...

सीधा असर बड़ी संख्या में अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा। होमलैंड सुरक्षा विभाग की ओर से नियमों में किए गए संशोधन के अनुसार यदि विदेशी पेशेवरों के वीजा नवीनीकरण को वीजा समाप्ति तिथि से पहले मंजूरी नहीं मिलती है, तो वे नौकरी के लिए मिला ऑथराइजेशन खो देंगे। इससे पहले के नियमों के तहत ज्यादातर लोग वीजा नवीनीकरण के लंबित रहने पर काम जारी रख सकते थे। इस बदलाव का उद्देश्य रोजगार ऑथराइजेशन की नई अवधि प्रदान करने से पहले विदेशियों की उचित जांच और स्क्रीनिंग को प्राथमिकता देना है। नए नियम एफ-1 छात्र वीजा, एच-1बी वीजा धारकों के एच4 वीजा धारक जीवनसाथी और अमेरिका में स्थायी निवास के लिए आवेदन करने वालों पर लागू होगा।

### ऑडिशन के लिए...

हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, कुछ ही देर बाद यह खबर आई कि आरोपी रोहित आर्य की गोली लगने से मौत हो गई है। पुलिस ने बंधकों को बचाते वक्त आरोपी पर गोली चलाई थी। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**बंधक बनाने वाले ने कहा था उकसाया तो आग लगा दूंगा:** आरोपी रोहित आर्य स्टूडियो में ही काम करता था। उसने एक वीडियो भी जारी किया था। इसमें उसने धमकी दी थी-मैं रोहित आर्य। मैंने आत्महत्या करने की जगह एक प्लान बनाया और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाया। मेरी कुछ ज्यादा मांगें नहीं हैं। मेरी कुछ नैतिक मांगें हैं। कुछ लोगों से सवाल पूछने हैं। मुझे उनके जवाब चाहिए। न मैं आतंकी हूं, न मेरी पैसों की कोई मांग है। मुझे आसानी से बात करनी है, इसी के लिए बच्चों को बंधक बनाया है। अगर जिंदा रहा तो मैं यह करूंगा, लेकिन होगा जरूर। आपकी तरफ से एक छोटा सा कदम मुझे उकसा देगा और मैं पूरी जगह को आग लगाकर मर जाऊंगा।

इससे बच्चों को बेवजह नुकसान होगा, वे निश्चित तौर पर डर जाएंगे। इसका जिम्मेदार मुझे न माना जाए। मैं सिर्फ बात करना चाहता हूं। मैं अकेला नहीं हूं, मेरे साथ कई सारे लोग हैं, जिन्हें परेशानियां हैं। रोहित बार-बार बच्चों को मारने की की धमकी दे रहा था। उसके पास कुछ केमिकल थे, जिसके कारण वो आग लगाने की बात कह रहा था। पुलिस को मौके से एयर गन और कुछ केमिकल्स मिले हैं। फिलहाल फॉरेंसिक टीम सबूतों की जांच में जुटी है। मुंबई पुलिस को अभिभावकों की तरफ से गुरुवार दोपहर 1:45 बजे फोन आया था। घटना के बारे में जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा जल्द ही मामले की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक 0845/अ-6/2025-26**

**::: उद्घोषणा पत्र :::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री कमलेश पटेल पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण पटेल निवासी ई-2/22, अरेरा कॉलोनी जिला भोपाल द्वारा एक किता आवासीय लीज होल्ड भूखण्ड क्रमांक ई-5/142 क्षेत्रफल 297.39 वर्गमीटर अर्थात् 3200 वर्गफिट विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 43आईजीआर 16952025ए100187205 दिनांक 31.03.2025 क्रय किया गया, क्रय उपरांत आवेदक द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 11/11/2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28 /10/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार**
**जिला भोपाल**

**कार्यालय राजस्व- निरीक्षक वृत्त बावडियाकलां तहसील-कोलार, जिला भोपाल म.प्र.**

**क्र.04/रा.नि./2025**
**भोपाल, दिनांक 28/10/2025**
**सूचना पत्र**

प्रति,

1. श्री जय कुमार आ.एल.एन जोशी नि. 100/- वार्ड 30 ग्वालटीला होशंगाबाद, 2. अरूणा पत्नि राजेन्द्र सिंह (ख.क्र.441/08), 3. रमा गुप्ता पत्नि स्व. केलाशचंद्र गुप्ता (ख.क्र.441/10) , 4. रश्मि गुर्जर पत्नि संजय गुर्जर (ख.क्र.441/11), 5.अजय प्रकाश आ. बाबूलाल (ख.क्र. 441/12), 6. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है।

आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल के राजस्व प्राकरण क्रमांक-0082/अ-3/2025-26 में आवेदक श्री जय कुमार आ.एल.एन. जोशी निवासी होशंगाबाद (म.प्र.) द्वारा ग्राम बावडियाकलां प.ह.नं.-10 रा.नि.मं. 04 तहसील-कोलार, जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 441/9 रकबा 0.142 हे. रकबा 0.142 हे. कुल रकबा 0.141 हेक्टेयर का राजस्व-अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज करने की कार्यवाही का स्थल का सीमांकन कर नक्शा बटांन, पंचनामा, सूचना-पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है । अतः उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 07/11/2025 को आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया।

**राजस्व-निरीक्षक**

**DIRECTORATE OF SPORTS & YOUTH WELFARE**
**T.T. Nagar Stadium, Bhopal-462003**
**Tel. : 0755-2773012, 2778151**

**E-TENDERING NOTICE**

1. The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, M.P. Bhopal invites bids from reputed Firm/Organizations with relevant background and experience for Supply & Installation of Rehabilitation & Training Units for Sports Academy Centres
2. The bids will be received through electronic tendering mode only. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www. mptenders.gov.in.** If there any queries regarding participation through e-tender process, interested bidder may contact on 0755-2773012.
3. The corrigendum and agendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/122752/2025 **DIRECTOR**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bonds | Foam & Mattress
GUPTA DECOR & FURNISHING
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal SUNDAY OPEN

**CHANGE OF NAME**

This is to inform that earlier my name was FARHA NAIM. Which is written in my passport. But now after marriage I have changed my name to FARHA ALTAMASH. I am now known as FARHA ALTAMASH W/O ALTAMASH NOMANI. From now on I should be known as FARHA ALTAMASH W/O ALTAMASH NOMANI in all the documents. ADDRESS : H.NO.07,AL ZAIB VILLA,NEAR MAULANA AZAD COLONY,IDGAH HILLS BHOPAL M.P. 462001

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473




नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6033



**बाएँ से दाए-**

1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6032 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | व | का | श | ■ | प्र | ति | घा | त | ■ |
| खु | ■ | ■ | ■ | रा | व | ण | ■ | ■ | ■ | मु |
| शा | ■ | ना | या | ब | ■ | य | ती | म | ■ | क |
| म | ■ | ह | ■ | खा | र | क | ■ | ज | ■ | र |
| द | या | क | र | ना | ■ | था | ह | मा | प | ना |
| ■ | प | ■ | फ्ता | ■ | ■ | ■ | सी | ■ | ठ | ■ |
| अ | न | व | र | त | ■ | म | न | भ | र | ना |
| नु | ■ | रा | ■ | म | ध्य | म | ■ | र | ■ | मा |
| रो | ■ | ह | र्षि | त | ■ | ता | ली | म | ■ | कू |
| ध | ■ | ■ | ■ | मा | त | म | ■ | ■ | ■ | ल |
| ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | य | ज | मा | न | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6043

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6042 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

पांच साल पहले कंपनी की तिमाही आय 50 अरब डॉलर थी

# गूगल ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि, पहली बार तिमाही राजस्व पहुंचा 100 अरब डॉलर के पार

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल और उसकी मूल कंपनी अल्फाबेट ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने पहली बार किसी तिमाही में 100 अरब डॉलर से अधिक का राजस्व दर्ज किया है। सभी प्रमुख व्यावसायिक खंडों में दो अंकों की वृद्धि ने इस रिकॉर्ड को संभव बनाया।

## व्यवसाय में दो अंकों की वृद्धि से संभव


सुंदर पिचाई

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए इसे माइलस्टोन क्वार्टर करार दिया। उन्होंने लिखा कि हमने अपने इतिहास का पहला 100 अरब डॉलर का तिमाही राजस्व दर्ज किया है। यह हर प्रमुख व्यवसाय में दो अंकों की वृद्धि से संभव हुआ है। पांच साल पहले हमारी तिमाही आय 50 अरब डॉलर थी।

## *यह उपलब्धि एआई रणनीति पर बढ़ते फोकस के कारण*

*रिपोर्ट के अनुसार, गूगल के प्रमुख उत्पाद सर्च, यूट्यूब और क्लाउड सभी में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। यह कंपनी की एआई रणनीति पर बढ़ते फोकस का परिणाम है। पिचाई ने कहा कि गूगल का फुल-स्टैक एआई अप्रोच अब वास्तविक गति पकड़ चुका है। कंपनी के उन्नत एआई मॉडल जेमिनी 2.5 प्रो, वीओ, जिनी 3, और नैनो इस क्षेत्र में नवाचार का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1.3 करोड़ से अधिक डेवलपर्स गूगल के जेनरेटिव एआई मॉडल्स के साथ काम कर चुके हैं। कंपनी इस वर्ष के अंत तक जेमिनी 3 लॉन्च करने की योजना बना रही है।*

निवेशकों की मुनाफावसूली और विदेशी दबाव का असर

# लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स 592 अंक नीचे 84,404 पर बंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक दिन की मजबूती के बाद भारतीय शेयर बाजारों में फिर से गिरावट आई है। गुरुवार 30 अक्टूबर को निवेशकों की मुनाफावसूली और विदेशी दबाव से बाजार लाल निशान में खुला। बीएसई सेंसेक्स 592 अंक फिसल कर 84,404 पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 176 अंक लुढ़कर 25,877 पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत गिरकर 64.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,540.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। बुधवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 368.97 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 84,997.13 पर बंद हुआ। निफ्टी 117.70 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 26,053.90 पर बंद हुआ।


शेयर बाजार

## *फेड अध्यक्ष की टिप्पणियों से बाजार की धारणा कमजोर हुई*

*मेहता लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि एफआईआई कल के सकारात्मक सत्र में शुद्ध बिकवाल रहे। वॉल स्ट्रीट के रात भर के ठहराव ने सतर्कता के रुख को और बढ़ा दिया, डॉव 48,000 के स्तर को पार करने के बाद फिसल गया, जबकि फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों ने दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को पीछे धकेल दिया, जिससे धारणा और कमजोर हो गई। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, ₹अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने व्यापक रूप से अपेक्षित 25 आधार अंकों की ब्याज दर में कटौती की है।*

कृषि उपज में नमी होने से नीलाम प्रांगण में व्यापारी बढ़-चढ़कर बोली नहीं लगा रहे हैं

## बेमौसम बारिश से कृषि उपज में नमी, कम भाव बिक्री को मजबूर किसान

# मंडी में सोयाबीन समर्थन मूल्य से 2100 रुपए क्विंटल तक नीचे भाव पर नीलाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भाव

बेमौसम बारिश से कृषि उपजों में नमी आ गई है, जिससे उपज की गुणवत्ता कमजोर पड़ गई है।। जिससे स्थानीय करोंद मंडी सहित मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडियों में कम भाव किसानों को उपज के लिए बेचने मजबूर होना पड़ा रहा है। बेमौसम बारिश से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी स्थित अनाज कारोबारी और ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मंडी पहुंच रही कृषि उपज में नमी होने से नीलाम प्रांगण में व्यापारी बढ़-चढ़कर बोली नहीं लगा रहे हैं। उपज की खरीदी कम दाम पर हो रही है।

अनाज कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि मंडी प्रांगण सोयाबीन समर्थन मूल्य से 2100 रुपए कम भाव में बिक रहा है। सोयाबीन क्वालिटीनुसार 3200 से 4200 रुपए क्विंटल के भाव बिक रहा है। सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5325 रुपए क्विंटल है।

संजीव जैन ने बताया कि सरकार के निर्देश पर सरकारी नोडल एजेंसी किसानों भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी 24 अक्टूबर से शुरू कर दी है, लेकिन भावांतर का मॉडल रेट 7 नवंबर को घोषित होने से सोयाबीन उत्पादक किसान उलझन में हैं। अनाज व्यापारी संजीव जैन ने बताया कि गुरूवार को स्थानीय गल्ला मंडी में सोयाबीन की आवक 5 हजार बोरे की रही है। मक्का की आवक 400 बोरा की, जो कि 1200 से 1800 रुपए क्विंटल क्वालिटीनुसार बिका। जबकि सभी किस्म के गेहूं की आवक 1500 बोरे की रही है। मंडी में मालवा शक्ति गेहूं 2450 से 2650 रुपए, 1544 किस्म का गेहूं 2600 से 2800 रुपए, मिल क्वालिटी गेहूं 2500 से 2500 रुपए, लोकवन गेहूं 2600 से 2800 रुपए और शरबती गेहूं 3200 से 3300 रुपए क्विंटल के भाव तक नीलाम हुआ।

## करोंद मंडी में 1500 बोरा पूसा बासमती धान


करोंद मंडी में धान

संजीव जैन ने बताया कि मंडी बासमती पूसा किस्म धान की आवक गुरूवार को 1500 बोरी की रही, जो कि 1800 से 2600 रुपए क्विंटल के भाव बिका। किसानों द्वारा लाई जा रही धान में काफी नमी है जिसके चलते उत्पादकों को उनकी उपज का भाव कम मिल रहा है। उन्होंने कि पिछले साल पूसा बासमती धान 3000 से 3200 रुपए क्विंटल के भाव बिकी थी जो मौजूदा समय में मौसम बदलाव के चलते क्वालिटीनुसार 1200 रुपए प्रति क्विंटल नीचे भाव पर बिक रही है।

### बेमौसम बारिश के कारण मक्का में नमी, गुणवत्ता प्रभावित

मंडी सचिव प्रवीण वर्मा और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार मौसम का मिजाज गड़बड़ाने से अनाज सुखाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए मंडी में नमीयुक्त मक्का पहुंच रहा है और कम भाव पर नीलाम हो रहा है।

## मप्र में 62 हजार किसानों ने 10 लाख और भोपाल मंडी में 448 लोगों ने 17 हजार क्विंटल सोयाबीन बेचा


मंडी में सोयाबीन

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियों में भावांतर योजना के तहत 24 अक्टूबर से अभी पंजीकृत किसानों में से 62 हजार किसानों ने 10 लाख क्विंटल सोयाबीन बिक्री की । तो भोपाल के करोंद अनाज मंडी में 448 किसानों ने 17 हजार क्विंटल सोयाबीनन की बिक्री अब तक की। प्रदेश में सोयाबीन फसल के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। प्रदेश में सोयाबीन की बुवाई का रकवा गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 58.72 लाख हेक्टेयर था जो वर्तमान में 53.20 लाख हेक्टेयर है।

## मंडी बोर्ड में शुरू हुई भावांतर हेल्पलाइन


मंडी बोड मुख्यालय

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड ने प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई सोयाबीन भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी जो 24 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो चुकी है उसके प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए कृषकों, व्यापारी संगठनों, मंडी बार्ड /मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया। यह हेल्पलाइन गुरूवार यानी 30 अक्टूबर से निरंतर योजना अवधि तक कार्यरत रहेगी। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कृषकों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे भावांतर योजना 2025 का अधिक से अधिक लाभ लें तथा आवश्यक जानकारी के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करें।

# सैमसंग ने जीती 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' में 1 करोड़ रु. की ग्रांट

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम


विजेताओं की घोषणा

इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025' के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। यह कार्यक्रम युवा छात्रों को प्रेरित करता है कि वे तकनीक के माध्यम से अपने समुदायों की वास्तविक चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और प्रभावशाली समाधान विकसित करें। शीर्ष चार विजेता टीमें पर्सेविया (बेंगलूरू), नेक्स्टप्ले.एआई (औरंगाबाद), पैरास्पीक (गुरुग्राम) और पृथ्वी रक्षक (पलामू) को 1 करोड़ रुपए की इनक्यूबेशन ग्रांट प्रदान की गई। ये टीमें आईआईटी दिल्ली के एफआईआईटी लैब्स में विशेषज्ञ मेंटरशिप के साथ अपने प्रोटोटाइप को बड़े पैमाने पर उपयोगी समाधानों में विकसित करेंगी। जूरी पैनल में सैमसंग के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ शिक्षा, सरकार और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल थे।

## होंडा ने देशभर में 35 मिलियन एक्टिवा ग्राहकों तक पहुंच बनाई

**गुरुग्राम।** देश की अग्रणी दोपहिया निर्माता कंपनी, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने एक्टीवा श्रृंखला एक्टिवा 110, एक्टीवा 125 और एक्टिवा - आई की 35 मिलियन यूनिट्स की बिक्री का महत्वपूर्ण माइलस्टोन पार किया है।

यह उपलब्धि एक्टिवा की देशभर के ग्राहकों के बीच मजबूत पकड़ और लोकप्रियता को दर्शाती है। यह माइलस्टोन 24 वर्षों की अवधि में हासिल किया गया है। एक्टिवा की मौजूदगी सचमुच पूरे भारत में है। 2001 में लांच होने के बाद से ही एक्टिवा ने देश में टू-व्हीलर ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा बदल दी है, जिससे लोगों को भरोसेमंद और आसान मोबिलिटी का अनुभव मिला है। एचएमएसआई की ग्रोथ में एक्टिवा ने हमेशा अहम भूमिका निभाई है और भारतीय दोपहिया बाजार में ब्रांड की मजबूत मौजूदगी को बढ़ाया है।

**In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**

Presiding Officer: श्रीमती मेघा अग्रवाल
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000176/2023)

वीथिका गुप्ता................आवेदक
vs
स्टेट बैंक लाइफ इंश्योरेंस............... अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दिनांक :- 14/11/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका वीथिका गुप्ता पता ने मृतक स्व.श्री विकास गुप्ता निवासी- पवई 09 आकृति एक्युआ सिटी 11मील वायपास रोड छान मिसरोद भोपाल राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 November 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 November 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 26 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

न्यायाधीश
श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड भोपाल (म. प्र.)

एमआईएल समूह के सीएफओ सलील कुमार ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है

# एमईआईएल एनर्जी ने तमिलनाडु में 250 मेगावॉट के पावर प्लांट का अधिग्रहण किया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद


लिग्नाइट पावर प्लांट

एमईआईएल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एमईआईएल एनर्जी) ने अबू धाबी नेशनल एनर्जी कंपनी पीजेएससी (टाका) से टाका नेवेली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड का 100 फीसदी अधिग्रहण कर लिया है। तमिलनाडु के नेवेली में स्थित यह 250 मेगावॉट क्षमता वाला लिग्नाइट आधारित पावर प्लांट राज्य की बिजली कंपनी को लगातार सप्लाई दे रहा है। इस अधिग्रहण से एमईआईएल की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 5.2 गीगावॉट से अधिक हो गई है। एमईआईएल समूह के सीएफओ सलील कुमार मिश्रा ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत एमईआईएल अपने ईपीसी कार्यों के साथ ऊर्जा परिसंपत्तियों का मालिक और संचालक दोनों बनना चाहती है। कंपनी थर्मल, हाइड्रो और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में टिकाऊ और भरोसेमंद परियोजनाएँ विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिजनेस न्यूज

### रामकृष्ण कॉलेज अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में सीएमई का आयोजन



**भोपाल।** रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर भोपाल के प्रसूति फ्रॉम वायरस टू वेक्सीन अ कामप्रेनशिव एवं सलो अपडेट ऑन एच वी पी रोग विषय पर एक सतत चिकित्सकीय शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. वरूणा पाठक एवं डॉ. गीता कथैत राय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों , एमबीबीएस छात्रों, इंटर्न्स एवं संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सीएमई का शुभारंभ डीन इंचार्ज डॉ. सुनील नंदेश्वर ने किया। स्वागत भाषण प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. वरूणा पाठक ने दिया। वैज्ञानिक सत्र की शुरुआत डॉ. वरुण चंद्रा, निदेशक, माइक्रोविजन डायग्नॉस्टिक्स, भोपाल, द्वारा "एचपीवी अवलोकन" विषय पर व्याख्यान से हुआ, जिसमें उन्होंने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस शामिल है की वाइरोलॉजी, महामारी विज्ञान एवं रोग-भार पर विस्तृत जानकारी दी। आरकेडीएफ के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर एवं आर.के.डी.एफ. यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने इस सफल आयोजन पर हृदय से बधाई दी और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की।

### एरोफ्लेक्स खरीदेगी देव आईटी में 21 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** कंपनी के निदेशक मंडल ने 1.5 करोड़ कन्वर्टिबल वारंट्स को 45.45 रुपए प्रति वारंट के हिसाब से एरोफ्लेक्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड को वरीयता आधार पर जारी कर अधिकतम 68.18 करोड़ रुपए तक की पूंजी जुटाने को मंजूरी दी है। ये वारंट समान संख्या में इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय होंगे। इस कदम का उद्देश्य कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाना और विकास के अगले चरण को समर्थन देना है। एरोफ्लेक्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड, वरीयता इश्यू के पूरे आवंटन के बाद, देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड में 21.03 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी।

### एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स ने चिपिक्स टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता किया

**हैदराबाद ।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने चिपिक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच एक सहयोगी ढांचा स्थापित करता है, जिसके तहत एमआईसी के उत्पाद रोडमैप के अनुरूप कस्टम सेमीकंडक्टर सॉल्यूशंस का संयुक्त विकास किया जाएगा।

### फिशर वेंचर्स की आय में 123 फीसदी का उछाल

**मुंबई।** फिशर मेडिकल वेंचर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने दूसरी तिमाही में कुल आय 88.79 करोड़ रुपए अर्जित की है। कंपनी एबीटडा 18.74 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। शुद्ध लाभ 13.96 करोड़ और शुद्ध लाभ मार्जिन 15.72 फीसदी दर्ज हुआ। कंपनी के अध्यक्ष रविंद्रन गोविंदन ने कहाकि दूसरी तिमाही में फिशर के लिए एक बहुत ही मजबूत तिमाही रही।

### साम्प्रे न्यूट्रिशंस का रिलायंस प्रोडक्ट्स के लिए मैन्युफैक्चरिंग एग्रीमेंट

**तेलंगाना।** लीडिंग कन्फेक्शनरी मेन्युफेक्चरर, साम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड ने न्यूट्रास्युटिकल और फूड प्रोडक्ट के मेन्युफेक्चर और सप्लाय के लिए 8 अक्टूबर 2025 को रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के साथ एक मेन्युफेक्चरिंग एग्रिमेन्ट किया है। इस समझौते से 3 वर्षों की अवधि में सालाना 12 से 15 करोड़ रुपये का बिझनेस होने की उम्मीद है, जिससे कंपनी के रेवन्यु में अच्छी ग्रोथ होगी और इसके न्यूट्रास्युटिकल और फूड प्रोडक्ट ओपरेशन्स को समर्थन मिलेगा।

### सर्जरी के बाद मणिपाल में मरीज में चमत्कारिक रिकवरी

**कोलकाता।** मणिपाल अस्पताल मुकुंदपुर में अलीपुरद्वार के एक मरीज के बड़ी फेफड़ों की सर्जरी में चमत्कारिक रिकवरी देखने को मिली । हेल्थकेयर नेटवर्क, मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप की इस इकाई में आर्य का इलाज किया गया। उसे गंभीर दाहिनी ओर के प्ल्यूरल एम्पायमा (फेफड़ों और छाती की दीवार के बीच पस जमा होने वाली एक गंभीर बीमारी) से पीड़ित पाया गया था। डॉ. सुभाषिस साहा, कंसल्टेंट पीडियाट्रिक सर्जरी, और डॉ. सायंतन भौमिक, एसोसिएट कंसल्टेंट पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी, मणिपाल अस्पताल, मुकुंदपुर की देखरेख में इस जटिल केस का सफल प्रबंधन किया गया। इस दौरान डॉ. सौमेन मौर, फिजियोथेरेपी के माध्यम से धीरे-धीरे फेफड़ा ठीक हुआ, अंततः आर्य स्वस्थ होकर घर लौट गया।

## 15 दिन में सोना 10 हजार तो चांदी 37 हजार रुपए हुई सस्ती

# भोपाल सराफा बाजार में सोना 1.22 लाख 500 रु. प्रति दस ग्राम, चांदी हुई 1.49 लाख रुपए किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मौजूद समय में सोना-चांदी दोनों के भाव में मुंह के बल गिरे हुए है। स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में सोना 15 दिन पहले की तुलना में 10 हजार प्रति दस ग्राम सस्ता हुआ है तो चांदी 3700 हजार रुपए प्रति किलो ग्राम सस्ती हुई है। सर्राफा महासंघ भोपाल के संगठन महामंत्री ,प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने बताया कि 15 दिन पहले यानी 15 अक्टूबर को सोने का भाव 131400 रुपए प्रति दस ग्राम था, लेकिन गुरूवार यानी 30 अक्टूबर की शाम को मय 3 फीसदी जीएसटी के साथ सराफा बाजार में सोना 122500 रुपए दस ग्राम बोला गया। इसी प्रकार चांदी जो 15 अक्टूबर को 186000 रुपए प्रति किलो स्तर पर पहुंची थी गुरूवार को 149000 रुपए प्रति किलो ग्राम बोली गई। अग्रवाल ने बताया कि बीते 15 दिनों में सोना के भाव 9900 रुपए और चांदी के भाव 37000 रुपए प्रति किलो कम हुए है। उन्होंने कहाकि त्योहारों के बाद दोनों बहुमूल्य धातुओं से चमक फीकी पड़ी गई है। अतः उम्मीद है कि शादी के मौसम से फिर से दाम में रौनक आएगी।

मुंह के बल गिरा सोना, चांदी की चमक पड़ी फीकी


दोनों बहुमूल्य धातुएं

### *शादी-ब्याह के सीजन में फिर रफ्तार पकड़ सकते हैं दाम*

*बाजार जानकारों के अनुसार दिवाली-भाईदूज और छठ पूजा की रौनक ढलते ही सोने और चांदी की चमक भी मंद पड़ गई है। यह ठहराव ज्यादा दिनों का नहीं होगा, नवंबर से शुरू होने वाले शादी-ब्याह के सीजन में दाम फिर रफ्तार पकड़ सकते हैं। फिलहाल सोने-चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को सुस्त देखी है। दोनों के भाव घरेलू बाजार में गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,19,000 रुपए, जबकि चांदी के भाव 1,44,800 रुपए के करीब कारोबार की।*

### निवेशकों और ग्राहकों दोनों के लिए खरीदी एक मौका

जानकारों संजीव गर्ग (गांधी ) के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 3,942.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 4,000.70 डॉलर प्रति औंस था और शाम तक 53.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,947.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 4,398 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। उन्होंने कहाकि शादी के सीजन में हर साल मांग बढ़ती है। अभी जो गिरावट है, वह निवेशकों और ग्राहकों दोनों के लिए खरीदी एक मौका है। नवंबर के दूसरे सप्ताह से सोने की कीमतों में धीरे-धीरे उछाल लौट सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में धातुओं में गिरावट का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा

आर्थिक जानकारों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है। अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची बनी रहने की संभावना से निवेशकों का रुझान सोने-चांदी की बजाय अन्य सुरक्षित साधनों की ओर बढ़ गया ह। कॉमेक्स मार्केट में गोल्ड और सिल्वर पर दबाव बना हुआ है, जिससे भारतीय बाजार में भी कीमतों में गिरावट आई है।

कंपनी ने 1 नवंबर 2025 से लागू होने वाले नए चार्जेज और फीस स्ट्रक्चर की घोषणा की

# एसबीआई कार्ड होल्डर्स को लगेगा झटका कल लागू होंगे नए नियम, लगेगा चार्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला एसबीआई कार्ड ने अपने ग्राहकों के लिए एक अहम अपडेट जारी किया है। कंपनी ने 1 नवंबर 2025 से लागू होने वाले नए चार्जेस और फीस स्ट्रक्चर की घोषणा की है। इसमें खासतौर पर एजुकेशन पेमेंट्स और वॉलेट लोड से जुड़ी फीस बढ़ाई गई है। अगर आप स्कूल या कॉलेज की फीस ऐप्स से भरते हैं या वॉलेट में पैसे डालते हैं, तो अब आपको एक्स्ट्रा 1 फीसदी चार्ज देना होगा।

### *थर्ड-पार्टी एप से एजुकेशन पेमेंट पर 1 फीसदी शुल्क*

*एसबीआई कार्ड ने बताया कि 1 नवंबर 2025 से जो ग्राहक थर्ड-पार्टी ऐप्स जैसे कि पेटीएम, फोनपे , रेजरपे आदि के जरिए स्कूल, कॉलेज या अन्य एजुकेशनल संस्थानों की फीस भरेंगे, उन्हें 1 फीसदी ट्रांजेक्शन चार्ज देना होगा। हालांकि अगर आप सीधे स्कूल या कॉलेज की वेबसाइट या कैंपस में मौजूद पॉइंट-ऑफ-सेल मशीन से पेमेंट करते हैं, तो कोई चार्ज नहीं लगेगा।*

### *वॉलेट में 1,000 रुपए से ज्यादा रकम डालने पर भी लगेगा चार्ज*

*नए नियम के तहत अगर कोई ग्राहक अपने डिजिटल वॉलेट जैसे पेटीएम वॉलेट, अमेजन पे आदि में 1,000 रुपए से ज्यादा अमाउंट डालता है, तो अब उसे भी 1 फीसदी का चार्ज देना होगा। उदाहरण के लिए अगर आप वॉलेट में 2,000 रुपए डालते हैं, तो अब 20 रुपए एक्स्ट्रा कटेगा और आपके वॉलेट में 1,980 रुपए ही जुड़ेंगे।*

**कार्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास भोपाल संभाग भोपाल**

Email- dctwd.bho@mp.gov.in Phone No.: 0755-2665510

क्र. 557/भण्डार शाखा/2025 भोपाल, दिनांक 29.10.2025

//शुद्धि-पत्र//

कार्यालयीन पत्र क्र./532 दिनांक 23.10.2025 के द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। उक्त प्रकाशित निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नानुसार शुद्धि पत्रक जारी किया जाता है:-

1. पूर्व में प्रकाशित निविदा में दो पृथक-पृथक निविदाएं, निविदा क्रमांक GEM/2025/B/6818628 जिसमें ट्रैकसूट की मात्रा 444 तथा निविदा क्रमांक GEM/2025/B/6818559 जिसमें ब्लेजर (444) प्रकाशित की गई हैं।
2. कार्यालय आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश के पत्र पृ.क्र./शिक्षा-2/छात्रावास/2025-26/न.क्र...../568577 दिनांक 28.10.2025 के द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को प्रदाय किये जाने वाली आवश्यक सामग्री ब्लेजर (नेवी ब्लू)- 104, ट्रैकसूट- 104, पिट्ठू बैग 104 को जिला स्तर से प्रदाय किया जाना है। इस अनुक्रम में निविदा क्रमांक GEM/2025/B/6818628 जिसमें ट्रैकसूट की मात्रा 444 के स्थान पर 340 पढ़ा जाए तथा निविदा क्रमांक GEM/2025/B/6818559 जिसमें ब्लेजर (444) एवं पिट्ठू बैग (444) कुल मात्रा 888 के स्थान पर ब्लेजर (340) एवं पिट्ठू बैग (340) कुल 680 पढ़ा जाए।
3. शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

संभागीय उपायुक्त
जनजातीय कार्य
तथा अनुसूचित जाति विकास
भोपाल संभाग भोपाल

जी -20704/25 स्वच्छता ही सेवा

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur -482001 (M.P.)

**DEMAND NOTICE**
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961

**RC/66/2025** **08-10-2025**

**UNION BANK OF INDIA**
**Versus**
**LOKENDRA SHIKARWAR SHIKARWAR**

To,
**CD 1) LOKENDRA SHIKARWAR SHIKARWAR MEGH SINGH**
FLAT NO SI, E-7, 120 PARK, VIEW, ARERA COLONY, BHOPAL (M.P.) Bhopal, MADHYA PRADESH-462003
Also At: WARD NO 05, KINGHI ROAD, KRISHNA COLONY, BARELI, RAISEN (M.P.)
**(CD 2) RENU SIKARWAR**
WARD NO 05, KINGHI ROAD, KRISHNA COLONY, BARELI, RAISEN (M.P.)
Raisen MADHYA PRADESH- 462001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/825/2021** an amount of **Rs. 6346726.09 (Rupees Sixty Three Lakhs Forty Six Thousands Seven Hundred Twenty Six And Paise Nine Only)** along with pendentellite and future interest @ 10.10% Simple Interest Yearly w.e.f. **27/09/2021** till realization and costs of **Rs. 66000 (Rupees Sixty Six Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **05/12/2025 at 10:30 a.m** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and seal of the Tribunal this date: **08/10/2025**

Seal

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

## चिंतन

# भारत पर दबाव बनाने को कड़े फैसले ले रहे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोगली नीति पर चल रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करते हैं तो अगले ही पल भारत और भारतियों के खिलाफ किसी फैसले को अमल में ले आते हैं। वे लगातार भारत के खिलाफ चुभती बातें बोल रहे हैं। कभी पाकिस्तान की तारीफ करते हैं और कभी यह कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। दिवाली पर भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भारत रूस से तेल का आयात कम करेगा, जबकि भारत ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। इसके बाद उन्होंने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगा दी। इसके चलते भारत का रूस से तेल खरीदना कठिन हुआ ही साथ में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम भी बढ़ गए। भारत पर 25+25 टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक भारत विरोधी फैसले ले रहे हैं। ये वही डोनाल्ड ट्रंप हैं, जिन्हें राष्ट्रपति चुनाव में जी भरकर भारतीय समुदाय के लोगों ने वोट दिए, लेकिन राष्ट्रपति बनते ही भारत के खिलाफ खड़े हो गए। अब ट्रंप प्रशासन ने ऑटोमैटिक वर्क परमिट एक्सटेंशन की सुविधा खत्म कर दी है। इसका सबसे बड़ा झटका अमेरिका में काम करने वाले भारतीयों को लगेगा। इसका मतलब ये हुआ कि अगर किसी का वर्क परमिट कल खत्म हो रहा है, तो वो आज खुद ही ऑटोमेटिक नहीं बढ़ेगा। अभी तक ये होता था कि अगर किसी का वर्क परमिट खत्म हो जाता था, उसे ऑटोमैटिक 540 दिनों का एक्सटेंशन मिल जाता था और इस दौरान उसे अपने परमिट का नवीनीकरण करवाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। इसीलिए सवाल ये उठ रहे हैं कि क्या अब वर्क परमिट खत्म होने का बाद नौकरी चली जाएगी और क्या अमेरिका ही छोड़ना पड़ेगा। इस फैसले को लेकर अमेरिका में भारतीय पेशेवरों में खासी बेचैनी हैं। वो लोग भी खासे उलझन में हैं जिन्होंने अनुबंध आधार पर नौकरी पा रखी है। पहले होता यह था कि किसी कंपनी से अनुबंध आधार पर जॉब के बाद वे दूसरी कंपनी में चले जाते थे। अब उनके लिए परेशानी होगी। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का गंभीर असर उन हजारों भारतीय प्रोफेशनल्स पर होगा, जो एच-1बी वीजा, एच-4 स्पाउस परमिट, या ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर अमेरिका में काम कर रहे हैं। इसके अलावा, जो भारतीय नागरिक ग्रीन कार्ड के लिए सालों से इंतजार कर रहे हैं, उन्हें अब हर बार वर्क परमिट रिन्यूअल में देरी होने पर नौकरी खोने का जोखिम झेलना पड़ेगा। यह नियम अमेरिका में वर्क परमिट रिन्यूअल की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव है। अब यदि यूएस सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विस समय पर आवेदन अप्रूव नहीं करेगा तो कर्मचारी अपनी मौजूदा नौकरी तुरंत खो देगा और फिर उसे अमेरिका में रहने का अधिकार भी नहीं मिलेगा। वे नौकरी खत्म होते ही अवैध की श्रेणी में आ जाएंगे। वैसे भी मौजूदा प्रक्रिया के मुताबिक, वर्क परमिट रिन्यूअल में तीन से बारह महीने तक का समय लग सकता है। ये इस बात पर भी निर्भर करता है कि नौकरी क्या है और वो किस क्लास में आता है। इस बीच, जो कर्मचारी समय पर रिन्यूअल नहीं करा पाएंगे, उन्हें अवैध कर्मचारी या अवैध नागरिक माना जाएगा। अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे युवाओं के साथ ट्रंप प्रशासन क्या सलूक कर रहा है, ये पूरी दुनिया देख चुकी है। अब ट्रंप ने यह फैसला केवल और केवल भारत पर दबाव बनाने के लिए किया है, ताकि भारत उनकी शर्तों को माने, लेकिन वो ये नहीं जानते कि यह नया भारत है, जो अपनी शर्तों पर चलता है। कोई दबाव उसे झुका नहीं सकता।

## जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# राष्ट्रीय एकता के सुदृढ़ स्तंभ कहलाए वल्लभभाई पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे, अहमदाबाद रहकर वकालत के क्षेत्र में यह तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व ने तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सन 1931 में कराची में हुए कांग्रेस के अधिवेशन की इन्होंने अध्यक्षता की। अपनी कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति की भावना ने सरदार पटेल को भारतीय राष्ट्रीय राजनीति का लब्ध प्रतिष्ठित नेता बना दिया था। यही कारण है कि सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल जी को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा अधिक से अधिक राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने उनकी सहायता की और फिर 1947 में कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ पटेल का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिल लिया गया। विश्व इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। इतनी विशाल संख्या में बिखरी हुई रियासतों के एकीकरण के असंभव कार्य को सरदार पटेल ने अपने फौलादी व्यक्तित्व के बल पर संभव बनाकर भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ता प्रदान की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अभी भी साहूकारी कर्ज की चुनौती

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी।

इन दिनों ग्रामीण भारत और किसानों की ऋणग्रस्त विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि यद्यपि किसानों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी गांवों में बड़ी संख्या में छोटे किसान साहूकारी कर्ज के घेरे में आते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ग्रामीण धारणा सर्वेक्षण रिपोर्ट 2025 के तहत ग्रामीण भारत में ऋण वितरण और चुनौतियों के संबंध में दो अत्यधिक महत्वपूर्ण बातें रेखांकित हुई हैं।

पहली अहम बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब 54.5 फीसदी परिवार केवल औपचारिक स्त्रोतों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी समितियां, सूक्ष्म वित्त संस्थान आदि से ऋण लेते हैं, जो सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। चूँकि ग्रामीणों को ऋण के औपचारिक स्त्रोतों के माध्यम से जो ऋण दिए जाते हैं, वे सरकार के द्वारा निर्धारित कुछ निश्चित नियमों व शर्तों के तहत उचित निर्धारित ब्याज दर से जुड़े होते हैं अतएव कर्ज लेने वाले ग्रामीण आर्थिक शोषण से बच जाते हैं। रिपोर्ट की दूसरी प्रमुख बात यह है कि यद्यपि ग्रामीण भारत में औपचारिक ऋण वितरण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई परिवार साहूकारों, दोस्तों, परिवारों और अन्य अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर हैं। यह वर्ग अभी भी ऊंची ब्याज दर पर कर्ज दे रहा है और औसत ब्याज दरें लगभग 17-18 फीसदी से भी अधिक होती हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गांवों में लगभग 23.5 फीसदी परिवार औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों तरह के ऋणों पर निर्भर हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक ऋण व्यवस्था ने अच्छी प्रगति की है। रिपोर्टों के मुताबिक गांवों में किसानों को औपचारिक ऋण से जोड़ने के मद्देनजर सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। इससे ग्रामीण लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि, डिजिटल उपयोग में वृद्धि, खपत में वृद्धि, ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच, गांवों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार, ग्रामीण भारत के लोगों की पूरक आय में वृद्धि जैसी सकारात्मक पृष्ठभूमि निर्मित हुई हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना देश के करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती देते हुए दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए अब तक देश के कोई 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 20 किश्तों में 3.9 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है, जिससे उन्हें खेती-किसानी से जुड़े खर्चों में राहत मिल रही है। देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू




की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। लेकिन चिंताजनक यह है कि अभी भी ग्रामीण जनजीवन के करीब 22 फीसदी लोगों की कर्ज के लिए साहूकारों और अनौपचारिक स्त्रोतों पर जो निर्भरता बनी हुई है, उसके कारण बड़ी संख्या में छोटे किसानों की आर्थिक सुरक्षा कमजोर है। स्थिति यह है कि जब कई छोटे किसानों को आय अस्थिरता, मौसमी जोखिमों और सरकार से पर्याप्त धन हस्तांतरण की कमी का सामना करना पड़ता है, तब इन परिस्थितियों में ये किसान भारी भरकम ब्याज के बावजूद साहूकारों की चौखट पर दस्तक देते हुए दिखाई देते हैं। कई बार सामाजिक और जनसांख्यिकीय कारक भी साहूकारों से ऋण लेने के मद्देनजर असर डालते हैं। स्थिति यह भी है कि कई बार छोटे किसान औपचारिक स्त्रोतों से ऋण लेना तो चाहते हैं मगर इसके लिए उनकी तैयारी पर्याप्त नहीं होती, मसलन दस्तावेज की कमी, गारंटी दाता की कमी एवं अन्य शर्तें बाधा डालते हुए दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित कृषि परिवारों की स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण और संपूर्ण भारत ऋण और निवेश सर्वेक्षण के अनुसार लगभग पचास प्रतिशत कृषि परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक किसानों को ऋण के लिए संस्थागत बैंकों के साथ-साथ गैर-संस्थागत स्त्रोतों जैसे साहूकारों और रिश्तेदारों पर भी निर्भर रहना पड़ता है। कई बार ये छोटे किसान भारी भरकम ब्याज दर से ऋण चुका पाने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में उन्हें ब्याज के बोझ को हल्का करने के लिए फिर ऋण लेना होता है और ऐसे छोटे किसान साहूकारों के ऋण जाल में फंसते चले जाते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि गांवों में बैंक शाखाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की 2024-25 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग शाखाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही गांवों में सहकारी समितियों का नया विस्तार दिखाई दे रहा है। ऐसे में गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम भी उठाने की जरूरत है। छोटे ऋणों और कम अवधि के ऋण वाली कई योजनाएं तैयार करके साहूकारों पर निर्भरता कम की जाना होगी। यह भी महत्वपूर्ण है कि गांवों में साहूकारों पर ऋण निर्भरता की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यवसायों को विश्वसनीय संस्थागत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने हेतु लक्षित नीतिगत उपाय सुनिश्चित किए जाने होंगे। खासतौर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अंतिम छोर तक मजबूत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) की भूमिका को प्रभावी बनाना होगा। गांवों में तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एनबीएफसी के लिए एक मजबूत पुनर्वित्त सुविधा तत्काल सुनिश्चित करनी होंगी। साथ ही एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के तहत प्रतिभूति हितों को लागू करने के लिए ऋण राशि की सीमा को और घटाया जाना अत्यधिक लाभकारी कदम होगा। इन सुधारों के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता में सुधार करने और ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों से जुड़ी बुनियादी वित्तीय शिक्षा से साहूकारों पर निर्भरता कम करनी होगी। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन की यात्रा सुखमय कैसे हो



संकलित

**दर्शन**

मनुष्य का पूरा जीवन ही यात्रामय है। हम प्रायः दूसरों के दिखाए रास्तों पर ही चलते हैं, लेकिन जब मनुष्य अंतर्मन की यात्रा करता है, तब यहां किसी प्रकार के कोई पदचिह्न नहीं होते। इस यात्रा पर चलने से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते और आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते। जो हमने यात्रा प्रारंभ की है। यात्रा के लिए हमने एक मार्ग चुना है। मार्ग पर हर कोई चलता है। हम भी चलते थे और चल रहे हैं। हर मार्ग पर पदचिह्न होते हैं, किंतु आज हमने एक ऐसा मार्ग चुना है, जिसमें कोई पदचिह्न नहीं है। पदचिह्न होने का अर्थ है- अनुसरण होना। जहां अनुसरण नहीं होता, वहां कोई पदचिह्न भी नहीं होता। हमारा मार्ग बिना पदचिह्न का मार्ग है। इसमें कोई किसी का अनुसरण नहीं करता। एक चिंतन आता है और उसका संस्कार बन जाता है। एक प्रवृत्ति होती है और उसका संस्कार बन जाता है। एक शब्द आता है और उसका संस्कार बन जाता है। चिंतन चला जाता है, प्रवृत्ति चली जाती है, शब्द चला जाता है, किंतु वे अपने पीछे चिह्न छोड़ जाते हैं। जो छोड़ा जाता है, उसकी आवृत्तियां होती रहती हैं। संस्कार शेष रह जाते हैं। किंतु हमने ऐसे मार्ग पर यात्रा शुरू की है, जिसमें कोई अनुसरण नहीं है, पदचिह्न नहीं है। जब चलने वाला अपने मार्ग से आसक्त हो जाता है, तब पदचिह्न शेष रह जाते हैं।

## सवाल का जवाब चाहिए तो रहें मौन



संकलित

**प्रेरणा**

मौन रहना न केवल कई समस्याओं का समाधान हो सकता है, बल्कि कई जिज्ञासाओं का जवाब भी हो सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, मौन केवल चुप रहना नहीं होता, बल्कि यह भीतर की यात्रा है। जब मन शांत होता है, तब बोधि (ज्ञान) का द्वार खुलता है। एक बार एक विद्वान ब्राह्मण मौलुंकपुत्र, जो पांच सौ शिष्यों के साथ आया था, बुद्ध के पास पहुंचा। उसके मन में अनेक प्रश्न थे। जैसे कि, क्या आत्मा और शरीर एक ही हैं या अलग-अलग? संसार शाश्वत है या अस्थायी? मृत्यु के बाद क्या होता है? इन प्रश्नों को लेकर मौलुंकपुत्र बुद्ध के पास पहुंचे और बोले- भगवन! आपको मुझे इन प्रश्नों के जवाब देने ही होंगे। बुद्ध ने उसकी आंखों में देखा और कहा - मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा, लेकिन एक शर्त है। एक वर्ष तक मौन रहो, ध्यान करो और भीतर के शोर को शांत करो। जब तुम्हारे भीतर की बातचीत रुक जाए, तब तुम पूछना और मैं उत्तर दूंगा। मौलुंकपुत्र दुविधा में पड़ गया। इतने प्रश्न, इतनी जिज्ञासा... और एक वर्ष का मौन! पास बैठे बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र हंस पड़े। उन्होंने कहा - मुझे भी यही शर्त दी गई थी। मैं पांच हजार शिष्यों का गुरु था। एक वर्ष मौन रहा... और जब समय आया, तो कोई प्रश्न ही नहीं बचा। बुद्ध ने उत्तर देने का वादा निभाया, लेकिन तब मुझे कुछ पूछने की ज़रूरत ही नहीं रही। मौलुंकपुत्र ने मौन स्वीकार किया। एक वर्ष ध्यान में डूबा रहा। भीतर का कोलाहल शांत हुआ। प्रश्न गल गए। एक वर्ष बाद बुद्ध ने पूछा - अब तुम पूछ सकते हो। मौलुंकपुत्र मुस्कराया और बोला - अब कोई प्रश्न ही नहीं बचा।

## सटाका




## आज की पाती

### जाम से कब मिलेगा निजात

पुराना धमतरी रोड, संजय नगर से आगे बढ़ते ही जाम मिलता है। वापसी पर फिर जाम की स्थिति बनी रहती है। भाठागांव में जब से अंतर्राज्यीय बस अड्डा आया। यहां की यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई। सड़कों पर दुकानदारों का बेजा कब्जा भी जाम की वजह बन रही है। ऐसे में लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। एक-दो दिन औपचारिकता पूरी करके प्रशासन फिर मुंह फेर लेता है।

*-कृष यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### संविधान मिटाने की कोशिश



संविधान को मिटाने-हटाने की कोशिश भाजपाई और उनके संगी-साथी कभी रूप बदलकर करते हैं तो कभी नया मुखौटा लगाकर। पीडीए संविधान की रक्षा के लिए वचनबद्ध है क्योंकि संविधान ही हमारी ढाल और संविधान ही संजीवनी है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### आस्था का अपमान



बिहार में राहुल गांधी ने अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत जिस तरीके से की है, वह न केवल राजनीतिक अपरिपक्वता का प्रतीक है, बल्कि बिहार और दिल्ली के करोड़ों छठ श्रद्धालुओं की लोक आस्था का अपमान है। उनका यह बयान घोर निंदनीय है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### राहुल गांधी विदेशी नेता



देशी नहीं, विदेशी नेता हैं राहुल गांधी। उन्होंने 2015 से 2019 के बीच 247 विदेश यात्राएं की। औसतन हर एक साल 50 से अधिक विदेशी यात्राएं। इसमें वह यात्राएं शामिल नहीं हैं जो उन्होंने चोरी से की। ऐसे नेता पर देश कभी भरोसा नहीं कर सकता।

**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### मूल्यांकन और मूल्य



मूल्यांकन और मूल्य एक ही नहीं हैं। मूल्यांकन और वास्तविक मूल्य के बीच की विशाल खाई एक गहरी खाई की तरह इतनी चौड़ी होती जा रही है कि यह हमारे वित्तीय बाजारों को निगल सकती है।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### सक्रिय रूप से यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा ईरान

संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने बताया कि ऐसा प्रतीत नहीं होता कि ईरान सक्रिय रूप से यूरेनियम का संवर्धन कर रहा है, लेकिन एजेंसी ने हाल में देश के परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां देखी हैं।




अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों तक पहुंच न होने के बावजूद, निरीक्षकों को उपग्रह चित्रों में ऐसी कोई गतिविधि नहीं दिखी है जिससे यह संकेत मिले कि इस्लामिक गणराज्य ने जून में इजराइल के साथ 12 दिन के युद्ध के बाद अपने यूरेनियम संवर्धन को पहले से अधिक तेज किया है। ग्रॉसी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक साक्षात्कार में कहा, हालांकि, 60 प्रतिशत संवर्धित परमाणु सामग्री अब भी ईरान में है। और यह उन बिंदुओं में से एक है जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं क्योंकि हमें वहां वापस जाकर यह पुष्टि करनी होगी कि सामग्री वहां है और उसका किसी अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रॉसी ने कहा कि हालांकि, निरीक्षकों ने उन जगहों के आसपास गतिविधियां देखी है जहां भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पहुंच के बिना, आईएईए को उपग्रह चित्रों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो केवल कुछ ही जानकारी दिखा सकते हैं।

## ऑफ बीट

### महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला लंदन के नेसडेन मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने लंदन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, जिसे नेसडेन मंदिर के नाम से जाना जाता है, की 30वीं



वर्षगांठ के अवसर पर प्रार्थना और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। महाराजा (76) का स्वागत मुख्य पुजारी साधु योगविवेकदास स्वामी द्वारा पारंपरिक नादचड़ी या शांति और मैत्री के प्रतीक पवित्र धागा बांधने की रस्म के साथ किया गया। प्रवेश द्वार पर अपने जूते उतारने वाले राजपरिवार के सदस्यों को मोतियों से बंधे फूलों की माला पहनाई गई, जिसके बाद उन्हें अलंकृत मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया - यह यूरोप का पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है, जिसका उद्घाटन अगस्त 1995 में हुआ था। मंदिर के प्रमुख देवता भगवान स्वामीनारायण की पवित्र प्रतिमा पर 11 वर्षीय स्कूली छात्र देव पटेल ने पुष्पांजलि अर्पित की, जबकि महाराजा ने हाथ जोड़कर नमस्कार किया। उन्होंने दक्षिण-पूर्व लंदन से आए पटेल परिवार द्वारा भगवान स्वामीनारायण के किशोर रूप श्री नीलकंठ वर्णी महाराज के अभिषेक समारोह का अवलोकन करने के बाद आभार व्यक्त किया और उपस्थित लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। दिवाली का त्योहार 20 अक्टूबर को था। साधु योगविवेकदास ने अपने स्वागत भाषण में कहा, यह मंदिर ईश्वर का घर है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# टैक्सी, ईंधन ड्रोन के साथ वॉइस कमांड सिस्टम से लैस ड्रोन ने स्टूडेंट्स को किया रोमांचित, व्याख्यान में मिला ज्ञान

## मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो-2025 आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ड्रोन तकनीक कार्यशाला एवं एक्सपो 2025 का विज्ञान भवन, नेहरू नगर में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ड्रोन टेक वर्कशॉप एक्सपो-2025 आयोजित की गई है। इसमें ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण के लिए प्रदेशभर के 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उन्हें स्वरोजगार एवं तकनीक आधारित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। विज्ञान एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा परिषद मध्यप्रदेश के विकास के लिए हर स्तर पर सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है।


एक्सपो में मॉडल का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

### ड्रोन प्रदर्शनी एवं हैंड्स ऑन वर्कशॉप हुई आयोजित

कार्यक्रम में ड्रोन प्रदर्शनी एवं हैंड्स ऑन वर्कशॉप आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विशेषज्ञों के प्रेरक व्याख्यान, ड्रोन उड़ान के लाइव डेमो एवं टेक्निकल शोकेस, इनोवेशन चैलेंज एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

### पिछले पांच सालों से कर रही ड्रोन प्रोजेक्ट पर काम


हर्षिका देवांगन, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेक्वर्स कंपनी

प्रेक्वर्स ड्रोन कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षिका देवांगन ने बताया कि वे पिछले पांच साल से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। यह ड्रोन पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित है। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम ड्रोन को अपने कार्यों को पूरा करने के लिए सीखने के लिए सक्षम बनाते हैं। इसमें टैक्सी ड्रोन, ईंधन ड्रोन खास हैं।

### 25 किलो तक का सामान ढोने वाले टैक्सी ड्रोन जो 25 मिनट रह सकता है आसमान में


पंकज भोजवानी

किलो तक का सामान ढोने वाले टैक्सी ड्रोन बनाने वाले पंकज भोजवानी ने बताया कि यह ड्रोन मल्टी पर्पज के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। टैक्सी समान ढोने के लिए, खास तौर पर एम्बुलेंस के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह ड्रोन जमीन से 5 हजार फीट से लेकर 13 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है और साथ ही 15 किलो वजन लेकर 25 मिनट आसमान में रह सकता है। इसका अपना खुद का वजन 20 किलो है।

### मेरे बनाए टैक्सी ड्रोन, इंधन ड्रोन हैं खास


यशराज सुनहरे, सीईओ, जार्विस कंपनी

जार्विस कंपनी के सीईओ यशराज सुनहरे ने बताया कि भविष्य ड्रोन टेक्नोलॉजी का होगा। उनका मानना है कि आने वाले समय में एजुकेशन सेक्टर में ड्रोन एक महत्वपूर्ण साधन बनेगा। स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को ड्रोन टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे भविष्य की नई तकनीकों के लिए तैयार हो सकें। देश अक और रोबोटिक्स के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेरे द्वारा बने टैक्सी ड्रोन, इंधन ड्रोन खास है।

### टेस्ला की कार के सिद्धांत पर काम करता ड्रोन


यशवर्धन, प्रेक्वर्स कंपनी

प्रेक्वर्स ड्रोन कंपनी के ही यश वर्धन कहते हैं कि जिस तरह से टेस्ला की कार बिना ड्राइवर ऑटोमेटिक चलती है, उसी सिद्धांत पर यह ड्रोन भी काम करता है। यह खास ड्रोन कई आधुनिक सेंसर और वॉइस कमांड सिस्टम से लैस है। यह न केवल आवाज से संचालित हो सकता है बल्कि हाथ के इशारों को भी पहचानता है। हाथ के संकेतों और बोलने के इशारे पर काम करता है। यह तकनीक सुरक्षा, सर्वेक्षण, कृषि , आर्मी और शिक्षा जैसे कई क्षेत्रों में बड़ी भूमिका निभा सकती है।

## 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह अंतर्गत विभिन्न मार्गों से निकाली गई सांस्कृतिक यात्राएं

# भोपाल में गूंजा 'अभ्युदय मप्र', लोक, जनजातीय संस्कृति, परम्पराओं और रंगों से सजी राजधानी


एमपी नगर में एक लोक कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' के पूर्वरंग के अंतर्गत भोपाल के विभिन्न मार्गों, स्थलों एवं चौराहों पर गुरुवार को भव्य सांस्कृतिक यात्राएं निकाली गई। मध्यप्रदेश के लोक अंचलों एवं जनजातीय क्षेत्रों के कलाकारों ने अपनी कला प्रस्तुत करते हुए आम नागरिकों से अपने प्रदेश के गरिमापूर्ण स्थापना दिवस समारोह में सहभागिता का आहवान किया। सांस्कृतिक यात्राओं में अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर लोक एवं जनजातीय नृत्य कलाकारों को देख लोग बहुत उत्साहित दिखे। यात्राओं के साथ चल रहे अश्व एवं उनके वाद्ययंत्रों को देख लोग रोमांच से भर उठे। कई लोग कलाकारों के साथ सेल्फी लेते नजर आए।

### इन क्षेत्रों से गुजरी यात्रा

यह सांस्कृतिक यात्रा बैरागढ़ से प्रारंभ होकर लालघाटी चौराहा- हलालपुरा- गुफा मंदिर- दौणाचल आर्मी कैंट- एयरपोर्ट रोड़ चौराहा शाहजंहानाबाद होते हुए यात्रा हमीदिया अस्पताल चौराहा तक पहुंची। इस यात्रा में मालवा का पारंपरिक लोक नृत्य मटकी स्वाति उखले एवं साथी, उज्जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। मालवा अंचल का यह पारंपरिक नृत्य शुभअवसरों पर महिलाओं द्वारा किया जाता है। श्री अर्जुन बाघमारे एवं साथी, बैतूल ने ठाठ्या नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य दिवाली पर गोण्ड जनजाति द्वारा किया जाता है।


लिंक रोड नंबर एक से गुजरती यात्रा के दौरान नृत्य करते कलाकार।


एमपी नगर में ढोल बजाते कलाकार।


जेके रोड पर अपने वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन करते लोक कलाकार।

### घासी जनजातीय का घसियाबाजा नृत्य की प्रस्तुति रही खास

सीपेट जेके रोड, क्वालिटी स्वीट्स पिपलानी क्षेत्र में यात्रा में घासी जनजातीय का घसियाबाजा नृत्य किया गया, इसके अलावा संतोष कुमार यादव एवं साथी, सीधी के कलाकारों ने अहिराई नृत्य की प्रस्तुति देते हुए आम नागरिकों स्थापना दिवस समारोह में सहभागिता का आह्वान किया।

### अनुजा ने किया मालवांचल का गणगौर लोक नृत्य


एमपी नगर में नृत्य करते कलाकार।

वहीं कोलार डीमार्ट क्षेत्र में यात्रा के अंतर्गत मालवांचल का गणगौर लोक नृत्य अनुजा जोशी एवं साथी, खंडवा द्वारा और धुलिया जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य तुलेश्वर भार्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार एकांत पार्क चौराहा, 6 नंबर मार्केट, अशोका गार्डन से कोहेफिजा चौराहा तक बधाई, अहिराई, ढिमरायाई नृत्य की प्रस्तुतियों ने सम्पूर्ण भोपाल शहर के मार्गों को लोक की संस्कृति और रंगों से सजा दिया।

## घर में संगीत 'लोरी' बनकर गूंजता था और रियाज बन जाता था 'पूजा'....

हरिभूमि चर्चा

### आकाशवाणी भोपाल से ए ग्रेड प्राप्त बघेली लोक गायिका शीला त्रिपाठी ने साझा की अपनी सांगीतिक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बघेलखंड की समृद्ध लोक परंपरा को सुरों का नया आयाम देने वाली वरिष्ठ लोक गायिका शीला त्रिपाठी आज देशभर में बघेली लोकगायन की पहचान बन चुकी हैं। रीवा में जन्मी शीला का संगीत से जुड़ाव कोई संयोग नहीं, बल्कि विरासत में मिला संस्कार है। शीला ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि मेरे पिता मुनींद्र प्रसाद मिश्रा विंध्य क्षेत्र के प्रतिष्ठित तबला वादक और संगीत शिक्षक रहे हैं। घर का वातावरण संगीत से सराबोर था जहां सुर, ताल और लय केवल कला नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। शीला बताती हैं कि घर में संगीत लोरी बनकर गूंजता था और रियाज पूजा की तरह किया जाता था।

**बचपन से ही संगीत की लगन लगी**

### सुरों की आंच कभी ठंडी नहीं हुई

शीला ने कहा कि बचपन से ही गायन, नृत्य और ताल के इस संगम ने मेरे भीतर संगीत के प्रति गहरी लगन जगा दी। यही कारण है कि मैंने संगीत को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। प्रयाग संगीत समिति से गायन और कथक नृत्य में प्रवीण की उपाधि प्राप्त की तथा संगीत में एम.ए. किया। शीला के शब्दों में, मेरी आत्मा को छूने वाला राग कोई ख्याल नहीं, बल्कि बघेली लोकगीत था, जिसे मैंने अपनी मां से सीखा। शीला बताती हैं कि संगीत यात्रा में विवाह एक नया अध्याय लेकर आया। जब जीवनसाथी सुरों से जुड़ा हो, तो जिंदगी एक सुरमयी संगत बन जाती है। विवाह के बाद कुछ समय तक पारिवारिक जिम्मेदारियों ने संगीत साधना को विराम दिया, लेकिन सुरों की आंच कभी ठंडी नहीं हुई।

**भोपाल की अभिनेत्री शिवानी के 'मोहल्ले वाला प्यार' को मिले तीन मिलियन से ज्यादा व्यूज**

# 'डेट विथ सीनियर' और 'पापा कहते हैं' वेब सीरीज जल्द होंगी रिलीज

## साउथ सीरियल में निभाया खास किरदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कहते हैं यदि आपके भीतर प्रतिभा हो तो एक न एक दिन कामयाबी आपके कदम चूमेगी, कुछ ऐसा ही हुआ भोपाल की शिवानी कटेरिया के साथ, शुरू से ही अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय शिवानी ने हाल ही में 'मोहल्ले वाला प्यार' सीरीज में पायल की भूमिका निभाई और इस सीरिज को तीन मिलियन से ज्यादा व्यूज के रूप में दर्शकों का प्यार मिल चुका हैं। रस्क मीडिया के बैनर तले बनी यह वेब सीरीज अब ऑल राइट चैनल पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज में निर्देशन श्रद्धा पासी का रहा।



पापा कहते हैं का मुहूर्त शॉट देती अभिनेत्री शिवानी

शिवानी बताती हैं कि उन्होंने अपने अभिनय का सफर रंगमंच से शुरू किया था। पिछले चार सालों से भोपाल के थिएटर जगत में में सक्रिय रही, थिएटर पर कई नाटकों में अभिनय किया। उन्होंने बताया कि मुझे केवल अभिनय ही नहीं बल्कि गायन और सूफी डांस का भी काफी शौक हैं औ मैं शहर के जाने माने निर्देशक वसीम अली के साथ रंगमंच से जुड़ी हुई हूं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मेरी दो ओर वेब सीरीज डेट विथ सीनियर और पापा कहते हैं, जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। साथ ही मैंने साउथ सीरियल ओर्वाशियों रक्षाशियों में भी एक खास किरदार निभाया है।

# सोलो थिएटर फेस्टिवल 'एकला खेलो रे' कल से

**भोपाल।** द राइजिंग सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन चेतना ऑडिटोरियम नीलबड़ में किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक दिन सोलो अभिनय से सजी दो नाट्य प्रस्तुतियां होगी। 1 नवम्बर को रामधारी सिंह दिनकर की कृति 'रश्मि रथी' पर नाट्य मंचन किया जाएगा जिसमें अभिनय राहुल शर्मा का होगा और प्रस्तुति पहल इम्प्रिंट कल्चरल सोसाइटी की। दूसरी प्रस्तुति नाटक 'सुदामा के चावल' में लेखन, अभिनय व निर्देशन बिशना चौहान का होगा।


■ नीलबड़ में होगा आयोजन

2 नवम्बर को नाटक पड़ोसी का मंचन होगा जिसमें अभिनय प्रदीप शर्मा का और लेखन व निर्देशन होगा तानाजी का, इस नाटक में प्रस्तुति द राइजिंग सोसाइटी की होगी। इसी शाम दूसरी प्रस्तुति चिट्ठी की होगा जिसमें अभिनय हर्ष दौंड का होगा व लेखन व निर्देशन संजय श्रीवास्तव का।

# मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स के ऑडिशन के लिए लगी लंबी कतारें, युवाओं में रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मशहूर मुकेश छाबड़ा कास्टिंग कंपनी ने मशरूम वर्ल्ड ग्रुप की पहल पर मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स में एक भव्य ऑडिशन आयोजित किया। यह आयोजन मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स में हुआ, जहां सुबह से ही लंबी कतारें और जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों युवा कलाकार, मॉडल्स और एक्टर्स अपने सपनों को हकीकत में बदलने के इरादे से यहां पहुंचे। ऑडिशन स्थल पर माहौल फिल्मी जोश और उम्मीदों से भरा रहा। मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स की यह पहल ग्रुप की उस सोच को दर्शाती है जिसमें नए और उभरते कलाकारों को एक सशक्त मंच दिया जा रहा है। कंपनी का उद्देश्य सिर्फ प्रोडक्शन नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म फॉर द न्यू टैलेंट ऑफ इंडिया बनना है। यह शहर अब नए टैलेंट को सिर्फ मौका नहीं देता, बल्कि मंच भी देता है। उल्लेखनी है कि मशरूम वर्ल्ड फिल्म्स पहले भी देश के दिग्गज प्रोडक्शन हाउस जैसे रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और धर्मा प्रोडक्शंस के साथ काम कर चुकी है।


ऑडिशन के लिए लगी अभिनेताओं की कतार

**क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में प्रदूषण की निगरानी करने का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन**

# पीएम 2.5 प्रदूषण को मापने के साथ विद्यार्थियों को बताए वायु प्रदूषण के कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रदूषण की निगरानी करने का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, के वैज्ञानिक प्रवीण कुमार जैन ने वायु की गुणवत्ता मापने के यंत्र द्वारा पीएम 2.5 प्रदूषण को मापने का प्रायोगिक प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को वायु की गुणवत्ता मापने की विभिन्न श्रेणियों के बारे में वायु गुणवत्ता सूचकांक सहित समझाया। साथ ही उन्होंने वायु प्रदूषण के कारण और समाधान के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।



कार्यक्रम में वायु गुणवत्ता मापने के यंत्र की जानकारी देते विशेषज्ञ।


कार्यक्रम में विद्यार्थियों में वायु गुणवत्ता उपकरणों के लिए उत्साह दिखाई दिया।

### पीएम स्तर के कणों की निगरानी विधि को समझाया

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल की वैज्ञानिक रश्मि ठाकुर ने रेसपाइरेबल डस्ट सैम्पलर के माध्यम से पीएम स्तर के कणों की निगरानी विधियों को समझाया, साथ ही बताया कि यह उपकरण हवा में मौजूद श्वसन योग्य पीएम 10 धूल के कणों को एकत्र करता है और उनकी सांद्रता के आधार पर वायु प्रदूषण की स्थिति का विश्लेषण किया जाता है। डॉ. सोनल वानखेड़े ने डाईक्लोरो मीथेन के माध्यम से बायोडिग्रेडेबल एवं कम्पोस्टेबल प्लास्टिक को पहचानने की रासायनिक विधि को प्रदर्शित किया।




## प्रचार में बढ़ा 'शोर' सत्तापक्ष और विपक्ष ने लोगों को लुभाने में लगाया जोर

# मोदी ने कहा-2 युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोली और दे रहे जीभर के गालियां, राहुल बोले- मोदी झूठे और 'कमजोर आदमी'

एजेंसी ▶▶ पटना

पीएम नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर की जनसभा राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में दो युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोल रखी हैं। एक भारत के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। वहीं दूसरा बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। दोनों ही हजारों करोड़ों के घोटाले पर जमानत है। इन दोनों ने मोदी को भर-भर के गालियां दीं। अब जो लोग नामदार हैं, वह इस कामदार को गालियां तो देंगे ही। मुझे गाली दिए बिना, इनका खाना हजम नहीं होता है। दलित और पिछड़ों को गाली देना तो यह नामदार अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझते हैं। इसलिए 24 घंटें यह लोग मुझे गंदी-गंदी गालियां देते रहते हैं। इसलिए क्योंकि इन्हें बर्दाश्त नहीं होता कि एक पिछड़ा का बेटा और चाय बेचने वाला आज यहां पहुंच गया।

नामदार लोग तो कामदार को गालियां देंगे ही

### राजद और कांग्रेस की सबसे बड़ी हार होगी


प्रधानमंत्री मोदी छपरा में रैली को संबोधित करते हुए।

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का झगड़ा आज की असली खबर है। अब इनका रिश्ता तेल और पानी की तरह हो चुका है। बिहार में हर तरफ से खबरें आ रही हैं कि कैसे राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे से दुश्मनी निकाल रहे हैं। इन्हें जो चीज एक साथ ले आई है, वो है सत्ता का लालच। ये फिर से जंगलराज वापस ला सकते हैं। इनकी इस बार बड़ी हार होने वाली है।

### जो आस्था का सम्मान नहीं करते, वे स्थलों का विकास नहीं करेंगे

पीएम मोदी ने गुरुवार को छपरा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, वे लोग आस्था स्थलों का विकास नहीं कर सकते। दोनों ने छठी मैया का अपमान किया है।

### ये पंजाब में बिहारियों को घुसने नहीं देंगे...

इंडी गठबंधन के साथी ये लोग बिहार और बिहारियों का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पंजाब के एक मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने एक रैली में खुला ऐलान किया कि बिहार के लोगों को वे अपने राज्य पंजाब में घुसने नहीं देंगे। उस समय मंच पर गांधी परिवार की एक बेटी, खुश होकर तालियां बजा रही थीं।

### उनके कारनामे.. कट्टा, क्रूरता, कटुता कुशासन, करप्शन

मुजफ्फरपुर में उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर निशाना साधा। आरजेडी के शासनकाल को गुंडराज बताते हुए उन्होंने 5 शब्दों में लालू की पार्टी के कारनामों की कथा कही। पीएम ने आरजेडी के शासन को कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन, करप्शन से परिभाषित किया। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए यानी सुशासन, एनडीए यानी जनता की सेवा, एनडीए यानी विकास की गारंटी।

## शाह ने लालू और 'लाल' को ललकारा

## उनके जंगलराज में 32 हजार किडनैपिंग, एनडीए को जिताएं कि इटली तक लग जाए झटका



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रचार के दौरान आरजेडी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लालू और उनकी पत्नी राबड़ी के राज में जंगल राज था। नके राज में 32 हजार किडनैपिंग हुई थीं। इसके अलावा 12 बड़े नरसंहार हुए थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन को हराएं कि इसका झटका इटली तक लगे।

### कांग्रेस ने सरदार पटेल को भुलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

शाह ने कहा कि सरदार पटेल के कारण लक्ष्यद्वीप में तिरंगा फहराया गया। दुर्भाग्य की बात है कि सरदार पटेल के निधन के बाद उन्हें भुलाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत रत्न मिलने में 41 साल की देरी हुई।

नीतीश का विकास रिपोर्ट कार्ड

### पहले फालतू सरकार थी, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर में जनसभा की। नीतीश ने चुनावी माहौल में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और पुराने दौर को याद करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। नीतीश ने अपने भाषण की शुरुआत पुराने बिहार की तस्वीर दिखाकर की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार में बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे। न सड़क थी, न बिजली, न शिक्षा की व्यवस्था। हर तरफ भय और अराजकता का माहौल था। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे।

## इस मर्द से ज्यादा दम उस महिला में था, इंदिरा का जिक्र कर प्रधानमंत्री पर किया हमला

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाने का दावा करके पीएम का 50 बार अपमान किया है,



लेकिन वे'डरपोक' हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। अमेरिका ने नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा, लेकिन इंदिरा गांधी ने साफ जवाब दिया था।

### पीएम मोदी के हाथ में नीतीश का रिमोट कंट्रोल

राहुल ने दावा किया कि पीएम के हाथ में नीतीश जी का रिमोट कंट्रोल है। वह जो बटन दबाते हैं, वही चैनल नीतीश चालू कर देते हैं। नीतीश सरकार नहीं चला रहे हैं। सरकार मोदी जी, अमित शाह और नागपुर चलाते हैं। इससे लोगों को नुकसान होता है। उन्होंने यह दावा फिर किया कि छठ पूजा के लिए दिल्ली में प्रधानमंत्री के लिए यमुना के निकट साफ पानी का एक तलाब बनाया गया था।

### एनडीए ने वोट चोरी करके सरकार बनाई

राहुल ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने वोटों की चोरी करके केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने इस दौरान बिहार में एनडीए के दूसरे दलों पर भी हमला बोला।

### बिहार के अस्पतालों में लोग मरने जा रहे

राहुल गांधी ने नालंदा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सरकार नीतीश कुमार नहीं चला रहे हैं। राहुल ने कहा कि बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं, मरने जाते हैं।

**यहां 'दो तरह के हिंदुस्तान हैं'**


राहुल ने कहा कि दो तरह का हिंदुस्तान है। एक हिंदुस्तान बड़े उद्योगपतियों का है और दूसरा दलितों, अति पिछड़ों, पिछड़ों और गरीबों का है।" उन्होंने दावा किया कि देश में सरकारी संपत्तियों को अंबानी और अडाणी के हवाले कर दिया गया है।

### मोकामा में जन सुराज के कार्यकर्ता की हत्या



पटना से सटे मोकामा में गुरुवार को गोलीबारी हो गई। गोली से जन सुराज के एक समर्थक की मौत हो गई। घटना घोसवरी थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान दुलाल चंद यादव के रूप में की गई है। वे समर्थकों के साथ प्रचार में निकले थे। अनंत सिंह पर आरोप लगाय है।

### भाजपा ने राहुल के खिलाफ की शिकायत



**नई दिल्ली:** बिहार चुनाव के दौरान पीएम मोदी पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने राहुल के बयानों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पीएम को लेकर की गई टिप्पणियां मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के खिलाफ है। आयोग इस मामले में उचित कार्रवाई करे।

---

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की घोषणा कर दी है। आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि फीडबैक, सीबीएसई परीक्षा समितियों की बैठक के सुझावों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

### सरकार की श्रम-रोजगार नीति मनुस्मृति से प्रेरित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की तरफ से जारी 'राष्ट्रीय श्रम एवं रोजगार नीति - श्रम शक्ति नीति 2025' के मसौदे पर कड़ा हमला बोला है। मसौदे में लिखा गया है कि श्रम नीति की प्रेरणा मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति, शुक्रनीति और अर्थशास्त्र से ली गई है।

### अब एम्स के डॉक्टर लिखेंगे हिंदी में पर्चा

**नई दिल्ली।** एम्स में अब डॉक्टर मरीजों के पर्चे हिंदी में लिखेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि डॉक्टरों को डेली के कामकाज में हिंदी का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसा करने से मरीज और उनके परिवार को आसानी होगी।

## चक्रवात मोंथा ने कई शहरों में मचाई तबाही, कई वाहन बह गए

# तेलंगाना के वारंगल और हनमकोंडा कस्बे जलमग्न, सड़कें और रेल यातायात बाधित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से हुई अत्यधिक भारी बारिश के बाद तेलंगाना के वारंगल और हनमकोंडा कस्बे में गुरुवार को पानी भर गया। यह तूफान तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे तेलंगाना पर एक गहरे दबाव के क्षेत्र में कमजोर पड़ गया है। भारी बारिश ने वारंगल, करीमनगर, सिद्दीपेट, नलगोंडा, खम्मम और अन्य जिलों में कहर बरपा दिया। सड़कों और रेल पटरियों के जलमग्न होने से सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ और फसलों को भारी नुकसान हुआ। हनमकोंडा जिले के भीमदेवरापल्ले में बुधवार को सबसे अधिक 41.9 सेमी बारिश दर्ज की गई। तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी के अनुसार, 35 स्थानों पर 20.50 सेमी से अधिक की अत्यधिक भारी बारिश हुई, जबकि 68 स्थानों पर 11.50 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

### करीमनगर, सिद्दीपेट, नलगोंडा, खम्मम और अन्य जिलों में कहर बरपाया

कई रहवासी इलाकों में लोग परेशान

भीमदेवरापल्ले में बुधवार को सबसे अधिक 41.9 सेमी बारिश दर्ज की गई


तेलंगाना। बाढ़ के हालात में जान बचाने की जद्दोजहद में लोग।

### लगभग 45 इलाकों में बाढ़ के हालात

वारंगल और हनमकोंडा को जोड़ने वाली हंटर रोड, बोंधी नदी के उफान पर आने से जलमग्न हो गई, जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। नालों के उफान पर होने के कारण वारंगल-मुलुगु मार्ग पर भी यातायात बाधित रहा। बाढ़ के कारण भद्रकाली मंदिर का सड़क संपर्क भी टूट गया। भद्रकाली झील के उफान पर होने से आसपास की कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। वारंगल की मेयर गुंडू सुधारानी के अनुसार ग्रेटर वारंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) के अंतर्गत आने वाले लगभग 45 इलाकों में बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों से लगभग 1,200 लोगों को सुरक्षित निकालकर पुनर्वास केंद्रों में पहुंचाया गया है।

### राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा की 7 टीमें बचाव में जुटीं

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों वाली सात टीमें बचाव अभियान में लगी हुई हैं। लोगों को बचाने के लिए नावों को भी लगाया गया है। बाढ़ में फंसे लोगों को भोजन, पानी और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### बस बाढ़ के पानी में फंस गई

तालाबों और नालों के उफान पर होने से वारंगल और हनमकोंडा जिलों में स्थिति और बिगड़ गई है। भारी बारिश के बाद हनमकोंडा का बस अड्डा पानी में डूब गया। वारंगल जिले के वर्धन्नापेट मंडल के उपरपल्ली गांव में सड़क परिवहन निगम की एक बस बाढ़ के पानी में फंस गई। वारंगल जा रही बस एक उफनती झील के पानी से सड़क पर पानी भर जाने के बाद फंस गई। हालांकि, यात्री सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।

### सांसद और कलेक्टर ने भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

इस बीच, बंदोबस्ती और वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने वारंगल शहर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने जलमग्न इलाकों में फंसे लोगों से फोन पर बात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद कदियम कविया और वारंगल जिला कलेक्टर सत्य शारदा ने भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। करीमनगर जिले के सैदापुर मंडल में भी भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई। वेंकापल्ली में एक नहर में दरार आने से सड़कों पर पानी भर जाने के कारण मंडल के कुछ गांवों का संपर्क टूट गया है।


### कई कारें बह गईं, 100 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया

खम्मम शहर में मुन्नरू नदी में आई बाढ़ से आसपास की आवासीय बस्तियां जलमग्न हो गईं। बाढ़ में कई कारें बह गईं। लगभग 100 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया। मुन्नरू में जलस्तर 24.7 फीट तक पहुंच गया। अधिकारियों ने तीसरी बार बाढ़ की चेतावनी जारी की है। ऊपरी नदी से भारी जल प्रवाह के कारण जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बाढ़ के पानी ने खम्मम-बोनाकल मार्ग को भी जलमग्न कर दिया है, जिससे वाहनों का आवागमन ठप हो गया है।

## शाह बोले- सरदार पटेल सिर्फ व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा हैं

### अब हर साल 31 अक्टूबर को होगी भव्य 'राष्ट्रीय एकता परेड'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष पर राष्ट्रीय एकता दिवस को इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि अब हर वर्ष 31 अक्टूबर को 'एकता नगर' (केवड़िया, गुजरात) में एक भव्य राष्ट्रीय परेड का आयोजन किया जाएगा, जैसा हर साल गणतंत्र दिवस पर होता है। शाह ने कहा कि सरदार पटेल केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने आज के एकीकृत भारत की नींव रखी। आज़ादी के बाद जब भारत में 562 रियासतें थीं। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में पुलिस कार्रवाई, जूनागढ़ का विलय, भोपाल, काठियावाड़, त्रावणकोर और जोधपुर जैसी रियासतों से जुड़े मुद्दे पटेल ने दृढ़ता से सुलझाए। जब देश में पहला स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा था, तब वे लक्षद्वीप अभियान की निगरानी कर रहे थे।

### केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया नियम

## अब केवल कानूनी पत्नी को ही मिलेगा पारिवारिक पेंशन का हक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




सरकारी कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था को लेकर केंद्र ने एक अहम स्पष्टीकरण जारी किया है। सरकार ने कहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन का अधिकार केवल उसकी 'कानूनी पत्नी' या 'वैध रूप से विवाहित पत्नी' को ही होगा। अगर कर्मचारी ने पहली पत्नी के जिंदा रहते एक से अधिक विवाह किए हैं, तो दूसरी या बाद की पत्नी, जो हिंदू मैरिज एक्ट के तहत कानूनन अवैध विवाह की श्रेणी में आती है, उसे पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। ये कानून हिंदू, सिख, बौद्ध जैन धर्म पर लागू होते हैं।

**क्या कहा गया है नए स्पष्टीकरण में**

केंद्र ने 27 तारीख को जारी एक परिपत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी ने, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन रहते हुए, पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी की है, तो दूसरी शादी अवैध मानी जाएगी। महिला या उसके बच्चों को पेंशन का हक नहीं होगा।

### कानून मंत्री मेघवाल होंगे मुख्य अतिथि

## भारतीय विवाद निपटान केंद्र का 'चौथा आर्बिट्रेशन इन इंडिया कॉन्क्लेव' आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत को 'आर्बिट्रेशन हब' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में इंडियन डिस्प्यूट रिज़ॉल्यूशन सेंटर द्वारा आयोजित 'चौथा आर्बिट्रेशन इन इंडिया कॉन्क्लेव 2025' शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में होगा। इस प्रतिष्ठित कानूनी सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल करेंगे, जबकि समापन सत्र को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन संबोधित करेंगे।

### कई नामचीन हस्तियां उपस्थित रहेंगी

इस अवसर पर देश की न्यायपालिका और विधि समुदाय की कई नामचीन हस्तियां उपस्थित रहेंगी। इनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तेजस करिया, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसडी संजय, सीनियर एडवोकेट अनुराधा दत्त, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, बॉम्बे लॉ चैंबर्स के पार्टनर आयुष अग्रवाल, श्रुति सभरवाल, तथा डीआरएसबी लॉ-चैंबर्स के फाउंडिंग पार्टनर डॉ. शाश्वत बाजपेयी शामिल हैं।

### हरिभूमि और जनता टीवी मीडिया पार्टनर

इस आयोजन के प्रधान शैक्षणिक साझेदार इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च हैं, जो बार काउंसिल ऑफ इंडिया की एक पहल है। कार्यक्रम को बॉम्बे लॉ चैम्बर्स, चार्टर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्बिट्रेटर्स और विएना इंटरनेशनल आर्बिट्रल सेंटर जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों का सहयोग प्राप्त है। मीडिया पार्टनर के रूप में प्रतिष्ठित मीडिया समूह जैसे ज़ी बिज़नेस, लेटस्ट लॉ डॉट कॉम, हरिभूमि, जनता टीवी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्बिट्रेशन व अन्य संस्थान जुड़े हुए हैं।

### रेलमंत्री वैष्णव ने दी मंजूरी, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

## देश के 76 रेलवे स्टेशनों पर बनेंगे यात्री होल्डिंग एरिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया की सफलता के बाद रेलवे अब 76 स्टेशनों पर ऐसी सुविधाएं विकसित करेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। यह फैसला नई दिल्ली स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया की कामयाबी को देखते हुए लिया गया है। इस सुविधा की मदद से नई दिल्ली स्टेशन ने दिवाली और छठ जैसे त्योहारों पर भारी भीड़ को आसानी से संभाला था।

### दिल्ली स्टेशन से मिली सीख, त्योहारों पर भीड़ होगी कम

कई सुविधाएं विकसित होंगी


बैठने के लिए इस तरह की सुविधाएं रेल यात्रियों को प्रदान की जाएंगी।

### ट्रेन का इंतजार करने में नहीं होगी परेशानी

यात्री होल्डिंग एरिया का मतलब है कि यात्रियों के लिए एक खास जगह बनाई जाएगी जहां वे ट्रेन का इंतजार कर सकें। इससे स्टेशन पर भीड़ कम होगी और यात्रियों को आराम मिलेगा। यह एक अच्छी पहल है जिससे रेलवे यात्रा और भी सुविधाजनक हो जाएगी।

**कहां-कहां बनेंगे?**

यात्री होल्डिंग एरिया कुल 16 रेलवे जोनल में बनेंगे। सेंट्रल जोनल रेलवे में 6, ईस्टर्न में 5, ईस्ट सेंट्रल में 6, ईस्ट कोस्ट में 6, नॉर्दन में 12, नॉर्थ सेंट्रल में 4, नॉर्थ ईस्टर्न में 4, नॉर्थईस्ट फ्रंटियर में 2, नॉर्थ वेस्टर्न में 5, साउथर्न में 4, साउथ सेंट्रल में 6, साउथ ईस्टर्न में 3, साउथ ईस्ट सेंट्रल में 1, साउथ वेस्टर्न में 4, वेस्टर्न में 8 और वेस्ट सेंट्रल में 3 होल्डिंग एरिया बनेंगे।

### दिल्ली में 4 महीने में बनाकर तैयार किया

रेल मंत्रालय ने कहा है कि रेल मंत्री ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। यह निर्णय नई दिल्ली स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया की सफलता को देखते हुए लिया गया है। मंत्रालय का लक्ष्य है कि 2026 के त्योहारी सीजन से पहले इन 75 और स्टेशनों पर स्थायी यात्री होल्डिंग एरिया का निर्माण पूरा कर लिया जाए। नई दिल्ली स्टेशन पर यह सुविधा सिर्फ चार महीनों में बनकर तैयार हो गई।

# ट्रंप ने चीन पर टैरिफ 10% घटाया, बदले में सोयाबीन खरीदने को राजी हुए जिनपिंग

एजेंसी ▶▶ सियोल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग छह साल बाद मिले और दोनों की मुलाकात काफी अहम रही। दोनों नेता इससे पहले आखिरी बार 2019 में मिले थे। गुरुवार को उनकी मुलाकात दक्षिण कोरिया के बुसान एयरपोर्ट हुई और दोनों की बैठक 100 मिनट चली। ट्रंप ने चीन पर लगाए गए फेंटानाइल से जुड़े टैरिफ को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

■ चीन और अमेरिका के बीच बुसान एयरपोर्ट पर हुई ट्रेड डील

ट्रंप की टैरिफ कम करने के बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि कई निर्णय लिए गए और दोनों पक्षों ने व्यापार और सहयोग पर महत्वपूर्ण समझौते किए। उन्होंने शी की एक बहुत शक्तिशाली देश के अद्भुत नेता के रूप में प्रशंसा की।

◆ ट्रंप बोले- जिनपिंग शक्तिशाली देश के नेता और सख्त वार्ताकार



बुसान एयरपोर्ट हुई दोनों नेताओं की बैठक 100 मिनट चली

◆ जिनपिंग बोले- दोनों देश बदले की कार्रवाई से बचें

### चीन पर औसत टैरिफ घटकर 47% हुआ

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को बड़ी घोषणा की और कहा कि चीन से आने वाले सामान पर लगने वाला कुल औसत टैरिफ 57% से घटाकर 47% कर दिया गया है। बता दें चीन पर अमेरिका ने औसतन 55% टैरिफ लगा रखा था, जो अगस्त 2025 में बढ़कर औसतन 57% तक पहुंच गया था। हालांकि अब दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद चीन पर औसतन 47% टैरिफ ही लगेगा। ट्रंप ने कहा कि चीन पर लगाए गए फेंटानाइल से जुड़े टैरिफ को 20% से घटाकर 10% किया जा रहा है जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा और मुझे विश्वास है कि शी जिनपिंग अमेरिका में फेंटानिल की वजह से हो रही मौतों को रोकने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।*

### बातचीत जारी रखे अमेरिका

*शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और अमेरिका को क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत जारी रखनी चाहिए और मिलकर ऐसे कदम उठाने चाहिए जो दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद हों। जिनपिंग ने यह भी कहा कि अगले साल जब चीन एपीईसी बैठक की और अमेरिका जी20 सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब दोनों देशों को एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए और मिलकर काम करना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमेरिका और चीन को आपसी सहयोग से मिलने वाले लंबे समय के लाभों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को बदले की कार्रवाई के दुष्चक्र में फंसने से बचना चाहिए।*

### दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति पर सहमति

ट्रंप ने शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद कहा, शी जिनपिंग तो बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। हमने महत्वपूर्ण दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति पर एक साल के समझौते पर सहमति जताई है। सभी दुर्लभ मृदा खनिजों का मामला सुलझ गया है, और यह पूरी दुनिया के लिए है। यह समझौता एक साल के लिए है और इस पर हर साल फिर से बातचीत की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा निर्माण के लिए आवश्यक सामग्रियों तक वैश्विक पहुंच को स्थिर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### चीन और एनवीडिया के बीच होगी बात

ट्रंप ने कहा कि उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत के बाद अब चीन और अमेरिकी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के बीच आगे बात होगी। उन्होंने कहा कि हमने चिप्स पर बात की है। अब चीन एनवीडिया और अन्य कंपनियों से चिप्स खरीदने पर बातचीत करेगा।

### किसी देश को चुनौती देने की कोशिश नहीं की: जिनपिंग

*चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन की आर्थिक वृद्धि से चीन और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि हमने कभी किसी देश को चुनौती देने या उसकी जगह लेने की कोशिश नहीं की।*

### ताइवान और टिकटॉक डील पर बात नहीं

*ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक में ताइवान मुद्दे और टिकटॉक डील को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई। ट्रंप और जिनपिंग की मुलाकात चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर सबसे ज्यादा ट्रेंड करने लगी और इसे करीब 25 करोड़ बार देखा गया।*

## खबर संक्षेप

### जासूस हुसैनी के विदेशी वैज्ञानिकों से संबंध



**नई दिल्ली।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तार मोहम्मद आदिल हुसैनी के विदेशी परमाणु वैज्ञानिक से संबंध का भी पता चला है। अब एजेंसियां जानना चाहती हैं कि उसके पास 10 देशों के मोबाइल फोन के सिम कहां से आए हैं और इनके जरिये पाकिस्तान को उसने क्या-क्या सूचनाएं दी हैं। इसके अलावा आरोपी किन-किन देशों की यात्रा कर चुका है। दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने एक 59 वर्षीय व्यक्ति को जासूसी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने कहा कि आरोपी के संबंध एक विदेशी परमाणु वैज्ञानिक से हैं।

### पुणे में डिजिटल अरेस्ट के शिकार बुजुर्ग की मौत



**पुणे।** पुणे के एक 83 वर्षीय बुजुर्ग की मौत डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनने के लगभग एक महीने बाद हो गई। साइबर पुलिस के अनुसार, पीड़ित रिटायर्ड सरकारी अधिकारी थे, जिनसे धोखेबाजों ने झांसा देकर 1.2 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। यह घटना तब सामने आई जब उनकी पत्नी ने पति की मौत के एक सप्ताह बाद शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में बुजुर्ग को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया।

### आईआईटी ने विकसित की एंड्रोकॉन प्रणाली



**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली की रिसर्च से पता चला है कि मोबाइल एप्स की 'प्रिसाइस लोकेशन परमिशन' से यूजर्स की निजी जानकारी उजागर हो सकती है। यह तक पता लगाया जा सकता है कि यूजर मेट्रो में है या हवाई जहाज में है, अकेला है या भीड़भाड़ में है। आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं ने एंड्रोकॉन नामक एक प्रणाली विकसित की है। यह प्रणाली यह दर्शाती है कि एंड्रॉयड फोन में प्रिसाइज लोकेशन परमिशन पाने वाले एप्स पहले से ही उपलब्ध सूक्ष्म जीपीएस डेटा का उपयोग गुप्त सेंसर की तरह कर सकते हैं।

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी जानकारी

*भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत*

# ईरान के चाबहार पोर्ट पर अमेरिकी प्रतिबंधों में 6 महीने की मिली छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जायसवाल ने कहा कि ईंधन खरीदने का फैसला हमारे 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को देखते हुए लिया जाता है। जो कि ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित है। हमारे निर्णय स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हैं*

अमेरिका और भारत के बीच तनाव कम होता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को बड़ी राहत देते हुए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से 6 महीने की छूट दी है, जिसकी जानकारी विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता में दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार (30 अक्तूबर) को बताया कि अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दे दी है।

यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौता संपन्न करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत जारी हैं और ये चर्चाएं जारी रहेंगी। भारत-अमेरिका के साथ समझौते को पूरा करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) के बयानों को पूरी तरह खारिज करते हैं। ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई हक नहीं है। ओआईसी ने कश्मीर को लेकर बयान दिया था। भारत की कुछ कंपनियों को चीन से रेयर अर्थ मिनरल इंपोर्ट करने के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं।

◀ भारतीय कंपनियों को चीन से मिले दुर्लभ खनिज आयात करने के लाइसेंस

◀ भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर वार्ता जारी, पूरा होने की उम्मीद



विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### पीएम मोदी ने की जापान की नई पीएम से बात

जायसवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान की नई पीएम सनाए तकाइची से बातचीत की और उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, जो हमारे लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी है, यह बहुआयामी है। जहां तक क्वाड का संबंध है, हम इसे चारों साझेदारों के बीच कई क्षेत्रों में साझा हितों पर चर्चा के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में देखते हैं। किसी भी नेता का शिखर सम्मेलन चारों साझेदारों के बीच राजनयिक परामर्श के माध्यम से निर्धारित होता है।

### तेल प्रतिबंधों का अध्ययन कर रहे

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि जहां तक अमेरिका के द्वारा रूस की कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध की बात है, इससे हम पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। ईंधन खरीदने का फैसला हमारे 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को देखते हुए लिया जाता है। जो कि ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित है। हमारे निर्णय स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हैं।*

### अफगानिस्तान के समर्थन में है भारत

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान अफगानिस्तान द्वारा अपने क्षेत्रों पर संप्रभुता के प्रयोग करने से क्रुद्ध है। पाकिस्तान सोचता है कि उसका अधिकार है कि वो सीमा पार आतंकवाद करता रहेगा और दंड मुक्ति के साथ करता रहेगा। जहां तक भारत का सवाल है हम अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अमेरिका ने भेजे 2790 भारतीय

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस साल जनवरी से अब तक 2790 से अधिक भारतीय नागरिक ऐसे हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे अवैध रूप से वहां रह रहे थे और हमने उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की और वे वापस लौट आए। यह बुधवार तक की स्थिति है। ब्रिटेन की ओर से इस साल लगभग 100 भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि के बाद वापस भेजा गया है।*

### » भारत के पास चाबाहार पोर्ट 10 साल लीज पर



ईरान के चाबहार पोर्ट का विहंगम दृश्य

अमेरिकी सरकार ने भारत को ईरान के चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंधों से छह महीने के लिए रियायत दी है। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि वो 29 सितंबर से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा। हालांकि बाद में इस छूट को बढ़ाकर 27 अक्टूबर कर दिया गया था, जिसकी मियाद 3 दिन पहले खत्म हुई थी। अब इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## साइप्रस विदेश मंत्री की जयशंकर से भेंट

# एफटीए का पुरजोर समर्थन भारत-ईयू के बीच बढ़ेंगे संबंध



साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। गुरुवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री कोम्बोस से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि साइप्रस के विदेश मंत्री का स्वागत कर बेहद खुशी हुई। हमने भारत-साइप्रस संयुक्त कार्य योजना 2025-2029 की समीक्षा की, जिस पर जून 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी की साइप्रस यात्रा के दौरान नेताओं ने सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि हमारी चर्चाओं में वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति, हमारे संबंधित क्षेत्रों में विकास और बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग पर भी चर्चा हुई। 2026 में साइप्रस के यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने के साथ, हमें विश्वास है कि भारत-यूरोपीय संघ के संबंध और भी मजबूत होंगे।

### आतंकवाद के रुख पर भारत का समर्थन

वहीं साइप्रस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अप्रैल में हुए आतंकवादी हमलों के बाद भारत के साथ अपने देश की पूर्ण एकजुटता व्यक्त की। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश आतंकवाद और उसे समर्थन या वित्तपोषण करने वालों के प्रति शून्य सहनशीलता का रुख रखते हैं। साइप्रस के विदेश मंत्री ने कहा कि साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत के बीच लंबे समय से चल रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के समापन का पुरजोर समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के सफल समापन से ना केवल यूरोपीय संघ-भारत संबंध मजबूत होंगे, बल्कि भारत और सभी यूरोपीय देशों के लिए अपार आर्थिक अवसर भी खुलेंगे।

### » भारत स्वाभाविक साझेदार

कोम्बोस ने कहा कि हम भारत को एक स्वाभाविक साझेदार और सहयोगी के रूप में देखते हैं। आज, जब भारत एक बढ़ती हुई बहुपक्षीय दुनिया में अग्रणी आवाज के रूप में उभर रहा है, साइप्रस भारत को ना केवल एक पुराने मित्र के रूप में देखता है, बल्कि भविष्य के सहयोग के लिए एक साझेदार के रूप में भी देखता है। दोनों राष्ट्र औपनिवेशिक शासन की हमारी विरासत से प्रभावित होकर, आधुनिक लोकतंत्र के रूप में उभरे हैं, जो स्वतंत्रता, कानून के शासन और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान को महत्व देते हैं।

## डीआरडीओ ने की तैयारी

# गगनयान मिशन के लिए विकसित किए विशेष फूड व पैराशूट सिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की तैयारी में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए विशेष भोजन और पैराशूट सिस्टम विकसित किए हैं।

डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार महानिदेशक डॉ. बी.के. दास ने बताया कि संगठन ने इन तकनीकों का सफल परीक्षण भी पूरा कर लिया है। हमने मिशन के लिए विशेष फूड, पैराशूट सिस्टम और अन्य आवश्यक तकनीकें तैयार की हैं, जिन पर अंतरिक्ष यात्री भरोसा कर सकेंगे। डीआरडीओ और इसरो के बीच कई स्तरों पर सहयोग जारी है। संगठन ने ऐसी कई तकनीकें विकसित की हैं जिनका उपयोग सशस्त्र बलों और अंतरिक्ष मिशनों — दोनों में किया जा सकता है।



गगनयान मिशन के लिए तैयार कैप्सूल

## मलेशिया पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# 12वीं आसियान सम्मेलन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में लेंगे हिस्सा, करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को मलेशिया पहुंचे, जहां वे आगामी दो दिनों तक विभिन्न देशों के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। जहां राजनाथ सिंह रक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे, वहीं वे कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। मलेशिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान-प्लस सदस्य देशों के अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे। वे मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरी आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक शुक्रवार यानी 31 अक्टूबर को आयोजित होगी। यह महत्वपूर्ण बैठक मलेशिया की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में आसियान के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्री मौजूद रहेंगे। इस बैठक का उद्देश्य भारत और आसियान देशों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और सुदृढ़ बनाना है।



रक्षा मंत्री का मलेशिया पहुंचने पर स्वागत

# उपराष्ट्रपति ने थेवर जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के पासुम्पोन गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक अइया पसुम्पोन थिरु मुथुरामलिंगा थेवर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पासुम्पोन थिरू मुथुरामलिंगा थेवर ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने राष्ट्रवाद और अध्यात्म को अपने जीवन का आधार बनाया। वे एक सच्चे देशभक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, निर्भीक योद्धा और गहन विचारक थे। उन्होंने न केवल राजनीति में नैतिकता और सत्यनिष्ठा को अपनाया बल्कि अपने जीवन में त्याग, सादगी और धार्मिक सद्भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। वे एक ऐसे संतपुरुष थे, जिन्होंने आध्यात्मिकता को राजनीति के साथ जोड़ा। वे हमेशा सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द के प्रतीक रहे। उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था।

## भविष्य के युद्ध में भारत को हासिल होगी महारत

# दुश्मन पर कहर बरपाएंगे स्वदेशी स्वार्म ड्रोन, झुंड में 1100 किमी तक करेंगे वार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

झुंड में उड़ान भरने वाले ऐसे दर्जनों ड्रोन के बारे में सोचिए जो एक समन्वित हमले में दुश्मन वायुसेना के अड्डे में घुसकर उसके कमांड सेंटर, रनवे या फ्यूल डिपो में तबाही मचा दें। देश में ऐसी ही शक्तिशाली ड्रोन प्रणाली पर काम शुरू हो रहा है। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए कोलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टारगेट सेचुरेशन-डिस्ट्रक्शन सिस्टम (सीएलआरटीएस/डीएस) की खरीद की अनुमति दी है। अब देश में ही 1,100 किलोमीटर दूर तक वार करने वाले स्वार्म ड्रोन बनाए जाएंगे।

### 80% ड्रोन विस्फोटक वॉरहेड से लैस होंगे



स्वार्म ड्रोन की खरीदी को दी गई है मंजूरी

*न्यूनतम मानवीय दखल और एआई आधारित एल्गोरिदम से संचालित यह प्रणाली जटिल मिशनों को आसानी से अंजाम देगी। इस प्रणाली में लगभग 80 प्रतिशत ड्रोन विस्फोटक वॉरहेड से लैस होंगे, जबकि 20 प्रतिशत का कार्य इंटेलिजेंस और निर्णय लेने का होगा।*

### मिसाइल दागने से सस्ता विकल्प

*सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज के डीजी एयर मार्शल अनिल चोपड़ा ने कहा कि सीएलआरटीएस /डीएस प्रणाली एक बड़ा कदम है। रक्षा में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। विदेश से कोई हथियार प्रणाली खरीदना आसान नहीं है, इसके लिए मोटी कीमत चुकानी पड़ती है।*

## लोकसभा अध्यक्ष ने युवा अधिकारियों को 'सेवा' और 'समर्पण' का मंत्र दिया

बिरला ने आईपीएस में महिला अधिकारियों की बढ़ती संख्या की सराहना की

# कहा, आईपीएस अधिकारियों के कार्य और आचरण संविधान की भावना के अनुरूप होने चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि कानून का शासन और उसका प्रभावी क्रियान्वयन आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए जरूरी है। संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित उद्घाटन के अवसर पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 77वें राष्ट्रीय पुलिस बैच के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।

» ओम बिरला ने आईपीएस प्रशिक्षुओं के प्रशंसा पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया



77वें राष्ट्रीय पुलिस बैच के अधिकारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए

### समाज की बेहतरी के लिए करें काम

बिरला ने सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे सफ़र का हवाला देते हुए समाज की बेहतरी के लिए जनप्रतिनिधियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच घनिष्ठ समन्वय से काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने और क़ानून के शासन को बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को उन समुदायों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखना चाहिए जिनकी वे सेवा करते हैं।

### कानूनों और नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें

बिरला ने कहा कि विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों और नीतियों को युवा सिविल सेवकों द्वारा जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सिविल सेवकों को संविधान की भावना के अनुरूप कर्तव्यों का निर्वहन और आचरण करना चाहिए। युवा आईपीएस अधिकारियों को 'सेवा' और 'समर्पण' का मंत्र देते हुए, बिरला ने उनसे आग्रह किया कि वे अपने काम को केवल एक दायित्व न मानकर, सच्ची सेवा और समर्पण की भावना से अपना कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, समर्पण और देशभक्ति के साथ काम करने वाले अधिकारी जनता का विश्वास और सम्मान पाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने से अद्वितीय उपलब्धि प्राप्त होती है और व्यक्तिगत संतुष्टि का अनुभव होता है।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।



## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *

## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स



**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *

---

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु
रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

---

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।
-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।
-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।
-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177



1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर

---



कहानी
क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अंतरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

---

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

---

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मयंक, गुना



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189





बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।





## खबर संक्षेप



### कनाडा ओपन के अंतिम चार में हारी अनाहत

**टोरंटो।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह के कनाडा ओपन में शानदार अभियान पर विराम लग गया जब वह सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जिना कैनेडी से सीधे गेम में हार गई। सत्रह वर्ष की अनाहत को दुनिया की दसवें नंबर की खिलाड़ी कैनेडी ने 96250 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए सिल्वर टूर्नामेंट में 11 .5, 11 . 8, 12 . 10 से हराया। अनाहत ने प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की मेलिसा अल्वेस को हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी और गत चैम्पियन बेल्जियम की टिन्ने गिलिस को मात दी थी।

### एयर बैडमिंटन विश्व कप शारजाह में 11 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप के पहले टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में 11 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा जिसमें 12 देशों की टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अजरबेजान, हांगकांग,



ब्राजील, इंडोनेशिया, बुल्गारिया, नाइजीरिया, चीन, यूएई, मिस्र और वेनेजुएल ने कड़ी क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने विज्ञप्ति में कहा, ''तीन स्पर्धाओं- पुरुष ट्रिपल, महिला ट्रिपल और टीम रिले- में अधिकतम 96 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।''विज्ञप्ति के अनुसार, ''पुरुष एकल के पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी वोंग विंग की विन्सेंट हांगकांग चीन की रिले टीम का हिस्सा होंगे।''एयर बैडमिंटन इस खेल का नया आउटडोर प्रारूप है जिसमें बैडमिंटन की वैश्विक पहुंच को बढ़ाने की बहुत ज़्यादा क्षमता है।

### पीकेएल के फाइनल में होगी दिल्ली और पुणेरी पल्टन




**नई दिल्ली।** दबंग दिल्ली और पुणेरी पल्टन प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के फाइनल में शुक्रवार को खिताब के लिये त्यागराज इंडोर स्टेडियम में आमने सामने होंगे। दोनों टीमें लीग चरण के बाद शीर्ष दो स्थानों पर रहकर फाइनल में पहुंची है।आठवें सत्र की चैम्पियन दबंग दिल्ली ने पहले क्वालीफायर में टाइब्रेकर में पुणेरी पल्टन को 6 . 4 से हराया था। कप्तान अंशु मलिक और कोच तथा पूर्व कप्तान जोगिंदर नरवाल की दिल्ली टीम ने पूरे सत्र में निर्णायक क्षणों में जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर पुणेरी पल्टन ने दूसरे क्वालीफायर में तेलुगू टाइटंस को हराकर चार सत्रों में तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई।कोच अजय ठाकुर और कप्तान असलम ईनामदार की पुणेरी टीम लीग तालिका में शीर्ष पर रही थी।

### रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैः कोटियन

**बेंगलुरु।** भारत ए के तनुश कोटियान ने कहा कि मुंबई के अनुभवी बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य रहाणे को नेट्स पर गेंदबाजी करने से उनके



ऑफ-स्पिन कौशल को निखारने में मदद मिली। रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोटियान ने चार विकेट लिए जिससे भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले चार दिवसीय मैच के पहले दिन दक्षिण अफ्रीका ए का स्कोर नौ विकेट पर 299 रन कर दिया। कोटियान ने दिन के खेल के बाद कहा, ''मुंबई रणजी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए खेल चुके हैं और वे स्पिन के खिलाफ किसी भी टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

---

भारत का युवा एशियाई खेल में प्रभावशाली प्रदर्शन

# भारत को मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक

एजेंसी ▶▶| बहरीन

भारत ने एशियाई युवा खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के अलावा 'बीच कुश्ती' में भी तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजों खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी ने स्वर्ण पदक जीते जबकि लैंचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस तरह भारत के पदकों की संख्या 41 हो गई जिसमें 12 स्वर्ण, 15 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। सुबह के स्वर्णिम सत्र में खुशी (46 किग्रा) ने चीन की लुओ जिनशियू के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुक्केबाजी में दिन का पहला स्वर्ण जीता। अहाना (50 किग्रा) ने इसके बाद एकतरफा जीत हासिल की जब पहले राउंड में ही दक्षिण कोरिया की मा



जोंग हयांग के खिलाफ रैफरी को मुकाबला रोकने (आरएससी) के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद चंद्रिका (54 किग्रा) ने उज्बकिस्तान की मुहम्मदोवा कुमरिनिसो को 5-0 से हराकर भारत की स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। पदक की गिनती और भी बढ़ सकती है क्योंकि हरनूर कौर (66 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) शाम के सत्र में अपने-अपने वर्ग में फाइनल में हिस्सा लेंगी जिसमें भारत की नजरें स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड बनाने पर है।

लड़कों के फाइनल में लैंचेनबा (50 किग्रा) को कजाखस्तान के नूरमाखान झुमगली के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 'बीच कुश्ती' में सानी सुभाष फुलमाली और अंजलि ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों के 60 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि अर्जुन रुहिल भी लड़कों के 90 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### सुजॉय व रविंदर ने हारे फाइनल मुकाबले

सुजॉय नागनाथ तनपुरे (70 किग्रा) और रविंदर (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हारने के बाद रजत पदक मिला। सानी सुभाष ने फाइनल में ईरान के अमीराली डोमिरकोलाई को 2-0 से हराया जबकि अंजलि ने वियतनाम की बुई एमगोक थाओ थॉम को 2-1 से शिकस्त दी।

**अर्जुन ने 90 किलो में ईरान के फोतउही को हराया:** अर्जुन ने 90 किग्रा वर्ग में ईरान के मोहम्मदमहदी फोतोउही को हराया। सुजॉय ईरान के सिना शोकोउही से 1-2 से हार गए जबकि रविंदर को भी ईरान के ही तौराज खोडेई के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

---

संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी पांच विकेट से करारी शिकस्त

# भारतीय महिला टीम का विश्वकप का सपना बरकरार, टीम पहुंची फाइनल में

एजेंसी ▶▶| नवी

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे। जवाब में भारत के लिए जेमिमा ने शतक लगाया और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 341 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे। जवाब में भारत के लिए जेमिमा ने शतक लगाया और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 341 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### जेमिमा-हरमनप्रीत की शानदार साझेदारी

कप्तान हरमनप्रीत और जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में शानदार बल्लेबाजी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती झटकों के बाद भारत की पारी को संभाला। हरमनप्रीत और जेमिमा के बीच शतकीय साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने नया रिकॉर्ड बना डाला। हरमनप्रीत और जेमिमा के बीच महिला विश्व कप के नॉकआउट मैच में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी हुई। इन दोनों ने शानदार शॉट्स लगाकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। हरमनप्रीत और जेमिमा ने पहले शतकीय साझेदारी पूरी की और फिर महिला विश्व कप के नॉकआउट में भारत के लिए किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बना लिया।



### भारत तीसरी बार फाइनल में

*भारतीय टीम तीसरी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टीम इससे पहले 2005 और 2017 में भी खिताबी मैच में पहुंची थी। भारत ने अब तक कभी विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीती है और अब उसके पास खिताबी सूखा समाप्त करने का अच्छा मौका है। भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया को रोकना आसान नहीं था, लेकिन जेमिमा और हरमनप्रीत ने इसे मुमकिन बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप चरण में भारत को मात दी थी, लेकिन भारत ने उसे सेमीफाइनल में हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया।*

### लिचफील्ड की शानदार बल्लेबाजी

*ऑस्ट्रेलिया ने फोएबे लिचफील्ड के शतक और एलिस पैरी तथा एश्ले गार्डनर के अर्धशतकों की मदद से भारत के सामने 339 रनों का लक्ष्य रखा। ऑस्ट्रेलिया का यह विश्व कप में भारत के खिलाफ पहली पारी में सर्वोच्च स्कोर है। सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए लिचफील्ड ने शानदार बल्लेबाजी की और शतक लगाया। लिचफील्ड और पैरी के बीच दूसरे विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी हुई। लिचफील्ड ने महज 77 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और शानदार उपलब्धि अपने नाम कर ली। लिचफील्ड 22 साल 195 दिन की उम्र में महिला विश्व कप के नॉकआउट में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज बन गई हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के लिए शतक लगाने वाली दूसरी युवा बल्लेबाज हैं।*

### ऑस्ट्रेलिया की पारी

*लिचफील्ड और एलिस पैरी जब तक क्रीज पर थे लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 350 से अधिक जाएगा, लेकिन अमनजोत ने लिचफील्ड को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। लिचफील्ड 119 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद पैरी ने मोर्चा संभाला, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को श्री चरणी ने बेथ मूनी (24) और एनाबेल सदरलैंड (3) के रूप में दो झटके दिए। इसके बाद राधा यादव ने पैरी की पारी का अंत किया जो 77 रन बनाकर आउट हुईं। ताहिला मैक्ग्रा इस मैच में कुछ खास नहीं कर सकीं और 12 रन बनाकर रन आउट हो गईं। लेकिन एश्ले गार्डनर ने अंत में तेज तर्रार पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 300 के पार पहुंचा। गार्डनर 63 रन बनाकर रन आउट हो गईं। दीप्ति शर्मा ने फिर आखिरी ओवर में अलाना किंग (4) और सोफी मोलिन्यूक्स को खाता खोले बिना आउट किया। दीप्ति हैट्रिक पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन किम गार्थ (17) रन आउट हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम पूरे 50 ओवर नहीं खेल सकी। भारत के लिए श्री चरण और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले, जबकि अमनजोत कौर, क्रांति गौड़ और राधा यादव को एक-एक विकेट मिला।*

---

मेलबर्न के एमसीजी मैदान पर दूसरा टी20 मैच आज

# सूर्यकुमार के फॉर्म में लौटने के बाद दूसरे मैच में भारत के हौसले बुलंद



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक एमसीजी मैदान पर होने वाले दूसरे टी20 मैच के लिये यहां बुलंद हौसलों के साथ पहुंच गई है। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और शिवम दुबे अपने आक्रामक खेल से टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के बाद आस्ट्रेलिया पहुंचे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला खामोश रहना चिंता का सबब बना हुआ था। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में हालांकि सूर्यकुमार ने 24 गेंद में 39 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने जोश हेजलवुड को 125 मीटर ऊंचा छक्का लगाया जो लंबे समय तक याद रहेगा। भारतीय टीम लय बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगी। बारिश के कारण हालांकि कैनबरा में दूसरा मैच धुल गया जब भारत ने 9 . 4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाये थे। सूर्यकुमार और शुभमन गिल दोनों आस्ट्रेलियाई आक्रमण की बखिया उधेड़ने को तत्पर लग रहे थे। मेलबर्न में भी शुक्रवार को बारिश होने का अनुमान है हालांकि भारतीय टीम अपनी लय बनाये रखने की पूरी कोशिश करेगी। दूसरे मैच से पहले भारत के लिये अच्छी बात सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना है।

### भारत को 250,260 से अधिक स्कोर बनाना होगा

*विश्व कप से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम से बेखौफ खेल की उम्मीद करते हैं और उसके लिये सूर्यकुमार का फॉर्म अहम होगा। गंभीर चाहते हैं कि उनकी टीम नियमित तौर पर 250, 260 और उससे अधिक स्कोर बनाये। हाल ही में भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन से जाहिर है कि बल्लेबाज गंभीर का फलसफा बखूबी समझ गए हैं।*

### भारत की नजरें विश्वकप खिताब बरकरार रखने पर

*भारत की नजरें श्रीलंका के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारत ने पिछली बार रोहित शर्मा की कप्तानी में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप जीता था। भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन जसप्रीत बुमराह, वरूण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की मौजूदगी में भारत का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है। उन्हें हालांकि मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा जो अतीत में उनके लिये परेशानी का सबब बन चुके हैं।*

---

मैच के दौरान हुए थे घायल

# श्रेयस ने कहा -प्रतिदिन हो रहा है स्वास्थ्य में सुधार



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं और चोट से उबरने की राह पर हैं। श्रेयस को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान एलेक्स कैरी का कैच लपकते समय तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) के साथ पसली में चोट लगी थी।

उन्होंने चोट लगने के बाद पहली बार एक्स और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट में लिखा ,'' मैं रिकवरी की राह पर हूं और प्रतिदिन स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है।'' उन्होंने लिखा ,'' इतनी शुभकामनाओं और समर्थन से मैं अभिभूत हूं। मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद।''श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।

### पीसीबी ने 157 खिलाड़ियों से किए घरेलू करार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को 2025 . 26 सत्र के लिये घरेलू क्रिकेटरों से करार की संख्या बढाकर 131 से 157 कर दी। पीसीबी ने चार



वर्गों में करार किये हैं। बोर्ड ने 30 खिलाड़ियों को ए श्रेणी करार, 55 को बी श्रेणी, 51 को सी श्रेणी और 21 को डी श्रेणी के करार दिये हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा ,'' ये करार पिछले साल के प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दिये गए हैं।'' अधिकारी ने नये करार की रकम नहीं बताई लेकिन पिछले सत्र में पीसीबी ने ए श्रेणी के लिये 550000 पाकिस्तानी रूपये, बी के लिये चार लाख और सी के लिये ढाई लाख तय किये थे। इसके साथ ही अनुबंधित खिलाड़ियों को चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिये दो लाख पाकिस्तानी रूपये , लिस्ट ए मैच के लिये सवा लाख और टी20 मैच के लिये एक लाख पाकिस्तानी रूपये मैच फीस भी दी जा रही थी।

---

# अभिषेक नायर बने नाइट राइडर्स के मुख्य कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बृहस्पतिवार को भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया।



इस तरह वह आईपीएल फ्रेंचाइजी में चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे जिन्होंने तीन सत्र तक यह जिम्मेदारी संभाली थी। नायर 2018 से केकेआर से जुड़े हुए हैं और उनके टीम प्रबंधन के अहम सदस्यों में से एक हैं। टीम चयन के मामले में ड्रेसिंग रूम में उनका काफी दबदबा रहा है। लगभग नौ महीने तक नायर भारतीय टीम में गौतम गंभीर के कोचिंग दल का हिस्सा थे लेकिन भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद उन्हें बिना किसी औपचारिकता के बर्खास्त कर दिया गया और सितांशु कोटक को उनकी जगह दी गई। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने कहा, ''अभिषेक 2018 से नाइट राइडर्स टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर हमारे खिलाड़ियों को तराशा है। खेल के प्रति उनकी समझ और खिलाड़ियों के साथ जुड़ाव हमारी प्रगति में अहम रहा है। हम उन्हें मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालते हुए देखकर काफी उत्साहित हैं।''

# आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर की अभ्यास के दौरान गले पर गेंद लगने से मौत

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन की यहां अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई जिससे 2014 में फिल ह्यूज की मौत की दुखद यादें ताजा हो गईं। आस्टिन को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। बेन फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी। वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

**खेल में फिर सुरक्षा उपकरणों की मांग जोर पकड़ने लगी :** फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने बृहस्पतिवार



को उनकी मौत की पुष्टि की। क्लब ने कहा ,'' हम बेन की मौत से बहुत दुखी हैं। उसके परिवार, दोस्तों और जानने वालों के प्रति हमारी संवेदनायें।''अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था लेकिन 'नेकगार्ड' नहीं। इस हादसे के बाद एक बार फिर हर स्तर पर खेल में सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की मांग जोर पकड़ने लगी है।

**बेन के निधन से परिवार दुखी :** इससे पहले क्रिकेट विक्टोरिया ने बेन के पिता जेस आस्टिन के हवाले से परिवार की ओर से एक बयान जारी किया था। बयान में कहा गया ,'' हम अपने चहेते बेन के निधन से बेहद दुखी हैं। ट्रेसी और मेरे लिये बेन लाड़ला बेटा था और कूपर तथा जाश का चहेता भाई था।

**हादसे ने उसे हमसे छीन लिया :** वह हमारे परिवार और दोस्तों के जीवन का उजाला था। इस हादसे ने उसे हमने छीन लिया। उसे क्रिकेट से प्यार था और यह खेल उसके जीवन की खुशी था। इसमें यह भी कहा गया , हम उस गेंदबाज के भी साथ खड़े हैं जो उस समय नेट्स पर गेंदबाजी कर रहा था।

---

आईटीआईए ने मॉरफिन के इस्तेमाल के लिए किया निलंबित

# डोप टेस्ट में फेल हुए टेनिस खिलाड़ी दलविंदर निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने 2017 के राष्ट्रीय चैंपियन दलविंदर सिंह को प्रतिबंधित पदार्थ मॉरफिन के इस्तेमाल के लिए बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया। अप्रैल 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ 791वीं एकल विश्व रैंकिंग हासिल करने वाले दलविंदर मार्च 2025 में मॉरफिन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। वह उस समय चंडीगढ़ में आईटीएफ विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे।



### खेलने, कोचिंग देने या शामिल होने की स्वीकृति नहीं होगी

आईटीआईए ने विज्ञप्ति ने कहा, ''निलंबन के दौरान दिलविंदर को आईटीआईए (एटीपी, आईटीएफ, डब्ल्यूटीए, टेनिस ऑस्ट्रेलिया, फेडरेशन फ्रांसेइस डि टेनिस, विंबलडन और यूएसटीए) या किसी राष्ट्रीय संघ के सदस्यों द्वारा अधिकृत या मंजूर किसी भी टेनिस प्रतियोगिता में खेलने, कोचिंग देने या शामिल होने की स्वीकृति नहीं होगी।''

### मॉरफिन नियम एस सात के तहत प्रतिबंधित

टीएडीपी के तहत मॉरफिन नारकोटिक्स (2025 विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी प्रतिबंधित सूची के नियम एस सात) के वर्ग में प्रतिबंधित है। आईटीआईए से बातचीत के बाद दलविंदर ने एडीआरवी के सामने माना कि उन्हें लगता है कि मॉरफिन का स्रोत दर्द कम करने वाली दवा थी जो उन्होंने पॉजिटिव परीक्षण वाले दिन ली थी। खिलाड़ी के स्पष्टीकरण के मुताबिक दवा लगभग 12 महीने पहले कलाई की सर्जरी के बाद दी गई थी। हालांकि दलविंदर अपनी बात के समर्थन में और अधिक जानकारी नहीं दे पाए जिसमें कोई पैकेजिंग, रसीदें, प्रिस्क्रिप्शन या ली गई दबाव का नाम शामिल था।

### आईटीआईए के पास साबित करने जरूरी सबूत नहीं था

आईटीआईए के पास यह साबित करने के लिए जरूरी सबूत नहीं था कि दलविंदर ने जानबूझकर टीएडीपी का उल्लंघन किया था। खिलाड़ी पॉजिटिव परीक्षण का स्रोत साबित नहीं कर सका।

**दो साल का निलंबन प्रस्ताव दिया गया था**

नियमों के मुताबिक खिलाड़ी को दो साल के निलंबन का प्रस्ताव दिया गया था जिसे मान लिया गया और यह 22 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया। अयोग्यता का समय 21 अक्टूबर 2027 को खत्म होगा। जिस प्रतियोगिता में दलविंदर का परीक्षण पॉजिटिव आया उसके नतीजे, इनाम की रकम और रैंकिंग अंक भी जब्त कर लिए गए। आईटीआईए एक स्वतंत्र संस्था है




## शाम को विदिशा पहुंचे मुख्यमंत्री सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ, कपिलदेव रहे मौजूद

# सीएम ने खेल स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा कर कहा, विदिशा में अगला चुनाव नगर निगम का होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार देर शाम मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव सांसद महोत्सव का शुभारंभ करने खेल स्टेडियम विदिशा पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

इस अवसर पर संसदीय क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने कहा की विदिशा में अगला चुनाव नगर निगम का ही होगा। इसके लिए किन-किन गांवों का जोड़ा जाना है, उनकी जानकारी दें।


विदिशा में सांसद खेल महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### सलामतपुर-सांची होकर बनेगा विदिशा-भोपाल फोरलेन

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि खेलमंत्री के साथ मिलकर विदिशा में खेल स्टेडियम निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा भोपाल फोरलेन मार्ग के निर्माण का कार्य स्वीकृत किया जाएगा। यह फोरलेन सलामतपुर सांची होकर बनेगा। साथ ही विदिशा अहमदनगर निर्माण सहित अन्य सुझावों को शासन द्वारा स्वीकृति दी जाएगी। खिलाड़ियों और युवाओं के प्रोत्साहन के सभी कार्य होंगे। इस खेल उत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, मलखंभ और अन्य खेलों के शामिल करने के प्रयासों की सराहना की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा नगर निगम के लिए निकटवर्ती ग्रामों को जोड़ने संबंधी अध्ययन और सर्वेक्षण की कार्रवाई की जाएगी। अपने भाषण में सीएम ने कपिल देव से कहा कि हम किसी को छोड़ते नहीं आपको भी नहीं छोड़ेंगे। हरियाणा से आपका भी मौका आएगा।

### विदिशा में एथलेटिक्स सेंटर चालू किया जाएगा: मांडविया

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेल महोत्सव में वर्चुअली शामिल होकर कहा कि खेलों में कोई कभी हारता नहीं है, कोई जीतता है तो कोई सीखता है। खेलों से फिर से जीतने का जज्बा आता है। मुझे खुशी है कि देश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए इतना बड़ा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए कमी नहीं छोड़ी जाएगी। विदिशा में एथलेटिक्स सेंटर चालू किया जाएगा।


विदिशा पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान व पूर्व क्रिकेटर कपिल देव रथ पर निकले। इस दौरान शहरवासियों ने सभी का जोरदार स्वागत किया।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने याद किए वर्ल्ड कप 83 के दिन

केंद्रीय कृषि मंत्री और स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने कहा में 1983 में कॉलेज पढ़ता था। तब सोच नहीं सकते थे कि भारत वर्ल्ड कप जीत सकता है। उन्होंने कहा की कपिल देव ने 175 नॉट आउट की ऐसी पारी खेली की क्रिकेट के इतिहास में अमर हो गए। मुझे याद है कि विलियम रिचर्ड का विकेट झटक कर कपिल देव ने मैच जिताया था। उन्होंने कहा सांसद खेल महोत्सव अपने तरह का अलग कार्यक्रम है और शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सशक्त माध्यम खेल है। उन्होंने कहा कि स्थानीय खेलों को भी महोत्सव में जगह दी गई है। खेल मंत्री से आग्रह करेंगे की केंद्र और राज्य मिलकर विदिशा में खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाए।

#### विजेताओं को पुरस्कार

विधानसभा स्तर पर विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में 1.5 लाख, 1 लाख और 50 हजार रुपए के पुरस्कार मिलेंगे। सांसद स्तरीय प्रतियोगिताओं में 2.5 लाख, 2 लाख और 1.5 लाख रुपए के आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं।

### कभी दिन में खिलाड़ियों के साथ खेलने भी आऊंगा: देव

*भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि दो दिन में मैने इतना कुछ जाना की शब्दों में बयां नहीं कर सकता। छोटे से शहर में इतना बड़ा यह आयोजन यह पिक्चर दिखाता है कि आने वाला फ्यूचर कैसा होगा। इस दौरान कपिल देव जिंदाबाद के नारे लगे तो उन्होंने कहा कि मुझे इलेक्शन नहीं लड़ता है न ही मुझे राजनीति के बारे में पता है। उन्होंने कहा एक बार दिन के समय आऊंगा और खेलने का मौका मिला तो खिलाड़ियों के साथ खेलूंगा। देव ने कहा, विदिशा जैसे छोटे शहर में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। कपिल देव ने सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है और विदिशा के खिलाड़ी और उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं, जो खेल और पढ़ाई दोनों को महत्व देते हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि वे जरूर विदिशा दोबारा आना चाहेंगे।*

---

**समय पर सूचना** न मिलने पर संस्कार भारती विद्यापीठ ने डीईओ को लिखा पत्र

# गुपचुप संपन्न करा दी गई संभागीय पिट्ठू खेल प्रतियोगिता, प्रतिभाशाली रह गए वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष आयोजित संभागीय पिट्ठू प्रतियोगिता इस वर्ष गुपचुप रूप से सम्पन्न कराने से जहां नगर के कई स्कूली योग्य खिलाड़ी वंचित हो गए हैं, वहीं शिक्षा विभाग के संबंधित जिम्मदारों ने उदासीनता और पारदर्शिता को ठेंगा दिखाते हुए स्वदेशी खेलों को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया है।

इस बात को लेकर स्कूली खिलाड़ियों में घोर निराशा और रोष व्याप्त है। वहीं संस्कार भारती विद्यापीठ के सचिव शांतनु शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक पत्र लिखकर पूरी अनियमितता की शिकायत की है। शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष संभागीय पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें नगर के सभी स्कूलों और अन्य संभाग के खिलाड़ियों में इस स्वदेशी खेल में उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

लेकिन इस वर्ष जिम्मेदार अधिकारियों ने इस प्रतियोगिता के लिए अत्यंत गोपनीयता बरतते हुए शालाओं में में इसके लिए कोई पूर्व सूचना और संभागीय टीम चयन की कोई भी जानकारी स्कूलों को नहीं दी और दीपावली के अवकाश का पर्याप्त ध्यान न रखते हुए हुए गुपचुप तरीके से स्कूल विशेष को फायदा पहुंचाने योजना तैयार कर यह प्रतियोगिता सम्पन्न करा ली गई, जो कि नियम विरुद्ध और अत्यन्त आपत्तिजनक है।

### एक घंटे पहले ही दी गई व्हाट्सअप ग्रुप पर सूचना

दरअसल, विभाग की इस प्रक्रिया में संस्कार भारती विद्यापीठ के करीब 4 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होने से वंचित रह गए, इसलिए संबंधित जिम्मेदारों से विद्यापीठ के सचिव शांतनु शर्मा ने कार्रवाई करने की अपील की है ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति अन्य खेल प्रतियोगिता के आयोजन में न होने पाए और नगर के स्कूली खिलाड़ियों को निराश न होना पड़े और स्वदेशी खेलों को जीवित रखते हुए पारदर्शिता और उत्साह के साथ वे इनमें शामिल हो सकें। इसके साथ ही शर्मा का यह भी कहना है कि खिलाड़ियों को उक्त चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मात्र एक घंटे पूर्व ही सभी खिलाड़ियों के व्हाट्सअप ग्रुप पर सूचना दी गई, जिससे दीपावली मनाने जो प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने घर गए हुए थे वे समय पर प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सके और खेल से वंचित रह गए।

---

बीडीसीए स्व. गोविंद नारायण सिंह **'दाऊ साहब'** कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब, अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

# अंकुर अकादमी, अभय गोस्वामी और सिली पॉइंट अकादमी की टीमों ने जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) द्वारा आयोजित स्व. गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहब कप)अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को तीन मैचे खेले गए। इनमें बाबे अली, फ़ेथ क्लब और डीपीएस के मैदान पर मुकाबले हुए। इनमें बाबे अली क्रिकेट मैदान पर सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी और सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। सिली पॉइंट ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी ली।

सेंट माइकल 42.3 ओवर में 103 रन बनाए। इनमें मानवेन्द्र एवं उमेद ने 23-23 रन बनाए। वहीं, सिली पॉइंट के कार्तिकेय ने 4, दिवाकर द्विवेदी ने 3, विवेक ने 2


जय धाकड़, 5 विकेट (अंकुर अकादमी)

### अंकुर ने फ़ेथ क्लब को 63 रन से हराया

टूर्नामेंट का दूसरा मैच फ़ेथ क्रिकेट मैदान पर अंकुर क्रिकेट अकादमी और फ़ेथ क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। फ़ेथ क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ली। अंकुर अकादमी ने 47 ओवर में 111 रन बनाए , जिसमें प्रयाग ने 54 रन ठोके।


मयंक मंडराई, 5 विकेट (अभय गोस्वामी)


कार्तिकेय शर्मा, 4 विकेट (सिली पॉइंट अकादमी)

फ़ैथ क्लब के आर्यवर्धन 3, प्रांजल और राहत ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में फ़ेथ की टीम 33.2 ओवर में 48 रन पर ही ढेर हो गई। फ़ेथ क्लब से अनुयांश ने 19 रन बनाए । अंकुर अकादमी के जय धाकड़ ने 5 एवं अथर्व ने 3 विकेट लिए । इस तरह अंकुर क्रिकेट अकादमी ने फ़ेथ क्लब को 63 रनों से हराया ।

### अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने कैप अकादमी को 106 रनों से हराया

टूर्नामेंट का तीसरा मैच डीपीएस मैदान पर कैप क्रिकेट अकादमी और अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया, जिसमें अभय गोस्वामी अकादमी ने 48 ओवर में 160 रन बनाए। जिसमें धैर्य तिवारी ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। ऋषभ ने 4 एवं अर्जुन ने 2 विकेट लिए। जवाब में कैप की टीम 28.1 ओवर में 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,जिसमें देव और उदित ने 14-14 रन बनाए। अभय गोस्वामी के मयंक मंडराई ने 5,देव बघेल ने 2 विकेट लिए । इस तरह अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने कैप अकादमी को 106 रनों से हराया।

---

## भोपाल

मप्र पुलिस की साइबर अपराधों पर एक और बड़ी सफलता

118 फर्जी एटीएम कार्ड, ठगी की पूरी राशि बरामद

# 2200 किमी पीछाकर यूपी और हरियाणा से पकड़े 4 एटीएम ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजगढ़ जिले की ब्यावरा पुलिस ने साइबर अपराध एवं ऑनलाइन वित्तीय ठगी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। टीम ने लगातार 72 घंटे की मेहनत के बाद 2200 किलोमीटर की यात्रा कर उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा से 4 अंतर्राज्यीय एटीएम ठगों को गिरफ्तार किया।

दरअसल, ब्यावरा के नारायण मोंगिया ने 13 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वे एसबीआई एटीएम से पैसे निकाल रहे थे, तभी दो व्यक्ति आए और एटीएम कार्ड बदलकर 56,000 की राशि निकाल ली। पुलिस टीम ने इस प्रकरण में 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से संदिग्धों की गतिविधियों को ट्रेस किया। लगातार तकनीकी निगरानी, लोकेशन एनालिसिस व फील्ड इंटेलिजेंस के माध्यम से पुलिस टीम यूपी के शामली, गाजियाबाद और हरियाणा के फरीदाबाद तक पहुंची और वहां से गिरोह के चार सदस्य सारिक पिता उमरदीन (30 वर्ष), निवासी खेडा कुर्तान, थाना कांदला, जिला शामली उत्तरप्रदेश, नईम अल्वी पिता मेहरवान (28 वर्ष) निवासी संगम विहार, थाना लोनी जिला गाजियाबाद उत्तरप्रदेश, नियाज पिता इजहार मोहम्मद (27 वर्ष) निवासी गंगैरू थाना कांदला जिला शामली उत्तरप्रदेश तथा गौरव सरोवा पिता त्रिलोकचंद सरोवा (33 वर्ष), निवासी डवुआ कॉलोनी, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) को गिरफ्तार किया।

### पुलिस टीम ने कार और पूरी राशि बरामद की

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा हाल ही में कई अभियानों में भी सफलताएं दर्ज की गई हैं। जिनमें नरसिंहगढ़ पुलिस ने 3500 किलोमीटर की यात्रा कर पश्चिम बंगाल के मालदा से आपराधिक विश्वासघात के आरोपी को गिरफ्तार किया और लगभग 10 लाख मूल्य का संपूर्ण मशरूका तथा मन्दसौर जिले की भानपुरा पुलिस ने अमानत में खयानत और धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड आरोपी को गिरफ्तार कर 21 चार पहिया वाहन (करीब 1 करोड़ मूल्य), दस्तावेज एवं मोबाइल फोन जब्त किए है, शामिल हैं।

लगभग 2500 धावक लगाएंगे दौड़

# मैराथन दौड़ के चलते आज सुबह से बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को सुबह 8 बजे से मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 2500 धावक पुलिस, विसबल, सीआईएसएफ, पीटीसी से सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव होंगे।

मैराथन दौड़ शौर्य स्मारक से प्रारंभ होकर व्यापम चौराहा से बोर्ड ऑफिस चौराह, डीबी मॉल, एमपीनगर तिराहा, कोर्ट तिराहा, जेल मुख्यालय तिराहा, होम गार्ड टार्निग से सत्कार से अन्दर लाल पारेड मैदान तक। इसके चलते 07:30 बजे से यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

### इस दौरान यह रहेगी व्यवस्था

*कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था ठण्डी सडक के बायी ओर की जावेगी। बसों से आने वाले प्रतिभागिओं को ठण्डी सडक पर उतारने के बाद सभी बसें लाल परेड मैदान में खडी होंगी।*

### यह रहेगा परिवर्तित मार्ग

- *शिवाजी चौराहा से आने वाला समान्य यातायात लिंक रोड नं-1 से अपैक्स बैंक तिराहा होकर आवागमन कर सकेगा।*
- *जीजी ओवर ब्रिज से थाना एमपी नगर की ओर आने वाले वाहन या तो सीधे या गणेष मंदिर से लेफ्ट लेकर मानसरोवार तिराहा, लिंक रोड न-2 एवं 1 का उपयोग कर सकेंगे।*

*पेट्रोल छिड़ककर खुद को लगाई आग, डिप्रेशन में थी*

# पति की हत्या के मामले में पैरोल पर आई पत्नी ने किया आत्मदाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी कॉलोनी करोंद निवासी अन्नू खान (30) ने विगत 24 अक्टूबर को खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। करीब 40 फीसदी जली हालत में महिला को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

गुरुवार 30 अक्टूबर को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। शुरूआती तफ्तीश में खुलासा हुआ है कि अन्नू खान ने अपने पति अनीस खान की हत्या की थी। उसी मामले में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी और केन्द्रीय जेल भोपाल में बंद थी।

दरअसलश पिछले दिनों वह पैरोल पर बाहर आई थी। इसके साथ ही पुलिस का कहना है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। उसका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

छठ पूजा पर हुआ खुलासा, केस दर्ज कर नौकरानी से पूछताछ

# ड्रेसिंग टेबिल की दराज में रखा 3 लाख का ब्रेसलेट चोरी, नौकरानी पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज फेस टू में निजी कॉलेज के कर्मचारी के घर से हीरे जड़ा सोने का ब्रेसलेट चोरी हो गया। ब्रेसलेट की कीमत तीन लाख बताई जा रही है। घटना का खुलासा छठ पूजा पर पहुंचा जब फरियादी की पत्नी को ड्रेसिंग टेबिल की दराज में रखा ब्रेसलेट नहीं मिला।फरियादिया ने साफ सफाई करने वाली अपनी नौकरानी पर संदेह व्यक्त किया है। पुलिस अब नौकरी से पूछताछ कर रही है।

दानिश कुंज फेस-टू कोलार निवासी राहुल सिंह निजी कॉलेज में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी अनीता सिंह (48) ने शिकायत में बताया कि बीती 15 जुलाई शाम उन्होंने अपना हीरे जड़ा ब्रेसलेट ड्रेसिंग टेबिल की दराज में रखा था। उसके बाद उन्होंने दराज से नहीं निकाला। छहपूजा के अवसर पर उन्होंने विगत 25 अक्टूबर की सुबह दराज खोलकर ब्रेसलेट निकालना चाहा लेकिन वहां ब्रेसलेट नहीं मिला। घर में सभी जगहों पर तलाश करने के बाद भी जब ब्रेसलेट नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। अनीता सिंह ने अपने घर में डस्टिंग करने वाली नौकरानी पर संदेह जताया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930